✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गर्मजोशी से मिले

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 108 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 12 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

ब्रिक्स में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अमेरिका-ईरान को संदेश

## समुद्री रास्तों की सुरक्षा और नाविकों की हिफाजत जरूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस वर्ष हम ब्रिक्स के 20 साल मना रहे हैं। 2006 में जब इस समूह की शुरुआत हुई थी तो इसमें केवल चार देश थे। आज ब्रिक्स और ब्रिक्स पार्टनर्स मिलाकर 21 देशों का हमारा परिवार है। पीएम ने कहा कि आज ब्रिक्स के देश, विश्व की 50% पॉपुलेशन, 40% जीडीपी और 25% से अधिक ट्रेड को रिप्रेजेंट करते हैं। इतना ही नहीं इन वर्षों में जहां ग्लोबल जीडीपी करीब 1.5 गुना हुई है, वहीं ब्रिक्स देशों की कंबाइन जीडीपी करीब 4.5 गुना हुई है। यानी ब्रिक्स की इकोनॉमिक स्ट्रैंथ दुनिया की तुलना में करीब दो गुने रफ्तार से बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिक्स देश ग्लोबल इनोवेशन और सॉल्यूशन के महत्वपूर्ण सेंटर्स बन रहे हैं। ग्रासरूट से लेकर फ्रंटियर टेक्नोलॉजी तक हमारे देशों में इनोवेशन की नई संभावनाएं आकार ले रही हैं। ब्रिक्स देशों की बढ़ती



स्केल, स्पीड और ऑप्टिमिज्म हमारे बीच साफ दिखाई दे रही है। भारत में आयोजित ये फोरम अब तक का सबसे बड़ा ब्रिक्स बिजनेश फोरम है। पीएम मोदी ने कहा कि ग्लोबल ट्रेड तभी आगे बढ़ सकता है जब समुद्री रास्ते सुरक्षित हों, सप्लाई रूट खुले हों और समुद्री यात्री सुरक्षित हों। इसलिए भारत नेविगेशन की आजादी और समुद्री यात्रियों की सुरक्षा का पक्का समर्थक है। ब्रिक्स विमेंस विंग्स बिजनेस अलायंस भी हमारे विजन का एक अहम हिस्सा है। हम चाहते हैं कि महिला उद्यमी हमारी विकास यात्रा का नेतृत्व करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता की थीम है, लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण। पिछले 12 वर्षों में भारत ने इस मंत्र को अपनी इकोनॉमिक और ट्रेड पॉलिसिज का आधार बनाया है। लचीलापन की बात करें तो भारत ने एनर्जी से लेकर टेक्नोलॉजी तक सप्लाई चेन को और अधिक डायवर्सिफाइड और रिलायबल बनाया है। इसी का परिणाम है, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी भारत आज ग्रोथ और स्थिरता का भरोसा दे रहा है। उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया में व्यापार बाधाएं बढ़ रहे हैं, तो भारत आर्थिक पुल बना रहा है। 2014 के बाद से हमने दुनिया के करीब 40 देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किए हैं। ब्रिक्स में भी हमारी अप्रोच यही है कि बाधाओं को कम करना और व्यापार के लिए अवसर बढ़ाना है।

## 29 जिलों में 33 करोड़ की लागत से परीक्षा भवन का होगा निर्माण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा राज्य के 29 जिलों में प्रस्तावित वज्रगृह/परीक्षा भवनों के निर्माण कार्य को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इन जिलों में एक से डेढ़ एकड़ भूमि पर वज्रगृह/परीक्षा भवनों के निर्माण के लिए तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन के आधार पर प्रथम चरण में 12 जिलों में प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। वज्रगृह/परीक्षा भवनों के निर्माण से संबंधित आधारभूत संरचना मजबूत होगी तथा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्नपत्र एवं अन्य आवश्यक सामग्री के सुरक्षित भंडारण तथा परीक्षा संचालन की व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सकेगा। यह कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। ज्ञातव्य है कि राज्य के 29 जिलों में प्रस्तावित वज्रगृह/परीक्षा भवनों के निर्माण के लिए लगभग 33.07 करोड़ रुपये की प्राक्कलित राशि का प्रावधान किया गया है। प्रथम चरण में 12 स्थानों पर वज्रगृह/परीक्षा भवन निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इनमें श्री शंकर उच्च माध्यमिक विद्यालय (+2) विद्यालय तकिया, सासाराम (रोहतास), +2 श्री ढ़ेरनाथ महादेव उच्च विद्यालय, शरमा, रामगढ़ चौक, लखीसराय, राजकीय बुनियादी विद्यालय, विष्णुपुर, बेगूसराय, मध्य विद्यालय, बरियारपुर, डुमरा, सीतामढ़ी, पीएम श्री जिला स्कूल, मोतिहारी, पूर्वी चंपारण, आदर्श उच्च विद्यालय, सराय, भगवानपुर, वैशाली, उमवि, रतवार, भभुआ (कैमूर), आरडीएस0 +2 विद्यालय, राजगीर, नालंदा, +2 उच्च विद्यालय, जमुई बाजार, जमुई, दर्शन साह महाविद्यालय, कटिहार, कन्हाई इंटर विद्यालय, नवादा एवं भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा परिसर शामिल है।

### संक्षिप्त समाचार

### ब्रिक्स समिट में छाई मिथिला चित्रकला

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय एवं हस्तकला अकादमी में आयोजित 'मिथिला की लोक परंपरा प्रदर्शनी' ब्रिक्स समिट के दौरान विदेशी मेहमानों के आकर्षण का केंद्र बन गई है। मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी द्वारा आयोजित इस विशेष प्रदर्शनी में 20 से अधिक देशों के 50 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने शिरकत की। विदेशी मेहमानों ने बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक जीवनशैली और मिथिला पेंटिंग की बारीकियों को देखकर उसकी जमकर प्रशंसा की।

### मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत पीजी छात्रों का मानदेय बढ़ा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने राज्य के सरकारी चिकित्सा एवं दंत महाविद्यालयों में पीजी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों के मानदेय में बढ़ोतरी की है। नई व्यवस्था के तहत प्रथम वर्ष के पीजी छात्रों को 92,800, द्वितीय वर्ष के छात्रों को 1,02,000 व तृतीय वर्ष के छात्रों को 1,12,200 प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग ने इससे संबंधित संकल्प जारी कर दिया है। पीजी छात्रों के संशोधित मानदेय की नई दरें 1 जनवरी 2026 से लागू होंगी। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि मानदेय में यह वृद्धि छात्रों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### किसान की गला रेतकर हत्या

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के भटवलिया गांव में गुरुवार देर रात किसान की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। किसान का शव गांव के खेतों में तालाब के पास मिला। मृतक की पहचान जीउत सिंह कुशवाहा के बेटे हरिभजन सिंह कुशवाहा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर औद्योगिक थानाध्यक्ष सुरेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रोसड़ा प्रखंड क्षेत्र में मुरादपुर पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। यहां तेज रफ्तार बुलेट और साइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। हादसे में साइकिल सवार डब्लू कुमार और बुलेट सवार दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र निवासी एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### पेड़ से लटके मिले युवक-युवती के शव

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** हरसिद्धि थाना क्षेत्र के सोनबरसा गिरि टोला सरेह आम के बगीचे में शुक्रवार की सुबह युवक और युवती का पेड़ से लटका हुआ शव मिला है। मृतकों की पहचान हरसिद्धि थाना क्षेत्र के पकड़िया गांव निवासी जोगेंद्र बैठा के पुत्र भोला बैठा और सफीना खातून के रूप में हुई है।

## तालाब में डूबने से दो सहेलियों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के गुरुआ प्रखंड के नवावचक गांव में दो मासूम सहेलियों की मौत ने पूरे इलाके को भावुक कर दिया। अलग-अलग जाति के परिवारों से आने वाली 13 वर्षीय सुप्रिया और सुहानी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इसके बाद दोनों परिवारों ने समाज के लिए मिसाल पेश करते हुए बेटियों को एक ही कब्र में दफन किया। उनकी आखिरी विदाई ने इंसानियत और दोस्ती की ऐसी तस्वीर दिखाई, जिसकी हर ओर चर्चा हो रही है। गुरुआ प्रखंड के नवावचक गांव निवासी मनोज चौधरी की 13 वर्षीय पुत्री सुप्रिया कुमारी और अमरेन्द्र यादव की 13 वर्षीय पुत्री सुहानी कुमारी आपस में गहरी दोस्त थीं। दोनों रोज की तरह स्कूल से पढ़ाई कर घर लौट रही थीं। रास्ते में तालाब के किनारे रुककर दोनों पैर धोने लगीं। इसी दौरान एक बच्ची का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। उसे बचाने के लिए दूसरी सहेली भी पानी में उतर गई लेकिन दोनों पानी में डूब गईं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। काफी प्रयास के बाद दोनों बच्चियों को पानी से बाहर निकाला गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दोनों की मौत की खबर सुनते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पूरे गांव में मातम पसर गया और हर किसी की आंखें नम हो गईं।

## अधीक्षण अभियंता के ठिकानों पर एसयूवी की रेड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में स्पेशल विजिलेंस यूनिट (एसयूवी) ने बड़ी कार्रवाई की है। लघु जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेंद्र कुमार के पांच ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई है। जानकारी के अनुसार एसयूवी की पांच अलग-अलग टीमें एक साथ कार्रवाई कर रही हैं। टीम पटना स्थित लघु जल संसाधन विभाग के दफ्तर में भी पहुंची है। बताया जा रहा है कि राजेंद्र कुमार पर तीन करोड़ रुपए से अधिक की आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है। इनकी पोस्टिंग वर्तमान में लधु जल संसाधन विभाग के छपरा अंचल में अधीक्षण अभियंता के तौर पर है। इनके छपरा स्थित दफ्तर पर भी टीम ने दबिश दी है। जानकारी के मुताबिक हाल ही में राजेंद्र कुमार ने मुंबई के पनवेल इलाके में करीब 75 डिसमिल जमीन खरीदी है जिसकी कीमत करीब 1.75 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। टीम दस्तावेजों की जांच कर रही है। अपर पुलिस महानिदेशक सुधांशु कुमार के अनुसार भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। एसयूवी की शुरुआती जांच में राजेंद्र कुमार के पास तीन करोड़ एक लाख रुपये से ज्यादा की कथित गैरकानूनी संपत्ति मिलने की पुष्टि हुई है।

## होटल कारोबारी के कई ठिकानों पर इडी की दबिश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** बैंक लोन धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने गया के एक होटल ग्रुप पर बड़ी कार्रवाई की है। इडी की टीम ने शुक्रवार को गया और बोधगया में रामनंदी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की। कंपनी के निदेशक अखौरी गोपाल और उनके बेटों निशांत व नितेश से जुड़े परिसरों में भी जांच टीम पहुंची। ईडी की यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की गई है। टीम ने एक साथ कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान दस्तावेज और वित्तीय लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड खंगाले जाने की बात सामने आई है। जांच एजेंसी के अनुसार कंपनी पर बैंकों के कंसोर्टियम से लिए गए करीब 85 करोड़ रुपये के लोन में से लगभग 58 करोड़ रुपये डायवर्ट करने का आरोप है। आरोप है कि यह रकम कथित तौर पर फर्जी या जाली प्रोजेक्ट कंप्लीशन रिपोर्ट के आधार पर प्राप्त की गई थी। ईडी के मुताबिक कंपनी का नियंत्रण अखौरी गोपाल और उनके बेटों निशांत एवं नितेश के पास बताया गया है। लोन के एवज में अखौरी गोपाल और उनके परिवार के सदस्यों की व्यक्तिगत गारंटी भी बैंकों को दी गयी थी। जांच में यह भी सामने आने की बात कही गयी है कि पांच संपत्तियों को टाटा मोटर्स से जुड़े बकाये के खिलाफ गिरवी या मॉर्गेज किया गया था। बाद में इन संपत्तियों को कथित तौर पर कम कीमत पर बेच दिया गया जबकि वे पहले से गिरवी थीं।

## बिहार विधान परिषद चुनाव को लेकर राजद ने जारी की छह उम्मीदवारों की पहली सूची

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान परिषद के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन 2026 के लिए राष्ट्रीय जनता दल ने अपनी पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने फिलहाल आठ में से छह सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम सामने रखे हैं। जारी पत्र पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के हस्ताक्षर हैं। सूची में शिक्षक और स्नातक दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के उम्मीदवार शामिल हैं। राजद ने पटना की दोनों विधान परिषद सीटों के लिए उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. संजीव कुमार सिंह एवं पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी ने दिलीप कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। इन दोनों नामों के ऐलान के साथ पटना में एमएलसी चुनाव को लेकर राजनीतिक मुकाबला और तेज होने की उम्मीद है। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से राजद ने प्रो. जयराम यादव को उम्मीदवार बनाया है। वहीं तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की जिम्मेदारी डॉ. रश्मि विनायक गौतम को दी गई है। इन दोनों सीटों पर भी अब पार्टी का रुख साफ हो गया है। राजद की सूची में कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नितेश कुमार का नाम है। इसके अलावा दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से अनिल कुमार झा को प्रत्याशी घोषित किया गया है। इस तरह राजद ने शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों को मिलाकर छह सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर दिए हैं।

### भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** बरगंज थाना क्षेत्र के कुतुबगंज में अपराधियों ने भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। बदमाशों ने उसके सिर के पास गोली मारी है जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान उमा भूषण तांती के तौर पर की गई है। वह भाजपा में मंडल अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। पुलिस ने बॉडी को मायागंज अस्पताल लाया है, जहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि की। फिलहाल घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि काली पूजा को लेकर उगाही हो रहे चंदा को लेकर विवाद था। इसी विवाद में सिर में गोली मारी गयी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद भाजपा के विधायक रोहित पांडे मौके पर पहुंचे हैं। सूचना के बाद एसडीपीओ सिटी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

## बिहार में सामाजिक विज्ञान शोध को मिलेगा वैश्विक सहयोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शुक्रवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प में स्विट्जरलैंड की प्रतिष्ठित संस्था स्विस नेशनल साइंस फाउंडेशन के पूर्व प्रतिनिधि प्रोफेसर मैक्स बर्गमैन और डा. जीनेथ बर्गमैन और काउंसिल आफ सोशल साइंस रिसर्च के सदस्य सचिव प्रो. धनंजय सिंह तथा विधान पार्षद नीरज कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर स्विस नेशनल साइंस फाउंडेशन और इंडियन काउंसिल आफ सोशल साइंस रिसर्च के प्रतिनिधियों ने बिहार में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को प्रोत्साहित करने तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों में सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने राज्य में शोध संस्कृति को मजबूत बनाने, अकादमिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में नए अनुसंधान अवसर विकसित करने के लिए बिहार सरकार के साथ मिलकर कार्य करने में रुचि दिखाई। स्विस नेशनल साइंस फाउंडेशन वर्तमान में भारत में डिजिटल गवर्नेंस,



स्पेस साइंस, आपदा प्रबंधन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में आइसीएसएसआर के साथ मिलकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में शोध और अनुसंधान की आज के समय में अत्यंत आवश्यकता है। इसके माध्यम से समाज की वास्तविक जरूरतों को समझने, जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से तैयार करने तथा नीति निर्माण को मजबूत आधार प्रदान करने में सहायता मिलती है। मुख्यमंत्री ने दोनों संस्थाओं के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा कि बिहार के शैक्षणिक उन्नयन, कौशल विकास और अनुसंधान संस्कृति को मजबूत बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं एवं विश्वविद्यालयों का सहयोग महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सामाजिक विज्ञान और विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर नई शोध पद्धतियों को विकसित किया जा सकेगा जिससे राज्य के शैक्षणिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने स्विस नेशनल साइंस फाउंडेशन और आइसीएसएसआर को बिहार में शोध एवं शैक्षणिक गतिविधियों के विस्तार के लिए आमंत्रित करते हुए विश्वास जताया कि इस सहयोग से विकसित भारत और समृद्ध बिहार के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि वैश्विक स्तर की संस्थाओं का सहयोग बिहार को प्राप्त होता है तो राज्य में चल रहे शैक्षणिक और अनुसंधान संबंधी प्रयासों के और बेहतर परिणाम सामने आएंगे तथा बिहार पुनः ज्ञान और नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी पहचान को और सशक्त करेगा।



# महाप्रबंधक ने दो सांसदों से की रेल सुविधाओं पर चर्चा

## राजा राम सिंह और विष्णु दयाल राम से मुलाकात, स्टेशन पुनर्विकास कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छिम्पी गर्ग ने शुक्रवार को दानापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अंकोरहा स्टेशन पर काराकाट के सांसद राजा राम सिंह और डाल्टनगंज स्टेशन पर पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम से मुलाकात कर अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में रेल सुविधाओं से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। दोनों सांसदों से रेल सुविधाओं के विस्तार और स्थानीय जरूरतों को लेकर सुझाव एवं मार्गदर्शन भी प्राप्त किए गए। अंकोरहा में महाप्रबंधक ने एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थानीय विद्युत संयंत्र से संबंधित रेल संपर्क तथा कोयला आपूर्ति से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की। महाप्रबंधक ने जहानाबाद स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं और संरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले निर्माण और बेहतर यात्री सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके बाद गया स्टेशन पहुंचकर प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया, नवनिर्मित भवन समेत यात्री सुविधाओं एवं संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने गया स्टेशन पुनर्विकास परियोजना में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन, गुणवत्तापूर्ण कार्य और निर्धारित समय-सीमा में निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने गया जंक्शन से सोन नगर स्टेशन होते हुए गढ़वा रोड तक विंडो ट्रेलिंग के माध्यम से रेलखंड का निरीक्षण किया और संरक्षा, अनुरक्षण एवं रेल परिचालन की स्थिति देखी। धनबाद मंडल के बरवाडीह स्टेशन पर भी रेल परिचालन, सुरक्षा और संरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। स्टेशन पुनर्विकास योजना के तहत स्टेशनों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। इसमें आधुनिक प्रतीक्षालय, बेहतर प्लेटफार्म, सुगम आवागमन, स्वच्छता और आधारभूत संरचना से जुड़े कार्य शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना और धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र अपने-अपने क्षेत्राधिकार में उपस्थित रहे।

# सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने में जुटेगा भाजपा ओबीसी मोर्चा

## 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम, बिहार में तीन करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित कैलाशपति मिश्र सभागार में भाजपा ओबीसी मोर्चा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर तथा मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी 25 वर्षों की जनसेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण की यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। अभियान के तहत 'आशीर्वाद का दिया', 'मेरे सपनों का भारत', 'नमो सेवा–अनकही कहानियां', 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम', 'सेवा की कहानी', 'सेवा ज्योति कलश यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प', 'वडनगर-बनारस सेवा यात्रा', 'सेवा–मेरा योगदान', 'सेवा सेतु अभियान', 'सेवा के रंग–राष्ट्र के संग', 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' और 'सुशासन सेवा संवाद' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 17 सितंबर को शाम सात बजे प्रत्येक घर, विशेषकर लाभार्थी परिवारों के घर दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहा है। प्रचारक के रूप में सेवा के बाद 2001 से मुख्यमंत्री और वर्तमान में प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश का नेतृत्व किया है। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से देश में 25 करोड़ और बिहार में तीन करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य है। कार्यकर्ता 2047 तक विकसित भारत और भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएं। अभियान की तैयारी के लिए 13 सितंबर को पटना के अटल सभागार में राज्य स्तरीय कार्यशाला होगी। बैठक में मुकेश पटेल, अभिषेक यादव, वीरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, संतोष पटेल, संजय निषाद, मुकेश मंडल, शिवपूजन राम, भूपेंद्र यादव, रमन सिंह चंद्रवंशी, अनीता देवी, शिवपूजन कुशवाहा, जज सामंत, प्रदीप कुमार, प्रदीप निषाद, रमन चंद्रवंशी, विकास कुमार शर्मा, करण यादव, संजय चंद्रवंशी, पहलाद कुशवाहा और पवन कुमार सहित दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हिंदी पखवाड़ा पर बाल कवि सम्मेलन का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिंदी पखवाड़ा के उपलक्ष्य में टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में एक विशेष बाल कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। यह साहित्यिक आयोजन विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय राजकुमार भार्गव, जो हिंदी साहित्य एवं प्रकाशन के क्षेत्र में प्रख्यात व्यक्तित्व थे एवं ज्ञानपीठ के टीपू बाबू (त्रिपुरेश्वर पांडे) की पावन स्मृति को समर्पित रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ध्रुव कुमार सिंह तथा प्रसिद्ध लेखिका रेखा भारती मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा हिंदी भाषा एवं साहित्य के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा 3 से कक्षा 9 तक के लगभग 70 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी ओजपूर्ण एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से हिंदी भाषा, साहित्य और काव्य की समृद्ध परंपरा को जीवंत कर दिया।

# विश्व बंधुत्व दिवस पर बी. डी. कॉलेज में भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्वामी विवेकानन्द जी के ऐतिहासिक शिकागो भाषण की स्मृति में मनाए जाने वाले विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आज बी. डी. कॉलेज, पटना के सेमिनार हॉल में भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विवेकानन्द केन्द्र, कन्याकुमारी (पटना शाखा) एवं बी. डी. कॉलेज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य प्रोफेसर दिवाकर प्रसाद, हिंदी विभाग के वरीय प्राध्यापक प्रोफेसर शत्रुधन शरण सिंह, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर लाडली कुमारी, रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विजय सिंह, अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ममता शर्मा, विवेकानंद केंद्र की पटना नगर प्रमुख निर्मला जायसवाल, द्वय-प्रोग्राम पदाधिकारी डॉ. विजय शंकर विक्रम एवं नीतू तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को स्वामी विवेकानन्द के प्रेरणादायी विचारों, भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा तथा उनके विश्वबंधुत्व के संदेश से परिचित कराना रहा। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानन्द का शिकागो भाषण भारतीय संस्कृति की उदारता, सहिष्णुता और समन्वय की भावना का वैश्विक उद्घोष था। उनका संदेश आज भी मानवता, शांति, सद्भाव और सामाजिक समरसता के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन-दर्शन, भारतीय ज्ञान परंपरा, राष्ट्र निर्माण, युवा शक्ति तथा विश्व बंधुत्व जैसे विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम के आयोजन में इतिहास विभाग की प्रिया सोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच स्वामी विवेकानन्द के जीवन एवं दर्शन तथा भारतीय संस्कृति से संबंधित ज्ञान को रोचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से विकसित किया गया।

# सदस्यों एवं पूर्व सदस्यों को मोबाइल ऐप से मिलेंगी जरूरी सुविधाएं

## डॉ. प्रेम कुमार ने सिंगल विंडो सिस्टम विकसित करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा के सदस्यों एवं पूर्व सदस्यों को विभिन्न सुविधाएं और आवश्यक जानकारियां अब मोबाइल ऐप के माध्यम से एक ही मंच पर उपलब्ध कराने की तैयारी है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने इसके लिए मोबाइल ऐप आधारित 'सिंगल विंडो सिस्टम' विकसित करने का निर्देश विधानसभा के प्रभारी सचिव संजय कुमार सिंह को दिया है। ऐप के माध्यम से सदस्यों एवं पूर्व सदस्यों को यात्रा एवं दैनिक भत्ता, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, अतिथि निवास सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। साथ ही संबंधित सुविधाओं के लिए किए गए अनुरोध की अद्यतन स्थिति की जानकारी भी मोबाइल ऐप के माध्यम से मिल सकेगी। अध्यक्ष ने कहा कि तकनीक के प्रभावी उपयोग से विधानसभा सचिवालय की सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और सदस्य-केंद्रित बनाया जाएगा। इसके अलावा विधानसभा सचिवालय द्वारा व्हाट्सएेप और संदेश के माध्यम से भी सदस्यों एवं पूर्व सदस्यों को आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# जूनियर एशिया कप में भारतीय हॉकी का जलवा

## हॉकी टीमों का शानदार प्रदर्शन देश के लिए गर्व : मंत्री श्रवण कुमार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** चीन के मोकी में आयोजित जूनियर एशिया कप हॉकी 2026 में भारतीय पुरुष एवं महिला हॉकी टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का गौरव बढ़ाया। भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम ने सेमीफाइनल में मलेशिया को 3-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया, वहीं भारतीय महिला जूनियर टीम ने क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान को 19-0 के विशाल अंतर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय महिला टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में शुरुआत से ही जबरदस्त आक्रामक हॉकी का प्रदर्शन किया। भारत ने पहले हाफ में ही 10 गोल कर मुकाबले पर पूरी तरह पकड़ बना ली और दूसरे हाफ में नौ और गोल दागते हुए 19-0 से शानदार जीत दर्ज की। इस मुकाबले में भारत की ओर से 13 खिलाड़ियों ने गोल किए, जिसमें पूजा मलिक ने हैट्रिक सहित तीन गोल किए। महिला टीम अब 12 सितंबर को सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी। भारतीय टीम इस प्रतियोगिता में अब तक अजेय है और लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंचने तथा खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। वहीं, भारतीय पुरुष जूनियर टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में मलेशिया को 3-1 से हराकर फाइनल का टिकट पक्का किया। इस शानदार उपलब्धि पर ग्रामीण विकास मंत्री सह अध्यक्ष, हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार श्रवण कुमार ने भारतीय पुरुष एवं महिला जूनियर हॉकी टीम के सभी खिलाड़ियों, मुख्य प्रशिक्षकों, कोचिंग स्टाफ एवं सहयोगी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।
मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जूनियर एशिया कप में भारतीय पुरुष एवं महिला हॉकी टीमों का शानदार प्रदर्शन पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। पाकिस्तान के खिलाफ महिला टीम की 19-0 की ऐतिहासिक जीत और पुरुष टीम का मलेशिया को हराकर फाइनल में पहुंचना भारतीय हॉकी की मजबूत स्थिति को दर्शाता है। हमारी युवा प्रतिभाओं ने अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल कौशल से देश का गौरव बढ़ाया है।

# आरबीआई के उप-गवर्नर ने मल्टी-करेंसी क्षमताओं की शुरुआत की



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आरबीआई के डिप्टी गवर्नर रोहित जैन ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में भारत कनेक्ट पर फॉरेक्स कैटेगरी के लिए मल्टी-करेंसी क्षमताओं की शुरुआत की घोषणा की। यह पहल फिलहाल सॉफ्ट लॉन्च के रूप में की जा रही है। टेस्टिंग चरण के सफलतापूर्वक पूरा होने और उसके आकलन के बाद इस सुविधा को भारत कनेक्ट के अधिक चैनलों और भागीदार बैंकों तक विस्तारित करने का प्रस्ताव है। सीसीआईएल के एमडी नंद किशोर ने कहा कि आज का लॉन्च रिटेल विदेशी मुद्रा सेवाओं को सभी बाजार प्रतिभागियों के लिए अधिक सुलभ, सुविधाजनक और समावेशी बनाने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कई मुद्राओं में एफएक्स-रिटेल प्लेटफॉर्म का विस्तार ग्राहकों को अधिक विकल्प प्रदान करेगा जबकि भारत कनेक्ट के साथ इसका एकीकरण भागीदार संस्थानों के डिजिटल चैनलों के माध्यम से रिटेल फॉरेक्स सेवाओं तक पहुंच को और अधिक आसान बनाएगा।

# तकनीक की रोशनी में मानवता का संदेश देती है डॉ. आनन्द रंजन झा की कविता 'तकनीक का नया उजियारा'

## डिजिटल शिक्षा, कौशल और नवाचार को समावेशी विकास का आधार बनाने पर जोर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** तकनीकी क्रांति ने आज मानव जीवन के लगभग हर क्षेत्र को प्रभावित किया है। मोबाइल, कंप्यूटर, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने शिक्षा, रोजगार, सूचना और संचार के क्षेत्र में नए अवसरों के द्वार खोले हैं। इसी बदलती तकनीकी दुनिया और उसके सामाजिक प्रभावों को केंद्र में रखते हुए डॉ. आनन्द रंजन झा ने अपनी कविता 'तकनीक का नया उजियारा' के माध्यम से तकनीकी विकास के साथ मानवता, जिम्मेदारी और सामाजिक सरोकार को आगे बढ़ाने का संदेश दिया है। सरल, सहज और लयबद्ध भाषा में रची गई यह कविता तकनीक को केवल आधुनिक सुविधा के रूप में नहीं, बल्कि ज्ञान, शिक्षा, विकास और बेहतर भविष्य का माध्यम मानती है। कविता में वर्तमान दौर की सबसे महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धियों में शामिल कृत्रिम बुद्धिमत्ता को भी विशेष स्थान दिया गया है। डॉ. झा का मानना है कि तकनीकी विकास का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचना चाहिए। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को डिजिटल शिक्षा और तकनीकी कौशल से जोड़कर उनके लिए रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के नए अवसर तैयार किए जा सकते हैं। कविता का महत्वपूर्ण पक्ष तकनीक के जिम्मेदार और मानवीय इस्तेमाल पर दिया गया जोर है। डॉ. झा के अनुसार तकनीक का उद्देश्य केवल सुविधाओं का विस्तार नहीं, बल्कि शिक्षा, ज्ञान, कौशल और अवसरों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना होना चाहिए। तकनीकी विकास के साथ मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक जिम्मेदारी को प्राथमिकता देकर ही वास्तविक और समावेशी विकास संभव है।


# बिहार कांग्रेस ने 33 नेताओं को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार कांग्रेस ने पार्टी नेतृत्व के विरोध में नई दिल्ली स्थित एआईसीसी मुख्यालय (इंदिरा भवन) के समीप 8 सितंबर को आयोजित धरना-प्रदर्शन में सक्रिय रूप से शामिल होने के मामले में 33 नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पार्टी की अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ने सभी से 72 घंटे के भीतर जवाब मांगा है। निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलने पर एकतरफा कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। सूची में तीन पूर्व विधायक, पूर्व प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव तथा कई पूर्व जिलाध्यक्ष शामिल हैं। नोटिस पाने वालों में पूर्व विधायक अनिल सिंह (चंडी, नालंदा), पूनम देवी (पटना), मदन मोहन तिवारी, पूर्व प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष जमाल अहमद भल्लू (नालंदा), पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश महासचिव नागेंद्र पासवान विकल (पटना), पूर्व जिलाध्यक्ष शौकत अली (गोपालगंज), विधूशेखर पांडेय (सिवान), भारत भूषण दूबे (बेतिया, पश्चिम चंपारण), सत्येंद्र यादव (मधेपुरा), अनिल सिंहा (अररिया), मृत्युंजय सिंह, शैलेंद्र दूबे और राकेश सिंह पप्पू (सभी औरंगाबाद) शामिल हैं। इसके अलावा वरीय कांग्रेस नेता शशिकांत तिवारी (पटना), मो. इर्फानुल हक (औरंगाबाद), नरेंद्र सिंह अंबा (औरंगाबाद), कामरान शेख (नौतन, पश्चिम चंपारण), विनय शाही (बेतिया), अबूल कलाम जौहरी (बेतिया), धीरेंद्र कुमार सिंह, राजीव कुमार मुन्ना (नालंदा), राज छविराज (पोस्टल पार्क, पटना), रमेश सिंह, अविनाश कुमार सिंह (पटना), शारीफ रंगरेज (पटना सिटी), बुद्धदेव प्रसाद यादव, रियाज अली, ई. युवराज गौरव, उमाशंकर पांडेय (बक्सर), किशोर कुमार (नालंदा), संतोष श्रीवास्तव (सेवादल), मनोज मेहता (पटना सिटी) और मो. मुराद आलम (कुटुंबा, औरंगाबाद) को भी नोटिस दिया गया है। बिहार कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने यह जानकारी दी।

# भारत में 60 प्रतिशत कैंसर मरीज अनियमित जीवनशैली एवं खानपान से हो रहे प्रभावित : डॉ. कुमार प्रभाष

**विनय कुमार**



**पटना।** टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई के मेडिकल ऑकोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. कुमार प्रभाष का मानना है कि भारत में 60 से 70 प्रतिशत कैंसर के मरीज अपने खानपान तथा अनियंत्रित जीवनशैली के कारण इसकी चपेट में आ रहे हैं और इसमें सुधार कर देश में कैंसर के मरीजों की संख्या को कम किया जा सकता है। डॉ. प्रभाष ने आज कहा कि कैंसर की एक बड़ी वजह अनियंत्रित खानपान के साथ शराब और तंबाकू का सेवन तथा शारीरिक निष्क्रियता है। उन्होंने कहा कि भारत में हर साल कैंसर के नए मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर के अनुमान के अनुसार भारत में एक वर्ष में करीब 14 लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं और सभी प्रकार के कैंसर के मरीजों को जोड़ दें तो प्रति एक लाख आबादी पर करीब 100 लोग कैंसर से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि यूरोप की स्थिति भारत से अलग है। वहां प्रति एक लाख आबादी पर करीब 400 कैंसर के मरीज हैं, लेकिन भविष्य में इस बीमारी का खतरा विकासशील देशों में बढ़ने के अनुमान के मद्देनजर भारत को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देशों में आज भी नए चिकित्सा उपकरण और नई दवाइयां बड़ी मात्रा में आयात की जाती है जिससे इस रोग के इलाज की लागत बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में काम करने वाली दवा कंपनियों को प्रोत्साहन देकर देश में ही कैंसर की महत्वपूर्ण दवाइयों के उत्पादन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। डॉ. प्रभाष ने कहा कि भारत और यूरोप की तुलना करते समय आबादी की आयु संरचना को ध्यान में रखना जरूरी है। भारत की आबादी अपेक्षाकृत युवा है जबकि यूरोप में बुजुर्ग आबादी का अनुपात अधिक है। इसलिए केवल कुल मरीजों की संख्या की तुलना करने के बजाय आयु-मानकीकृत दर को देखना अधिक वैज्ञानिक होगा। उन्होंने कहा कि भारत में कैंसर के मामलों में वृद्धि के पीछे जीवनशैली में बदलाव, बढ़ती उम्र, मोटापा, तंबाकू और शराब जैसे जोखिम कारकों के साथ-साथ बेहतर जांच और कैंसर की पहचान की सुविधाओं में सुधार की भी भूमिका है। उन्होंने कैंसर के बढ़ते मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब मुंह के कैंसर, फेफड़े के कैंसर, कोलन कैंसर और पित्ताशय के कैंसर के मामले प्रमुखता से सामने आ रहे हैं जबकि सर्वाइकल कैंसर के मामलों में कमी आ रही है। कैंसर सामान्यतः 50 से 60 वर्ष की उम्र में अधिक देखा जाता है। उन्होंने कहा कि कैंसर केवल बुजुर्गों की बीमारी नहीं है। यह कम उम्र के लोगों और बच्चों में भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि कैंसर के करीब 50 प्रतिशत मामलों के कारण आज भी पूरी तरह ज्ञात नहीं हैं।

# ज्ञान भवन में तीन दिवसीय बिहार पोल्ट्री एवं एक्वा एक्सपो का भव्य समापन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गांधी मैदान स्थित ज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय बिहार पोल्ट्री एवं एक्वा एक्सपो-2026 के चौथे संस्करण का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। कृषिका एवं राइटर्स एंड क्रिएटर्स द्वारा आयोजित इस एक्सपो में देशभर से आई करीब 80 कंपनियों ने 130 स्टॉल के माध्यम से पोल्ट्री एवं एक्वा क्षेत्र से जुड़े आधुनिक उत्पादों, तकनीकों, मशीनरी, उपकरणों और सेवाओं का प्रदर्शन किया। तीन दिनों तक चले इस एक्सपो में बिहार के विभिन्न जिलों से आए किसानों, मुर्गी पालकों, मत्स्य पालकों, पशुपालकों, युवा उद्यमियों और व्यवसायियों ने विशेषज्ञों एवं कंपनियों से संवाद कर आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी प्राप्त की। एक्सपो में पोल्ट्री फार्मिंग, फीड, ब्रीडिंग, हैचरी, पशु स्वास्थ्य, मत्स्य पालन, एक्वाकल्चर, फार्म उपकरण, तकनीकी समाधान सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी और उत्पाद उपलब्ध कराए गए।

# बिहार में पीजी चिकित्सा छात्रों को बड़ी सौगात, मानदेय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी

## बेहतर सुविधाओं के साथ बेहतर मानवबल तैयार करना सरकार की प्राथमिकता : मंत्री निशांत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के सरकारी चिकित्सा एवं दंत महाविद्यालयों में पीजी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों के मानदेय में बिहार सरकार द्वारा महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी संकल्प के अनुसार 1 जनवरी 2026 से पीजी छात्रों के संशोधित मानदेय की नई दरें लागू होंगी। नई व्यवस्था के तहत प्रथम वर्ष के पीजी छात्रों को 92,800, द्वितीय वर्ष के छात्रों को 1,02,000 तथा तृतीय वर्ष के छात्रों को 1,12,200 प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इससे पूर्व पीजी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों को क्रमशः 82,000, 90,200 और 99,220 मानदेय प्रतिमाह दिया जा रहा था। मानदेय में यह वृद्धि राज्य के सरकारी चिकित्सा एवं दंत महाविद्यालयों में पीजी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पीजी छात्रों को उनके प्रशिक्षण एवं सेवाकाल के दौरान बेहतर आर्थिक सहयोग मिलेगा और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन को प्रोत्साहन मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि राज्य में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि पीजी छात्र भविष्य के विशेषज्ञ चिकित्सक हैं और राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। मानदेय में वृद्धि से उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा और चिकित्सा शिक्षा के प्रति बेहतर वातावरण तैयार होगा।

# बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि में विनोबा भावे की जयंती मनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि में भूदान यज्ञ प्रणेता आचार्य विनोबा भावे की 131वीं जयंती मनाई गई। गांधी स्मारक निधि के प्रदेश अध्यक्ष सह ग्राम निर्माण मंडल के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार ने संत विनोबा भावे की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। श्री कुमार ने कहा कि संत विनोबा भावे ने स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ बढ़-चढ़कर कार्य किया। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रथम सत्याग्रही थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भूदान ग्रामदान आंदोलन चलाया जिसमें लाखों गरीबों व भूमिहीनों के बीच भूदान की जमीन को वितरित किया। इस मौके पर समाजसेवी डा. मोखतारुल हक, माखन लाल दास, विनोद चौबे, शिव बालक, उमेश मंडल, मुन्ना झा के अलावा खादी ग्रामोद्योग के अधिकारी महेश पाल ने भाग लिया।

# स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में साहित्योत्सव का आगाज, नन्हे कलाकारों ने बिखेरा हिंदी-संस्कृत का रंग

## साहित्य को जीवन में उतारना ही असली पढ़ाई : विजय प्रकाश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/दानापुर।** दोहों की गूंज, मधुराष्टकम् का सस्वर पाठ और कवि सम्मेलन की तालियों के बीच शुक्रवार को दानापुर स्थित 'स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग' में दो दिवसीय 'साहित्योत्सव' का शुभारंभ हुआ। पहला दिन हिंदी और संस्कृत भाषा एवं साहित्य को समर्पित रहा जिसमें एलकेजी से लेकर कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। समारोह की शुरुआत स्वागत आरती और दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय के चेयरमैन विजय प्रकाश, प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश, विशिष्ट अतिथि पूर्व सीमा शुल्क आयुक्त मिहिर रंजन एवं वंदना रंजन, हिंदी शिक्षिका शिवानी कुमारी व रंजू सिन्हा तथा संस्कृत शिक्षक शिवदानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। अपने संबोधन में विजय प्रकाश ने कहा कि साहित्य पाठ्यक्रम का एक विषय भर नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली शक्ति है। उन्होंने कहा साहित्य के उच्च विचारों को केवल पढ़ लेना पर्याप्त नहीं है, उन्हें आत्मसात कर अपने आचरण में उतारना ही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर बिहार के मठ-मंदिरों में मनेगा दीपोत्सव, होगी विशेष पूजा-अर्चना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आगामी 17 सितंबर को सनातन सम्राट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को बिहार के मठ मंदिरों में दीपोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद कार्यालय में सभी 38 जिला के मठ मंदिरों के प्रमुखों के साथ एक बैठक आयोजित की गई जिसमें इसकी तैयारी को लेकर रूपरेखा तय की गई। इस अवसर पर राज्य के प्रमुख मठ मंदिर धर्मशाला आदि में दीपोत्सव सतनारायण पूजा हनुमान चालीसा पाठ कबीर वाणी पाठ गरीब बच्चों के बीच पाठ सामग्री का वितरण प्रसाद वितरण सहित आदि सामाजिक कार्य करने के लिए मठ मंदिर प्रमुखों को प्रोत्साहित किया गया। इस संबंध में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने कहा कि इस बार बिहार में धार्मिक आस्था, जनसेवा और युवा सहभागिता से जोड़कर मनाने की तैयारी है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन को 'सेवा और संकल्प दिवस' के रूप में मनाने का आह्वान किया है। इसके तहत राज्य के मठ-मंदिरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और देश की सुख-समृद्धि की कामना के लिए विशेष पूजा-अर्चना और सामूहिक प्रार्थना की अपील की जायेगी। वहीं युवाओं से इस अवसर पर किसी एक सामाजिक सेवा कार्य को अपनाकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया गया है। प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि सभी मठ मंदिरों से आग्रह है कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन केवल उत्सव तक सीमित न रहे, बल्कि इसे सेवा, साधना और संकल्प का अवसर बनाया जाए।

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA



"Our goal will be to redefine BRICS as Building Resilience and Innovation for Cooperation and Sustainability. Just as we brought inclusivity to our G-20 Presidency and placed the concerns of the Global South at the forefront of the agenda, similarly, during our Presidency of BRICS, we will advance this forum with a people-centric approach and the spirit of 'Humanity First.'"
- Shri Narendra Modi, Prime Minister

# Shaping an Inclusive Future

BRICS
INDIA 2026

BUILDING FOR RESILIENCE, INNOVATION, COOPERATION AND SUSTAINABILITY

## BRICS SUMMIT

12 - 13 September 2026 New Delhi, India

As BRICS completes twenty years, India's Chairship marks a defining moment. It is uniting emerging and developing economies to build resilient, innovative, sustainable and inclusive societies.

## HIGHLIGHTS

400+ Meetings | 30+ Cities in India | 20+ Ministerials | 10,000+ Participants

www.brics2026.gov.in BRICS2026India brics2026 BricsIndia2026 BRICS India

CBC 14129/13/0023/2627

# देवलाल प्रसाद के श्राद्धकर्म में पहुंचे नीतीश कुमार, परिजनों से मिलकर दी सांत्वना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जदयू कार्यकर्ता सह समाजसेवी देवलाल प्रसाद के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार शुक्रवार को चंडी प्रखंड के गौढ़ापर गांव पहुंचे। उन्होंने देवलाल प्रसाद के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान नीतीश कुमार ने अपने पुराने जदयू कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से भी मुलाकात की। मौके पर हिलसा विधायक प्रेम मुखिया, एमएलसी नीरज कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार समेत बड़ी संख्या में जदयू नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इधर, जदयू का नाम बदलने को लेकर राजद नेता भाई वीरेंद्र के बयान पर एमएलसी नीरज कुमार ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का नाम जनता दल यूनाइटेड है और यूनाइटेड का मतलब ही एकजुटता है। नीतीश कुमार और निशांत कुमार के नेतृत्व में पार्टी मजबूती से चल रही है और इसे कोई खरोंच तक नहीं पहुंचा सकता। जदयू नेताओं ने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि बड़े-बड़े दिग्गजों के पार्टी छोड़ने के बावजूद उनके साथ एक प्रखंड अध्यक्ष तक नहीं गया। नेताओं ने आइआरसीटीसी मामले में लालू यादव और तेजस्वी यादव की कोर्ट में पेशी का जिक्र करते हुए कहा कि दूसरों के टूटने की बात करने वालों को पहले अपने घर की स्थिति देखनी चाहिए। नेताओं ने दावा किया कि तेजप्रताप यादव के राजनीतिक रुख और रोहिणी आचार्य के बयानों से राजद पहले ही राजनीतिक रूप से कमजोर हो चुका है। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने देवलाल प्रसाद को जदयू का समर्पित और तेज-तर्रार कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में काम किया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार हमेशा पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान करते रहे हैं और देवलाल प्रसाद के परिवार के प्रति भी उनकी संवेदनशीलता इसी का प्रमाण है। मौके पर जदयू नेता बबलू कुमार, वरुण कुमार, अनिल मुखिया, अनिल कुमार, प्रेम कुमार, आशीष चंद्रवंशी, वाल्मीकि प्रसाद, रिकी कुमार, मनोज कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# उत्पादन समिति की बैठक में सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान तक पहुंचाने पर जोर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिला परिषद की उत्पादन समिति की बैठक शुक्रवार को जिला परिषद अध्यक्ष के कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कृषि, भूमि विकास, लघु सिंचाई, पशुपालन, डेयरी, कुक्कुट एवं मत्स्य पालन के साथ-साथ खादी, ग्रामीण और कुटीर उद्योगों से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों से योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट ली गई। साथ ही पिछली बैठक की कार्यवाही और उसके अनुपालन की भी समीक्षा की गई। समिति ने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और पात्र लाभार्थियों तक उसका लाभ पहुंचाने को लेकर आवश्यक चर्चा की। उत्पादन समिति के अध्यक्ष निरंजन मालाकार ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी लेना और उसे आम लोगों तक पहुंचाना है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों को भी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं में सब्सिडी भी दी जा रही है और बिहार में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया जा रहा है।वहीं, बैठक में देरी को लेकर अध्यक्ष ने कहा कि पांच साल में अब तक सिर्फ दो बार बैठक हुई है। पिछली बैठकों की कार्यवाही और अनुपालन नहीं होने से विकास कार्य प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार बैठक की प्रोसिडिंग जल्द जारी कराकर उसके अनुपालन पर जोर दिया जाएगा। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष तनुजा कुमारी, जिप सदस्य कौशलेंद्र कुमार, विनोद कुमार और प्रतिनिधि दुर्गा प्रसाद समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# उपाधीक्षक बैठक में व्यस्त, परिजन खुद खींचते रहे स्ट्रेचर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। सदर अस्पताल में शुक्रवार को करीब डेढ़ घंटे तक मरीजों और उनके परिजनों को जांच के लिए स्ट्रेचर उपलब्ध कराने में परेशानी का सामना करना पड़ा। एक्सरे, सीटी स्कैन और पैथोलॉजी जांच के लिए मरीजों को ले जाने के लिए वार्ड बॉय उपलब्ध नहीं होने के कारण परिजनों को ही स्ट्रेचर धक्का देकर जांच केंद्र तक ले जाना पड़ा। अस्पताल की इस व्यवस्था को लेकर मरीजों के परिजनों में नाराजगी दिखी।सबसे अधिक परेशानी ट्रेन की चपेट में आने से जख्मी एकंगरसराय प्रखंड के बड़की धावा गांव निवासी चंचल कुमारी के परिजनों को उठानी पड़ी। सीटी स्कैन के लिए वार्ड बॉय नहीं मिलने पर उसके पिता को खुद स्ट्रेचर खींचकर जांच केंद्र तक जाना पड़ा। जख्मी महिला को स्ट्रेचर पर लेकर जाते पिता का दृश्य अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल खड़े करता नजर आया।इधर, इसी दौरान अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन स्वास्थ्यकर्मियों और वार्ड बॉय के साथ बैठक कर रहे थे। शुक्रवार को इमरजेंसी वार्ड समेत अस्पताल के विभिन्न हिस्सों में जिन कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी, उनके साथ अस्पताल की व्यवस्था को और बेहतर एवं सुचारू बनाने को लेकर चर्चा की जा रही थी।मरीजों के परिजनों का कहना था कि आपात स्थिति वाले वार्ड में तैनात कर्मियों के साथ बैठक जरूरी है, लेकिन इसके लिए मरीजों की तत्काल जरूरतों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। वार्ड बॉय के उपलब्ध नहीं रहने से कई मरीजों को जांच केंद्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी उनके परिजनों को ही उठानी पड़ी। अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक मोहम्मद इमरान ने बताया कि जानकारी मिलते ही दो वार्ड बॉय को इमरजेंसी वार्ड में भेजा गया। अधिकारियों की स्वास्थ्यकर्मियों और वार्ड बॉय के साथ बैठक चल रही थी, जिस कारण कुछ देर के लिए परेशानी हुई। बाद में व्यवस्था सामान्य कर दी गई।

# इआरपी में डिसिटी डेटा की शत-प्रतिशत प्रविष्टि को लेकर विशेष शिविर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नगरनौसा**। ईआरपी में डिसिटी डेटा की शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने को लेकर कॉपरेटिव बैंक चंडी में नगरनौसा प्रखंड के विभिन्न पैक्स समितियों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के माध्यम से संबंधित पैक्स से आवश्यक अभिलेख एवं सूचनाएं प्राप्त कर डेटा प्रविष्टि का कार्य तेजी से पूरा किया जाएगा, ताकि लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में हासिल किया जा सके।इस संबंध में बीसीओ राजीब रंजन तिवारी ने पैक्स अध्यक्षों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पैक्स अध्यक्षों से कहा कि ईआरपी में डिसिटी डेटा की प्रविष्टि का कार्य किसी भी स्थिति में लंबित नहीं रहना चाहिए। सभी संबंधित पैक्स शत-प्रतिशत डेटा प्रविष्टि सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अभिलेख एवं सूचनाएं उपलब्ध कराएं।बीसीओ ने बताया कि विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य डेटा प्रविष्टि के कार्य में आने वाली बाधाओं को दूर करते हुए कार्य में तेजी लाना है। शिविर के दौरान संबंधित पैक्स से आवश्यक कागजात एवं सूचनाएं प्राप्त कर मौके पर ही डेटा प्रविष्टि की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनावश्यक देरी से बचते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस दौरान बैंक प्रबंधक गुड्डु, लेखापाल व्रजेश कुमार, कछियावां पैक्स अध्यक्ष रजनीकान्त कुमार, दामोदरपुर बिनोद कुमार, भुतहाखार, अवरेन्दर प्रसाद, रामपुर, सुबोध कुमार, खजूर, अमन कुमार सहित बैंक कर्मी मौजूद थे।

# डीआरसीसी की टीम ने छात्राओं को बताया योजनाओं का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र की टीम ने एसएस बालिका सेकेंडरी स्कूल, बिहारशरीफ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बिहार सरकार की तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी। कार्यक्रम में कुल 29 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस दौरान बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना और कुशल युवा कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के तहत 20 से 25 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे युवाओं को, जिन्होंने इंटरमीडिएट या स्नातक की पढ़ाई पूरी कर ली है और आगे की पढ़ाई नहीं कर रहे हैं, दो वर्षों तक प्रतिमाह एक हजार रुपये का भत्ता दिए जाने का प्रावधान है।वहीं, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 12वीं उत्तीर्ण इच्छुक छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए चार लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाता है। यह सुविधा बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से प्रदान की जाती है। स्नातक स्तर के लिए आयु सीमा 15 से 25 वर्ष तथा स्नातकोत्तर के लिए 15 से 30 वर्ष निर्धारित है। इसके अलावा कुशल युवा कार्यक्रम के तहत 10वीं उत्तीर्ण 15 से 28 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को 240 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाता है।डीआरसीसी की टीम ने बताया कि इन योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, नालंदा पहुंचकर निशुल्क आवेदन कर सकते हैं और आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन भी करा सकते हैं।

## एक नजर

### सरबहदीह पंचायत में रोगी हितधारक मंच का गठन

**बिहारशरीफ**। सदर प्रखंड की सरबहदीह पंचायत स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सिफार के तकनीकी सहयोग से रोगी हितधारक मंच का गठन किया गया। मंच के गठन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता पंचायत की सरपंच संजू कुमारी ने की। बैठक में जिले में जल्द शुरू होने वाली प्री-टास गतिविधियों को लेकर समुदाय को जागरूक करने और कार्ययोजना पर चर्चा की गई।इस दौरान सरपंच संजू कुमारी ने कहा कि फाइलेरिया को लेकर अभी भी लोगों के बीच कई तरह की भ्रांतियां हैं। मंच के सदस्यों की जिम्मेदारी होगी कि वे समुदाय के बीच जाकर लोगों को फाइलेरिया बीमारी के कारण, बचाव और सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सहित अन्य आवश्यक सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने में मंच की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सीएचओ निशा भारती ने कहा कि रोगी हितधारक मंच स्वास्थ्य विभाग और समुदाय के बीच सेतु का काम करेगा। जिले में जल्द प्री-टास गतिविधियां शुरू की जानी हैं, जिसमें समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने में मंच के सदस्य अहम भूमिका निभाएंगे।बैठक में आशा कार्यकर्ता, जीविका प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविका, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया। सदस्यों ने आगामी गतिविधियों में सक्रिय सहयोग करने और समुदाय को स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूक करने की सहमति जताई।

### समाज की एकता का लिया संकल्प


**राजगीर**। कालीबाड़ी स्थित काली माता मंदिर में महारुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने शामिल होकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवलिंग का जल, दूध, दही, घी और शहद समेत विभिन्न पूजन सामग्रियों से अभिषेक किया गया। अनुष्ठान के बाद विशेष पूजा और आरती हुई। श्रद्धालुओं ने परिवार एवं समाज के सुख-शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। महारुद्राभिषेक का अनुष्ठान आचार्य अभिराज पांडेय, कानपुर से पहुंचे आचार्य दीपक पांडेय, अभिषेक पांडेय, मुन्ना पांडेय और कृष्णदेव पांडेय की देखरेख में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक परिचर्चा भी आयोजित की गई। इसमें समाज की वर्तमान स्थिति, युवाओं की भूमिका और सामाजिक सहभागिता पर विचार-विमर्श हुआ। वक्ताओं ने कहा कि समाज की मजबूती के लिए आपसी संवाद, विश्वास और सहयोग जरूरी है। युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने तथा सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया गया। आयोजक अभिराज कुमार अकेला, राजेन्द्र पांडेय और मुन्ना पांडेय ने कहा कि धार्मिक आयोजन के माध्यम से समाज के लोगों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया है। यजमान रविन्द्र शांडिल्य, अमित आनंद, सुशील उपाध्याय और संजय पांडेय सपत्नीक शामिल हुए। अंत में समाजहित में मिलकर कार्य करने और सामाजिक एकता मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

### दिव्यांग बच्चों की जांच कर दिए जाएंगे दिव्यांग प्रमाण पत्र

**राजगीर**। राजगीर अनुमंडलीय अस्पताल मे दिव्यांग प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी बनाने हेतु कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 60 बच्चे का पंजीकरण किया गया। यह जानकारी अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉक्टर रवि रंजन ने दी उन्होंने बताया कि असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, नालन्दा के ज्ञापांक 2943, के आलोक में दिव्यांग बच्चो को अनुमंडलीय अस्पताल, राजगीर में पूर्वाह्न 10 बजे से 06 से 18 वर्ष के आयु के सभी तरह के दिव्यांग बच्चों का प्रखंड स्तर पर यूडी आईडी एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने का कैंप लगाया गया है। जिसमें दिव्यांग बच्चे भाग लिए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रवि रंजन ने कहा कि प्रखंड के गांव ग्रामीण क्षेत्रों में जहां भी दिव्यांग बच्चे हैं उन्हें चिन्हित कर शिविर में लाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग बच्चों को आर्थिक मदद पहुंचाने के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र होना बहुत जरूरी है। इसलिए कैंप के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का भी काम किया जा रहा है। इस दिव्यांग शिविर में अर्थो के चिकित्सक डॉ प्रेमजीत कुमार, इएनटी डॉक्टर आशुतोष कुमार, डॉक्टर गौरव कुमार, नीतीश कुमार सिंह, सुबोध कुमार, दिनेश चौधरी, उमेश कुमार, जियालाल, रमेश कुमार सहयोग के रूप में लगे रहे।



# जनसुनवाई में 53 परिवादों पर कार्रवाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित किए जाने की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में आज जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन भूमि सुधार उप समाहर्ता, नवादा सदर गौरव शंकर की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों द्वारा कुल 53 शिकायतें दर्ज कराई गईं। भूमि सुधार उप समाहर्ता द्वारा परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं, शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांचोपरांत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।
जनसुनवाई के दौरान थाना नारदीगंज, ग्राम कहुआरा की सोनी देवी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, थाना कौआकोल, ग्राम छबैल बेलदारी के कैलाश चौहान द्वारा विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी), थाना अकबरपुर, ग्राम डरमा की धनमिंता देवी द्वारा नाला निर्माण तथा थाना मुफस्सिल, ग्राम अकौना के धीरज कुमार द्वारा मुआवजा भुगतान से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। भूमि सुधार उप समाहर्ता द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।
इसी क्रम में अनुमंडल कार्यालय, नवादा में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें आमजनों द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को अनुमंडल पदाधिकारी,नवादा सदर अमित अनुराग के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई एवं मामलों के समयबद्ध निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया।

# मिशन शक्ति के तहत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, लोहगरवा में सखी वार्ता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। शुक्रवार को उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, लोहगरवा, प्रखंड-सिरदला, जिला-नवादा में महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति के तहत जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन द्वारा सखी वार्ता का आयोजन किया गया।
सखी वार्ता के दौरान बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण, पॉक्सो अधिनियम, 2012, दहेज प्रथा, लैंगिक हिंसा, राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराध की शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1930, महिला हेल्पलाइन 181 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।
कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं सशक्तीकरण से संबंधित विभिन्न विषयों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन एवं संबंधित कार्यालय द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के हित में उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं एवं सेवाओं के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।
इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं एवं अन्य प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार की हिंसा, शोषण अथवा उत्पीड़न की स्थिति में उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया।

# रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3250 की गवर्नर अनु नारंग का नवादा दौरा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3250 की गवर्नर अनु नारंग अपने नवादा दौरे के दौरान रोटरी क्लब ऑफ नवादा के सदस्यों से मिलीं और क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुए रोटरी क्लब ऑफ नवादा के कार्यों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि रोटरी का मूल उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना और सेवा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। अनु नारंग ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ नवादा द्वारा लगातार समाजहित में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। क्लब की ओर से वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, जरूरतमंद रोगियों को पुष्टाहार वितरण तथा सार्वजनिक स्थलों पर सुविधाओं के विकास जैसे कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से बिहारी घाट पर सुविधाओं को बहाल करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रोटरी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि सेवा की भावना से जुड़े लोगों का वैश्विक मंच है। रोटरी क्लब के सदस्य शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, स्वच्छता, पेयजल, महिला एवं बाल कल्याण तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता जैसे क्षेत्रों में लगातार योगदान दे रहे हैं।

# बैंकों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल से नवादा में 700 करोड़ का कारोबार प्रभावित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर देशभर के बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहे। नवादा में भी पीएनबी, एसबीआई, बैंक ऑफ इंडिया, बिहार ग्रामीण बैंक समेत विभिन्न बैंकों के कर्मियों ने हड़ताल में भाग लिया। बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहने से जिले में करीब 700 करोड़ रुपये का कारोबार प्रभावित होने का अनुमान है। बैंक कर्मियों की प्रमुख मांगों में सप्ताह में पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करना, पीएलआई में असमानता समाप्त करना, अधिकारियों के विभिन्न स्केल में पीएलआई की विसंगतियां दूर करना और पुरानी पेंशन योजना लागू करना शामिल है। यूनियन नेताओं ने कहा कि पांच दिवसीय बैंकिंग लागू करने का आश्वासन लंबे समय से दिया जा रहा है, लेकिन अब तक निर्णय नहीं हुआ है। नवादा बैंकर संगठन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार की अगुवाई में विभिन्न बैंक यूनियनों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने हड़ताल को सफल बनाया। पीएनबी से हरेंद्र कुमार पासवान, राजीव सिन्हा, सुमित कुमार, पिंटू कुमार, किशोर कुमार राम, कार्यानंद प्रसाद, चित्रंजन कुमार, यदुनंदन मिस्त्री एवं प्रशांत कुमार दिवाकर सहित कई कर्मी शामिल रहे। बिहार ग्रामीण बैंक से शशि शेखर, अभिनव किशोर, मोहित, मिथिलेश, अभिजीत झा, एस.पी. सिंह, सुरेंद्र प्रसाद एवं परमेश्वर चौधरी ने सहभागिता निभाई। एसबीआई की विभिन्न शाखाओं से समरजीत सिंह, उपेंद्र कुमार, अमित कुमार पासवान, रवि कुमार, विजय शंकर, सदन प्रसाद, विकास चंद्र, मनोज कुमार, मनीष बाबू, विमला कुमारी, विवेक कुमार, राकेश कुमार एवं उत्तम कुमार सहित अन्य बैंककर्मी शामिल रहे। मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन तेज यूनियन नेताओं ने कहा कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं होने पर 26 से 28 सितंबर तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। इसके बाद भी समाधान नहीं होने पर 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है।

# फरक्का जल संधि के नवीनीकरण के विरोध में जदयू ने उठाई बिहार के हक की आवाज


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। भारत और बांग्लादेश के बीच 12 दिसंबर 1996 को हुई 30 वर्षीय फरक्का जल संधि की अवधि 12 दिसंबर 2026 को समाप्त होने जा रही है। इसको लेकर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने बिहार के जल अधिकारों की रक्षा के लिए मौजूदा स्वरूप में संधि के नवीनीकरण का विरोध किया है। शुक्रवार को नवादा जदयू जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद दांगी के नेतृत्व में प्रेस वार्ता आयोजित कर पार्टी का स्पष्ट रुख सामने रखा गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार को फरक्का जल संधि का मौजूदा स्वरूप में नवीनीकरण किसी भी कीमत पर नहीं करना चाहिए। बिहार के पानी और उसके अधिकार से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि 1996 में जब यह समझौता हुआ, तब बिहार को निर्णय प्रक्रिया में समुचित रूप से शामिल नहीं किया गया था।
जदयू नेताओं ने कहा कि फरक्का बैराज के कारण गाद (सिल्ट) जमा होने से गंगा के प्रवाह और बिहार की बाढ़ की स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बक्सर, भोजपुर, सारण, पटना, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार सहित गंगा किनारे के 12 जिले बाढ़ और जल संकट की समस्या झेलते हैं। पार्टी ने भविष्य की जल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नई व्यवस्था बनाने की मांग की है।
नेताओं के अनुसार, वर्ष 2050 तक बिहार को अतिरिक्त जल की आवश्यकता होगी। इसलिए कृषि, पेयजल, उद्योग और भू-जल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक जल नीति जरूरी है।

### रजौली में भूदान किसान परिषद ने मनाई आचार्य विनोबा भावे की जयंती

**रजौली**। रजौली नगर पंचायत क्षेत्र के महसई मोहल्ला स्थित मथुरासानी कॉलेज के समीप शिव मंदिर परिसर में भूदान किसान परिषद के द्वारा शुक्रवार को भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और भूदान आंदोलन के प्रणेता आचार्य विनोबा भावे की जयंती मनाई गई।कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने आचार्य विनोबा भावे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।इस अवसर पर परिषद के संचालक मिथिलेश चौधरी और अरुण कुमार ने कहा कि आचार्य विनोबा भावे का जन्म 11 सितंबर 1895 को हुआ था। वे प्रसिद्ध गांधीवादी नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और भूदान आंदोलन के सूत्रधार थे। 1940 में जब द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सरकार भारत को जबरन युद्ध में झोंक रही थी, तब उसके विरोध में महात्मा गांधी ने 17 अक्टूबर 1940 को व्यक्तिगत सत्याग्रह शुरू किया था, जिसके पहले सत्याग्रही के रूप में विनोबा भावे को चुना गया था।वक्ताओं ने कहा कि विनोबा जी अपने भाषणों में कहते थे कि नकारात्मक कार्यक्रमों से न तो शांति स्थापित हो सकती है और न ही युद्ध समाप्त हो सकता है। युद्ध रुग्ण मानसिकता का परिणाम है, जिसे खत्म करने के लिए रचनात्मक कार्यक्रमों की जरूरत है।वहीं भूदान परिषद रजौली अंचल के अध्यक्ष मिथिलेश चौधरी ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि बिहार प्रदेश भूदान यज्ञ कमेटी को बहाल किया जाए। जिन भूदान किसानों को पर्चा मिला है, उनका दाखिल-खारिज कर रसीद काटी जाए। उन्होंने कहा कि कई भूदान की जमीन का पर्चा बंटा हुआ है, लेकिन हल सर्वे में वह जमीन बिहार सरकार के नाम दर्ज है, जिसे भूदान यज्ञ कमेटी के नाम दर्ज किया जाए। साथ ही मौजा रजौली टोला, थाना नंबर 184 में जिन पर्चाधारियों की जमाबंदी रद्द कर दी गई है, उसे बहाल कर जीवित किया जाए। इस मौके पर कारू राजवंशी, दीपू राजवंशी, दीपू कुमार, गिरिजा देवी, भोला राजवंशी, उपेंद्र राजवंशी, रामस्वरूप रविदास, नरेश रविदास, गीता देवी सहित दर्जनों भूदान किसान उपस्थित थे।

### सरकारी ड्यूटी बेजार, निजी क्लिनिक गुलजार



**रजौली**। 75 शैय्या अनुमंडलीय अस्पताल में मौसमी बीमारियों के बीच रोजाना सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन ओपीडी के निर्धारित समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक चिकित्सकों की अनुपस्थिति से मरीजों को परेशानी हो रही है। शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे रोस्टर के अनुसार ओपीडी ड्यूटी में तैनात डॉ. श्याम नंदन प्रसाद अस्पताल से करीब 100 मीटर दूर स्थित अपने निजी स्वास्तिक क्लिनिक में मरीजों का इलाज करते मिले। इस दौरान अस्पताल में उनकी कुर्सी खाली थी। ओपीडी में डॉ. श्याम नंदन प्रसाद, डॉ. नीतीश कुमार, डॉ. निवेदिता नंदिनी और डॉ. दिलीप कुमार की ड्यूटी थी। डॉ. दिलीप कुमार पीएचसी में आधिकारिक बैठक में गए थे, जबकि डॉ. श्याम नंदन प्रसाद के निजी क्लिनिक में रहने के कारण ओपीडी का दबाव डॉ. नीतीश कुमार पर रहा। मरीज घंटों कतार में अपनी बारी का इंतजार करते रहे। शिकायत के बाद पत्रकारों ने अस्पताल की खाली कुर्सी और निजी क्लिनिक में इलाज का वीडियो रिकॉर्ड किया। नवादा के सिविल सर्जन बिनोद कुमार चौधरी ने कहा कि ड्यूटी के दौरान निजी क्लिनिक चलाना नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने संबंधित चिकित्सकों से स्पष्टीकरण मांगने और कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसडीओ स्वतंत्र कुमार सुमन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से बात की जा रही है। प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार ने कहा कि वे पीएचसी की स्वास्थ्य संबंधी बैठक में शामिल होने आए हैं और मामले की जानकारी लेंगे।

# पितृपक्ष मेला की तैयारियों का डॉ. प्रेम कुमार ने किया निरीक्षण

## टूटे मुख्य मार्गों की शीघ्र मरम्मत, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश एवं विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला-2026 को लेकर तैयारियों का जायजा लेने के लिए अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को गयाजी टाउन अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश, विद्युत आपूर्ति, सड़क एवं नाली की व्यवस्था सहित पिंडदान स्थलों पर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 25 सितंबर से 11 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले पितृपक्ष मेला के दौरान देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने



कहा कि गयाजी आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु यहां से बेहतर अनुभव लेकर जाए, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ युद्धस्तर पर कार्य करें। निरीक्षण के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने गयाजी टाउन के टूटे हुए मुख्य मार्गों की तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। ऐसे में प्रमुख मार्गों, पिंडदान स्थलों, घाटों और आवागमन वाले रास्तों को पूरी तरह दुरुस्त रखना आवश्यक है। सड़क, नाली, खुले मैनहोल एवं अन्य छोटी-बड़ी कमियों को भी मेला शुरू होने से पहले ठीक करने को कहा। नगर निगम द्वारा पूरे मेला क्षेत्र में व्यापक सफाई व्यवस्था की जा रही है। पितृपक्ष मेला क्षेत्र की सफाई आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराने की प्रक्रिया चल रही है। डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर सफाई व्यवस्था समय पर लागू की जाए। उन्होंने प्रमुख पिंडदान स्थलों, घाटों, तालाबों, धार्मिक स्थलों तथा श्रद्धालुओं के आवागमन वाले मार्गों पर विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुंदर गयाजी देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। पितृपक्ष मेला के दौरान श्रद्धालुओं को 24 घंटे निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए विद्युत विभाग द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। विद्युत अधीक्षण अभियंता श्री संदीप प्रकाश ने बताया कि मेला क्षेत्र में त्वरित शिकायत निवारण एवं विद्युत व्यवस्था की निगरानी के लिए 7 नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। यहां अधिकारियों एवं कर्मियों की तीन पालियों में प्रतिनियुक्ति होगी तथा त्वरित सूचना आदान-प्रदान के लिए वॉकी-टॉकी की व्यवस्था की जा रही है। शहरी क्षेत्र में बंगाली आश्रम से मंदिर तक पेड़ों की छंटाई, शाहमीर तक्या मोड़ से मंदिर तक तारों को व्यवस्थित करने, खुले ट्रांसफॉर्मरों की बैरीकेडिंग तथा नंगे तारों को हटाकर अब तक करीब 9 किलोमीटर कवर एबी केबल बिछाने का कार्य किया गया है। सभी 33 एवं 11 केवी फीडरों का रखरखाव पूरा कर लिया गया है। मेला क्षेत्र में लगभग 8 ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता 200 केवीए से बढ़ाकर 315 केवीए की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में प्रेतशिला पहाड़ी एवं मेला क्षेत्र के चार ट्रांसफॉर्मरों का रखरखाव पूरा कर लिया गया है।

# नहीं हो फरक्का जल संधि का नवीनीकरण : मनोरमा देवी

## जदयू ने चलाया 'नीतीश संवाद' अभियान, गंगा किनारे के 12 जिलों में हो रहा जनजागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** फरक्का (गंगा) जल संधि को बिहार के हितों के खिलाफ बताते हुए जनता दल (यूनाइटेड) ने इसके नवीनीकरण नहीं किए जाने की मांग की है। पार्टी के 'फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद' अभियान के तहत गंगा किनारे बसे बिहार के 12 जिलों बक्सर, भोजपुर, सारण, पटना, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार में जनसंवाद किया जा रहा है। अभियान का शुभारंभ 5 सितंबर को बक्सर से हुआ और समापन कटिहार में होगा, क्योंकि गंगा बिहार में बक्सर से प्रवेश करती है और कटिहार से निकलती है। गया में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य वक्ता विधायक मनोरमा देवी ने संबोधित किया। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने भी संधि के



नवीनीकरण का विरोध किया है। पार्टी के अनुसार 1996 में हुई संधि बिहार के हित में नहीं है। मानसून सत्र में संजय कुमार झा ने राज्यसभा में मांग उठाई कि संधि का नवीनीकरण नहीं हो और कोई नई व्यवस्था बने तो वर्ष 2050 तक बिहार की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाए। पार्टी ने कहा कि शुष्क मौसम में बक्सर के पास गंगा का प्रवाह 400 क्यूमेक तक रहने पर भी फरक्का से बांग्लादेश को 1500 क्यूमेक पानी देना पड़ता है। इससे सिंचाई, पेयजल, उद्योग, आजीविका और युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। पार्टी के अनुसार संधि का 73 प्रतिशत बोझ अकेले बिहार उठा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी फरक्का बराज और संधि से बिहार को हो रहे नुकसान की बात कहते रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष मधुसुदन राय, सोनम दास, पूनम कुशवाहा, राम लखन स्वर्णकार, प्रभात राउत, दिनेश कुमार सिन्हा, कैलाश पासवान, शंभु सिंह, प्रकाश राम पटवा, विनोद यादव, बलिराम चौधरी, गोपाल चंद्रवंशी, अरुण कुमार राव, नंदकिशोर चौधरी और जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा उपस्थित रहे।

# पितृपक्ष मेला के अवसर पर तीर्थयात्रियों के आवासन के लिए व्यापक व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** पितृपक्ष मेला के अवसर पर देश-विदेश से आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों की सुविधा एवं सुगम आवासन को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। तीर्थयात्रियों के लिए कुल 44 आवासन स्थल बनाए गए हैं जहां लगभग 12,070 तीर्थयात्रियों के आवासन की व्यवस्था की गई है। सभी आवासन स्थलों पर तीर्थयात्रियों की सुविधा एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखी गई हैं। इनमें पेयजल, चेंजिंग रूम, शौचालय, स्नानागार, पर्याप्त रोशनी, पंखे तथा महत्वपूर्ण दूरभाष नंबरों से संबंधित आवश्यक साइनेज की व्यवस्था शामिल है। तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवासन स्थलों पर मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए फायर सेफ्टी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# 33 पीएम श्री एवं 29 आदर्श विद्यालय दे रहे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने जिला अतिथि गृह सभागार में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ जिले की शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने विद्यालयों की संख्या, नामांकन, शिक्षकों की उपलब्धता, पीएम श्री एवं आदर्श विद्यालयों तथा आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि गया में 24 प्रखंड, नगर निगम उत्तरी एवं दक्षिणी क्षेत्र, 63.67 प्रतिशत साक्षरता दर, 332 पंचायत और 2,889 राजस्व ग्राम हैं। जिले में 3,449 सरकारी विद्यालयों में करीब 6.61 लाख विद्यार्थी



नामांकित हैं। इनमें 24,386 शिक्षक कार्यरत हैं और छात्र-शिक्षक अनुपात 27:1 है। बीपीएससी टीआरई 1/2/3 के माध्यम से करीब 10,211 शिक्षकों का चयन हुआ है जिनमें एक्सक्लूसिव शिक्षक 7,804, सरकारी शिक्षक 1,641, नियमित शिक्षक 1,499 तथा पीआरआई शिक्षक 3,231 हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 33 पीएम श्री विद्यालय चयनित हैं, जिनमें 31 उच्च विद्यालय और दो मध्य विद्यालय हैं। इसके अलावा 29 सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय संचालित हैं। इनमें आईआईटी-जेईई और नीट की तैयारी के लिए लाइव कक्षाएं, विद्या साथी के माध्यम से 24 घंटे सातों दिन कक्षाएं व डाउट सॉल्विंग, स्मार्ट क्लासरूम, स्मार्ट टीवी, हाई-स्पीड इंटरनेट, डिजिटल उपकरण, विज्ञान प्रयोगशालाएं और डिजिटल पुस्तकालय की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। खेल, संगीत और रचनात्मक गतिविधियों पर भी जोर है। डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को शैक्षणिक गुणवत्ता, आधारभूत संरचना, स्वच्छता, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति की नियमित निगरानी तथा संसाधनों के प्रभावी उपयोग का निर्देश दिया।

# पालकिया-शेरघाटी पुल क्षतिग्रस्त, गैस सप्लाई प्रभावित होने से बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** नगर क्षेत्र के पालकियां-शेरघाटी आवागमन के लिए बनाए गए पुल के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीण कमल किशोर सिंह ने बताया कि घनी आबादी होने के बावजूद अब तक इस पुल का स्थायी निर्माण नहीं कराया गया है। बीते वर्ष आई बाढ़ के कारण पुल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर टूट गया था। इसके बाद तत्काल आवागमन प्रभावित नहीं हो, इसके लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर पुल की मरम्मत कराई गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि मरम्मत के बाद बनाया गया पुल का हिस्सा भी अब काफी कमजोर हो गया है और कभी भी टूट सकता है। पुल की स्थिति खराब होने के कारण भारी वाहनों का आवागमन प्रभावित हो गया है। विशेष रूप से गैस सिलेंडर लेकर आने वाली गाड़ियों के पुल से नहीं गुजर पाने के कारण क्षेत्र में गैस की सप्लाई प्रभावित होने लगी है। इससे लोगों को घरेलू गैस के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# बैंककर्मियों की मांगों को लेकर गयाजी में दिखी एकजुटता

## काम के बढ़ते दबाव से नाराज बैंककर्मी, राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल को गया में व्यापक समर्थन मिला है। बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर हड़ताल में भाग लिया और पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था, बढ़ते कार्य-दबाव, कार्य तनाव तथा बेहतर कार्य-जीवन संतुलन की मांग उठाई है। भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ, गया क्षेत्र के सहायक महासचिव राजीव नयन ने



कहा कि हड़ताल केवल एक दिन काम से विराम नहीं, बल्कि बैंककर्मियों की सामूहिक आवाज है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य पूरा करने, लगातार समीक्षा और बढ़ते कार्यभार का प्रभाव कर्मचारियों के व्यक्तिगत एवं पारिवारिक जीवन पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन अपने सदस्यों के साथ मजबूती से खड़ा है। हड़ताल में राबिन राज, पंकज, मृगांक और रेशु कुमारी सहित 200 से अधिक बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। संगठन के अनुसार 28 से 30 सितंबर तक तीन दिवसीय तथा 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

# धनिया की खेती से आय बढ़ाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** मां तारा नगरी केसपा पंचायत भवन में शुक्रवार को बिहार सरकार के उद्यान विभाग एवं प्रगतिशील एग्री फेड फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में किसान जागरूकता अभियान सह कार्यशाला आयोजित हुई। अध्यक्षता प्रखंड उद्यान पदाधिकारी शुभम कुमारी ने की और संचालन मनीष कुमार ने किया। कार्यशाला में शुभम कुमारी ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए मसाला फसलों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। गया जिले में किसानों को धनिया की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। योजना के तहत प्रति एकड़ आठ हजार रुपये की सहायता दिए जाने की जानकारी दी गई। इसमें दो हजार रुपये के बीज तथा छह हजार रुपये किसानों के खाते में भेजे जाने की बात कही गई। मनीष कुमार ने बताया कि लाव पंचायत के कई किसानों ने योजना के लिए पंजीकरण कराया है। वहीं ग्रामीणों ने योजना को लेकर किसानों की पुरानी समस्याओं और सीमित भूमि का मुद्दा उठाया।

# 'विनोबा भावे के विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया कॉलेज, गया के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 'विनोबा भावे के विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय तिवारी ने की जबकि मंच संचालन लोक प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गया कॉलेज के बर्सर डॉ. मार्कण्डेय पांडे एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा विशिष्ट



अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. मार्कण्डेय पांडे ने अकादमिक संस्थानों में ऐसे व्याख्यानों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। वहीं डॉ. राजेश मिश्र ने विनोबा जी के विचारों को एनएसएस की सेवा भावना से जोड़ा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय डिग्री महाविद्यालय, पकड़ीदयाल (बी.आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर) के प्रभारी प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार कृष्ण ने आचार्य विनोबा भावे के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# विनोबा भावे की जयंती पर सम्मेलन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** संत विनोबा की 131वीं जयंती के अवसर पर कोमल पूजन पब्लिक स्कूल, सिलौंजा के सभागार में लोक समिति और मजदूर-किसान समिति के संयुक्त तत्वावधान में सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष, जमुनालाल बजाज पुरस्कृत गिरिजा सतीश और संचालन राजेन्द्र मांझी ने किया। सम्मेलन में सबसे पहले विनोबा जी के तैल चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने कहा कि विनोबा जी का जन्म आज ही के दिन 11 सितंबर, 1895 को गागोद, कोंकण, महाराष्ट्र में हुआ था । 1916 में वे गांधी जी के संपर्क में आए और तब से गांधी जी के हो गए। स्वतंत्रता आंदोलन में गांधी जी के साथ रहे। कई बार वे जेल गए। गांधी जी का पहला सत्याग्रही बने। उन्होंने कहा कि गांधी जी का रचना और संघर्ष का काम को आगे बढ़ा रहे थे। आजादी के बाद भू-दान आंदोलन आंदोलन चलाया जिससे लाखों एकड़ जमीन दलितों, भूमिहीनों में बांटी गई।

# एम.ए. तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने गया संग्रहालय में किया अभिलेखों का व्यावहारिक अध्ययन एवं संरक्षण प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग के एम.ए. तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने गया संग्रहालय में अभिलेखों के अध्ययन, पठन एवं संरक्षण का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। विभागाध्यक्ष डॉ. अलका मिश्रा के निर्देशन में विभाग में लगातार व्यवहारिक प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐतिहासिक स्रोतों के प्रत्यक्ष अध्ययन के साथ-साथ प्राचीन अभिलेखों के संरक्षण की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक प्रक्रियाओं से परिचित कराना था। प्रशिक्षण के दौरान गया संग्रहालय के निदेशक डॉ. अमित रंजन तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अभिलेखविद् डॉ. राजेश कन्नौजिया ने



विद्यार्थियों को अभिलेखों के ऐतिहासिक महत्व, लिपि एवं भाषा के अध्ययन, अभिलेख-पठन तथा उनके संरक्षण की विभिन्न विधियों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने अभिलेखों को प्रत्यक्ष रूप से देखकर उनके पठन, दस्तावेजीकरण, संरक्षण तथा सुरक्षित रख-रखाव की प्रक्रियाओं को समझा। इस अवसर पर विभाग की ओर से डॉ. जया सिन्हा एवं डॉ. सुरेंद्र पासवान भी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। विभागाध्यक्ष डॉ. अलका मिश्रा ने कहा कि विभाग द्वारा विद्यार्थियों को सैद्धांतिक शिक्षा के साथ व्यावहारिक एवं स्रोत-आधारित प्रशिक्षण देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। ऐसे प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में अभिलेखों एवं पुरातात्विक विरासत के अध्ययन के साथ-साथ उनके संरक्षण के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जिम्मेदारी भी विकसित होगी।


GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD
I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE ENGINEERING ADMISSION COUNSELLING (UGEAC)-2026
for 5-Year full-time Bachelor of Architecture Course

Adv. No.- BCECEB(UGEAC)-2026/10 Dated 11.09.2026

Notice for Round-2 Counselling

Fresh Online Applications are invited from candidates who have appeard in Joint Entrance Examination [JEE (MAIN)]-2026 (Paper-II), conducted by the National Testing Agency (NTA) or NATA-2026 qualified and got valid score for appearing in the Under Graduate Engineering Admission Counselling (UGEAC)-2026 for vacant seat after Round-1 Counselling of First Year of 5-year full-time Bachelor of Architecture Course in Gaya College of Engg., Gaya, Bihar.

2. The online Registration and submission of Application Form / Consent / Willingness will start from **17.09.2026** and close on **21.09.2026 (10.00 pm)**.

3. Detailed Programme/ eligibility criteria for counselling / admission/ Fee payment precedure, instructions and other details are available in the prospectus of UGEAC-2026 and the **related Advertisement No.-BCECEB(UGEAC)-2026/09 dated 11.09.2026 which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

Controller of Examination


# नए राशन कार्ड के आवेदकों और सदस्यों को कराना होगा ई-केवाईसी : आपूर्ति पदाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** नए राशन कार्ड के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों एवं परिवार के सदस्यों को अब ई-केवाईसी कराना अनिवार्य होगा। ई-केवाईसी पूरा होने के बाद ही लंबित राशन कार्ड आवेदनों का सत्यापन कर राशन कार्ड जारी किया जा सकेगा। शेरघाटी अनुमंडल कार्यालय में जिला सहायक आपूर्ति पदाधिकारी शशि भूषण शर्मा ने शुक्रवार को अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों ने नए राशन कार्ड के लिए आवेदन किया है, वे अपने नजदीकी संबंधित जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान पर जाकर अपना एवं परिवार के सदस्यों का ई-केवाईसी करा लें। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी नहीं होने की स्थिति में राशन कार्ड का आवेदन लंबित रह सकता है। ई-केवाईसी पूरा होने के बाद आवेदन का सत्यापन किया जाएगा और पात्र लाभार्थियों को राशन कार्ड का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने सभी संबंधित आवेदकों से समय पर ई-केवाईसी कराने की अपील की।

# प्रधानाध्यापिका प्रतिमा कुमारी के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज गया जी में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय लाव टिकारी की प्रधानाध्यापिका प्रतिमा कुमारी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि प्रतिमा कुमारी एक साहसी प्रतिभावान प्रधानाध्यापिका थी कम समय में ही उन्होंने विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था दुरुस्त करने और विद्यालय को सही ढंग से संचालित करने का कार्य कर रही थी। इनके आकस्मिक निधन से हम सारे विद्यालय परिवार दुखी है। भगवान इन्हें स्वर्ग में स्थान दें और उनके परिवार को सहर्ष धैर्य दें।


JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

TENDER NOTICE

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work:-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 499/PR/JUSNL /2026-27 | Procurement of materials for 400/220/132KV Grid - Sub Station Latehar. | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 16,500/- |
| 2. | 500/PR/JUSNL /2026-27 | Procurement of Hardware line materials and necessary tools and tackles for maintenance work of T/L under Transmission Sub Division Japla. | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 14,500/- |
| 3. | 501/PR/JUSNL /2026-27 | Testing of Power Transformers and EHV circuit breakers at 400/220/132KV Grid-Sub Station Latehar. | Rs. 1476/- (including GST @ 18% | Rs. 19,500/- |

Terms and Conditions :-
1. Start date and time for sale of Tender Documents: - **12.09.2026** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents: - **03.10.2026** at 13:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender: - **03.10.2026** at 17:00 PM.
4. Date and time for opening of tender: - **05.10.2026** at 11:00 AM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of ***Accounts Officer, Transmission Zone-4, Daltonganj*** payable at Daltonganj on any working day under the name of bidder only.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 8271433009.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 389599 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(26-27)#D



नारी एकता जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि.

रजिस्ट्रेशन नंबर - BR/02/02/01/01/01/WO/15/2021
ग्राम - बदरपुर, पोस्ट + थाना कुटुम्बा, प्रखंड कुटुम्बा, औरंगाबाद (बिहार)-824123
Mob-9546167117

पत्रांक :- BRLPS/Kutumba/Nariekta/332/2026-27 — दिनांक :- 11.09.26

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नारी एकता जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि., ग्राम -बदरपुर, पोस्ट + थाना कुटुम्बा, प्रखंड कुटुम्बा, औरंगाबाद (बिहार)-824123 के अंतर्गत **आजीविका सेवा केंद्र** स्थापित होने जा रहा है, जिसकी स्थापना हेतु सम्बंधित मशीनरी की खरीदारी, स्थापना एवं डेमोस्ट्रेशन नारी एकता जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि. के द्वारा की जा रही है सम्बंधित सामग्रियों की विवरणी निम्न प्रकार से प्रदर्शित है।

- दाल मिल- (01 दलहन प्रोसेसिंग यूनिट, क्षमता 80-100 किलोग्राम / घंटा, घटक-क्लीनर, डीहसकर, पौलिसर, ग्रेडर, मोटर पावर-5 H P, उत्पादक चना दाल, अरहर दाल, मुंग दाल इत्यादि ।
- पैकेजिंग सेंटर - एक अर्ध-स्वचालित सीलिंग मशीन (क्षमता प्रतिदिन 400-600 पैकेट एवं सभी IFC उत्पाद पैकेजिंग हेतु), डिजिटल वजन मशीन, साथ में लेबलिंग यूनिट इत्यादि ।

उपरोक्त सामग्रियों की खरीद, अधिष्ठापन एवं डेमोस्ट्रेशन के लिए सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी दर प्रस्तुत करने हेतु निविदा आमंत्रित किया गया है, निविदा निर्गत की दिनांक 11.09.2026, निविदा हेतु प्री-बिड बैठक दिनांक व समय 17.09.2026. साथ हीं जिसकी निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 25.09.2026 को 12:30 बजे अपराहन तक होगी। तथा निविदा खोलने की तिथि 25.09. 2026 01:00 बजे अपराहन होगी।

इस निविदा को नारी एकता जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि., ग्राम-बदरपुर, पोस्ट + थाना कुटुम्बा, प्रखंड कुटुम्बा, औरंगाबाद (बिहार)-824123 के प्रतिनिधि मंडल सदस्यों की उपस्थिति में खोला जाएगा एवं निविदादाता इसमें सहभागिता कर सकते हैं।

इच्छुक रजिस्टर्ड कंपनी / सम्बंधित रजिस्टर्ड दुकानदार, छुट्टी के दिनों को छोड़कर कार्यालय में निविदा प्रपत्र का अवलोकन कर सकते हैं एवं निविदा पत्र को कार्यालय से तथा मेल के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

उक्त निविदा पत्र को विहित प्रपत्र एवं निहित सूचनाओं एवं अभिलेख के साथ बंद लिफाफे में कार्यालय एवं निविदा में दर्ज अवधि के अन्दर जमा किया जा सकता है लिफाफे के ऊपर निविदाकर्ता का नाम/फर्म का नाम, पता एवं मोबाइल संख्या का होना अनिवार्य है।

अध्यक्ष — शारदा देवी | सचिव — रीता देवी | कोषाध्यक्ष — मंजू देवी

संपादकीय

# बाबा को बंगाल में तगड़ा जवाब

इसे कहते हैं आ बैल मुझे मार। कथावाचक और भाजपा की आंखों के तारे कथावाचक पं.धीरेन्द्र शास्त्री उर्फ बाबा बागेश्वर को बंगाल से भाजपा ने ही तगड़ा जवाब दिया है। पंडित धीरेन्द्र शास्त्री भूल गए कि बंगाल न तो एमपी है और न ही यूपी। आखिर कोई बाबा किसी समुदाय पर अपनी मान्यताएं और दुराग्रह कैसे थोप सकता है? दरअसल बागेश्वर बाबा ने बीते रविवार को हावड़ा ज़िले के लिलुआ में दुर्गा पूजा के दौरान हिन्दुओं से शाकाहारी भोजन करने की अपील की थी। इसमें धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा था कि बुरा मत मानिए, लेकिन पश्चिम बंगाल की एक बात मुझे पसंद नहीं है। नवरात्रि और दुर्गा पूजा के दौरान पूजा पंडालों के पास नॉन-वेज खाना खाया जाता है। तरह-तरह का गंदा खाना बनाया जाता है। आने वाली नवरात्रि में हर हिंदू जागे और ऐसे लोगों को बाहर निकाले। वे पवित्र नहीं हैं। वे धर्म का अपमान कर रहे हैं। इस वीडियो के वायरल होने के बाद बंगाली हिंदुओं की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आई। यह घटनाक्रम विश्व हिंदू परिषद के 26 अगस्त को दिए उस बयान के कुछ दिनों बाद हुआ, जिसमें कहा गया था कि दुर्गा पूजा पंडालों से नॉन-वेज खाना दूर रखा जाना चाहिए। धीरेंद्र शास्त्री की इस अपील को लेकर पश्चिम बंगाल में विवाद शुरू हो गया। विपक्षी पार्टियों ने आरोप लगाया कि प्रदेश की बीजेपी सरकार बंगाल की संस्कृति को अपमानित कर रही है। इस अपील के एक दिन पूर्व शनिवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य के एक ऑडिटोरियम सौजन्य में उनके लिए डिनर आयोजित किया था। इस डिनर में कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री कार्यालय ने रविवार को एक्स पर इस कार्यक्रम की तस्वीरें पोस्ट कीं और धार्मिक नेता को बागेश्वर महाराज बताया साथ ही कार्यक्रम में सीएम शुभेंदु ने राज्य में बागेश्वर धाम की एक शाखा खोलने का भी आग्रह किया था। लेकिन बाबा की शाकाहारी भोजन की सलाह का विपक्षी दलों के अलावा वित्त मंत्रालय में 2017 से फ़रवरी 2022 तक प्रधान आर्थिक सलाहकार रहे संजीव सान्याल ने भी धीरेंद्र शास्त्री की अपील का विरोध किया। सान्याल ने एक्स पर लिखा, 'मांस शाक्त हिंदू धर्म का एक अहम हिस्सा है। प्राचीन परंपराओं के तहत इसे मां दुर्गा और मां काली को चढ़ाया जाता है।

दुर्गा पूजा में नवमी और दशमी के दिन श्रद्धालु जो प्रसाद खाते हैं, उसमें मांस भी शामिल होता है। इस पवित्र परंपरा में किसी भी तरह का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पत्रकार और लेखक अभिजीत मजूमदार ने एक्स पर लिखा, 'पश्चिम बंगाल में हिंदुत्व का अपना बहुत मुखर स्वरूप है। यह शक्ति उपासना का भी केंद्र है। इसलिए दुर्गा पूजा पंडालों के आसपास नॉन-वेज खाने के खिलाफ़ बागेश्वर धाम की अपील जानकारी की कमी पर आधारित है, ग़ैर-ज़रूरी है और इसका कोई असर नहीं होगा। विवाद बढ़ता देख पश्चिम बंगाल बीजेपी के अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य को कहना पड़ा कि बंगाली मछली और मांस कैसे नहीं खा सकते? स्वामी विवेकानंद ने भी कहा था कि मां काली को मटन चढ़ाया जाएगा। अगर कोई विवेकानंद से ऊपर उठने की कोशिश करता है तो यह ख़तरनाक है। यह उनकी निजी राय है। भट्टाचार्य ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोग क्या खाएंगे और क्या पहनेंगे, इस पर हमें कुछ नहीं कहना है। बंगाली वही करेंगे जिसके वे आदी हैं। कोई बाहर से आकर यहाँ क्या कहता है, इसकी चिंता क्यों करें? हालांकि भट्टाचार्य ने सीधे तौर पर धीरेन्द्र कृष्ण का नाम नहीं लिया। वैसे भी बंगाल में सामिष भोजन संवेदनशील मुद्दा रहा है। मछली बंगालियों के अनिवार्य भोजन में शामिल है।

# उप्र में जमीन से सोशल मीडिया तक सियासी संग्राम

**डिजिटल जंग का दूसरा सबसे बड़ा और धारदार आधार कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक कार्यशैली और व्यक्तिगत आक्षेप हैं, जिन्हें दोनों नेता अपनी-अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए मुख्य हथियार बना रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी हर सभा और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सपा के पुराने शासनकाल को गुंडाराज, माफिया राज और तुष्टीकरण की पराकाष्ठा के रूप में चित्रित करते हैं, वहीं वे समाजवादी पार्टी को परिवार का सिंडिकेट करार देते हुए यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि इस पार्टी की पूरी धुरी केवल एक ही परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। इसके विपरीत, अखिलेश यादव सोशल मीडिया पर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले को आगे बढ़ाते हुए मौजूदा सरकार पर तानाशाही, बेरोजगारी, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ और भेदभावपूर्ण प्रशासनिक कार्रवाई के गंभीर आरोप मढ़ते हैं।**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच की चुनावी तनातनी अब केवल राजनैतिक रैलियों या सदन के पटल तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि सोशल मीडिया पर भी यह संघर्ष एक बेहद आक्रामक और वर्चुअल जंग का रूप ले चुका है। जैसे-जैसे आगामी विधानसभा चुनावों का समय नजदीक आ रहा है, दोनों दलों के बीच राजनीतिक और वैचारिक द्वंद के तौर-तरीके भी पूरी तरह बदल चुके हैं। अब मंच के भाषणों से ज्यादा एक्स (पूर्व में ट्विटर), इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड होने वाले तीखे वीडियो, मीम्स, एआई जनरेटेड कंटेंट और ताबड़तोड़ बयानों ने मुख्य राजनीतिक युद्धभूमि का स्थान ले लिया है। इस वर्चुअल रणक्षेत्र में दोनों नेता एक-दूसरे की नीतियों, व्यक्तिगत छवि और राजनीतिक अतीत को कटघरे में खड़ा करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों और सोशल मीडिया ट्रेंड्स का खुलकर इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे उत्तर प्रदेश का राजनीतिक पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है।

ताजा मामला आज का है, जब सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सहारनपुर दौरे के दौरान उनके हेलीकॉप्टर को उतरने की अनुमति न मिलने पर सियासी आरोप-प्रत्यारोप का दौर गरमा गया। समाजवादी पार्टी ने इस घटना को सत्ताधारी दल की गहरी राजनीतिक बौखलाहट और तानाशाही रवैये का प्रतीक करार दिया है। पार्टी नेताओं का आरोप है कि बढ़ते जनाधार से घबराई भारतीय जनता पार्टी सरकार जानबूझकर विपक्षी दलों के कार्यक्रमों में प्रशासनिक अड़ंगे लगा रही है, ताकि लोकतंत्र की आवाज को दबाया जा सके। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी और प्रशासनिक अधिकारियों ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि



हेलीकॉप्टर की लैंडिंग की अनुमति सुरक्षा और ऐनवक्त पर तय किए गए सुरक्षा मानकों के अनुपालन न होने के कारण नहीं दी गई थी। सत्तारूढ़ दल का कहना है कि विपक्ष हर प्रशासनिक प्रक्रिया को राजनीतिक रंग देकर सनसनी फैलाने की कोशिश करता है और कानून के नियमों से ऊपर उठकर काम करना चाहता है। इस पूरे प्रकरण ने एक बार फिर से राज्य में सत्ता पक्ष और मुख्य विपक्षी दल के बीच की राजनीतिक रस्साकशी को और अधिक तीखा बना दिया है, जहां हर छोटी घटना पर दोनों दल एक-दूसरे को कटघरे में खड़ा करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं।


प्रदेश की राजनीति में इस हाई-टेक टकराव का सबसे बड़ा और प्रमुख आधार धार्मिक और सांस्कृतिक मुद्दे बने हुए हैं, जिनमें विशेष रूप से अयोध्या और राम मंदिर से जुड़े विषय शामिल हैं। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से मंदिर निर्माण में दान और चढ़ावे में हेराफेरी जैसे गंभीर और संवेदनशील मुद्दों को उठाकर सीधे तौर पर सरकार की पारदर्शिता को कटघरे में खड़ा किया है। इसके जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा खेमे ने भी सोशल मीडिया पर आक्रामक रुख अपनाते हुए विपक्ष पर सनातन आस्था को ठेस पहुंचाने और धार्मिक स्थलों की गरिमा को धूमिल करने के षड्यंत्र रचने का करारा आरोप लगाया है। इस वैचारिक और डिजिटल रस्साकशी के दौरान कई बार मामला तब और अधिक बिगड़ जाता है, जब दोनों तरफ से एआई-जनरेटेड वीडियो या डिजिटल कैरिकेचर का इस्तेमाल करके एक-दूसरे के शीर्ष नेतृत्व को सीधे तौर पर निशाना बनाया जाता है। इस तरह के विजुअल और ऑडियो टूल्स के जरिए जब तीखे व्यंग्य और आरोप प्रसारित किए जाते हैं, तो इंटरनेट पर दोनों दलों के समर्थकों के बीच एक वर्चुअल युद्ध छिड़ जाता है, जो कई बार राजनीतिक मर्यादाओं की सीमा को भी लांघने लगता है।

डिजिटल जंग का दूसरा सबसे बड़ा और धारदार आधार कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक कार्यशैली और व्यक्तिगत आक्षेप हैं, जिन्हें दोनों नेता अपनी-अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए मुख्य हथियार बना रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी हर सभा और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सपा के पुराने शासनकाल को गुंडाराज, माफिया राज और तुष्टीकरण की पराकाष्ठा के रूप में चित्रित करते हैं, वहीं वे समाजवादी पार्टी को परिवार का सिंडिकेट करार देते हुए यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि इस पार्टी की पूरी धुरी केवल एक ही परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। इसके विपरीत, अखिलेश यादव सोशल मीडिया पर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले को आगे बढ़ाते हुए मौजूदा सरकार पर तानाशाही, बेरोजगारी, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ और भेदभावपूर्ण प्रशासनिक कार्रवाई के गंभीर आरोप मढ़ते हैं। अखिलेश यादव अक्सर मुख्यमंत्री के दौरों, उनके भाषणों के तेवर और प्रशासनिक कदमों पर सवाल उठाते हुए तीखे व्यंग्य भरे पोस्ट करते हैं, जिनका सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता और खुद मुख्यमंत्री आंकड़ों और तीखे बयानों के साथ पलटवार करते हैं।

यह डिजिटल और सियासी द्वंद्व इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आने वाले चुनावों में जीत-हार का फैसला केवल रैलियों से नहीं, बल्कि जनमानस की सोच को सोशल मीडिया के जरिए प्रभावित करने की क्षमता से भी तय होगा। जब भी सत्ता पक्ष की ओर से कोई विकास परियोजना का उद्घाटन किया जाता है या कोई बड़ा नीतिगत निर्णय लिया जाता है, तो विपक्ष फौरन डिजिटल प्लेटफार्म्स पर उसके दूसरे पहलुओं को उजागर कर देता है, और इसके उलट विपक्ष के हर हमले का जवाब देने के लिए सत्ताधारी दल का आईटी सेल और वरिष्ठ नेता पूरी मुस्तैदी से मैदान में डटे रहते हैं। इस वर्चुअल संघर्ष ने न केवल राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को बेहद व्यक्तिगत और आक्रामक बना दिया है, बल्कि आम जनता और खासतौर पर युवा वर्ग के स्मार्टफोन की स्क्रीन पर हर पल राजनीतिक सरगर्मी को जिंदा रखा है। दोनों ही नेता जनता के बीच यह संदेश देने की होड़ में हैं कि कौन उत्तर प्रदेश के असल मुद्दों का सच्चा हितैषी है और कौन केवल डिजिटल प्रोपेगैंडा में व्यस्त है, जिसके चलते यह चुनावी जंग अब एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुकी है जहां हर एक ट्वीट, हर एक वीडियो और हर एक बयान का राजनीतिक नफा-नुकसान बहुत दूर तक असर डालता है।

अध्यात्म

## इन्द्रियों के भोग से कैसे जीव का नाश हो सकता है



परमात्मा द्वारा जीव को पांच ज्ञानेन्द्रियां प्रदान की गई हैं। श्रवण, त्वक,चक्षु, जिह्वा और घ्राणेन्द्रिय। इनके क्रमशः शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गंध विषय हैं। इन इन्द्रियों में से किसी एक का सेवन करने से, उपभोग करने से एक जीव नाश को प्राप्त हो जाता है। तो मनुष्य क्यों न नाश को प्राप्त होगा जो पांचों इन्द्रियों का सेवन, भोग एक साथ करता है, अर्थात निश्चय ही मनुष्य नाश को प्राप्त होगा।

कुरंग - हिरण। हिरण को वीणा का स्वर बहुत प्रिय है। हिरण पकड़ने के लिए भीलनी जंगल में वीणा वादन करती है, उसके कर्णप्रिय नाद के वशीभूत हिरण वहाँ खींचा चला आता है और आत्मविभोर होकर सुनने लगता है। पहले से घात लगाये भील स्तब्ध हिरण को जाल में फंसा लेते हैं। श्रवणेन्द्रिय के कारत वह मारा जाता है।

मातंग - हाथी। हाथी को स्पर्श सुख प्रिय है। दो कुटनी, प्रशिक्षित हाथी जंगल में ऊंची आवाज में चिघाड़ते हैं।आवाज सुनकर स्पर्श सुखाभिलाषी हाथी वहाँ आता है और दोनों प्रशिक्षित हाथी उसको अपने मध्य लेकर पीछे चलते जाते हैं।स्पर्श सुख से आह्लादित हाथी आंख बंद कर पीछे चलता रहता है और पहले से तैयार गड्ढे में गिर जाता है और दोनों कुटनी गड्ढे के किनारे रुक जाते हैं।गड्ढे में गिरे हाथी को कुछ दिन भोजन नहीं दिया जाता और बलहीन होने पर उसे निकाल लिया जाता है। त्वचेन्द्रिय के भोग से एक जीव विनष्ट।

पतंग - उड़नेवाले कीट। दीपशिखा के रूप पर उन्मत्त जीव का विनाश- दृश्येन्द्रिय के कारण।

भृंग - भ्रमर। गंधलोभी भौंरा कमलपुष्प में आस्वादन करता ही रहता है कि सूर्यास्त होजाता है। पुष्प में बन्द भ्रमर विचार करता है।

मीन - सर्वविदित है कि मत्स्याखेटी कंटिये में कोई चारा पिरोकर जल में डालता है, रसना सुख के कारण मछली उसे ग्रास बनाती है परंतु इस लोभ के कारण वह स्वयं ही ग्रास बन जाती है।

# चौखट की जंग लगी घंटी

**आज की पीढ़ी के लिए माता पिता बैंक की उस फिक्स्ड डिपॉजिट की तरह हैं जिसका मैच्योरिटी पीरियड खत्म होते ही उन्हें विड्रॉ करके वृद्धाश्रम में जमा कर दिया जाता है। रामगोपाल जी की आँखों से आंसुओं के दो मोटे कतरे ढलककर उस जंग लगे पीतल पर गिर पड़े और वे रुंधे गले से बोले कि साहब तीस साल पहले जब मेरा बेटा पहली बार स्कूल जाता था तो इसी घंटी वाली साइकिल से मैं उसे रोज छोड़ने जाता था। उसने बड़ा अफ़सर बनकर मुझे इस फ्लैट में रखा लेकिन चार साल पहले जब उसे विदेश की बड़ी कंपनी में नौकरी मिली तो वह इस फ्लैट पर बाहर से ताला लगाकर चला गया और कह गया कि जब घंटी बजेगी तब दरवाज़ा खुलेगा। विदेश जाना आज के दौर का ऐसा मोक्ष है जहां जाने के बाद इंसान को अपने पितरों के जीवित होने का भी अहसास नहीं रहता। वह चार साल से कभी नहीं लौटा और मैं रोज वृद्धाश्रम से पाँच किलोमीटर पैदल चलकर यहाँ सिर्फ यह घंटी बजाने आता हूँ ताकि शायद बंद कमरे के भीतर कैद उसके बचपन का कोई संस्कार जाग जाए। लेकिन संस्कार आजकल सॉफ्टवेयर की तरह होते हैं जिन्हें अपग्रेड करते समय पुरानी फाइलें डिलीट कर दी जाती हैं।**

आलीशान बहुमंजिला इमारत के फ्लैट नंबर चार सौ चार की संगमरमरी चौखट के बाहर बहत्तर साल के रामगोपाल जी हर इतवार की शाम ठीक पाँच बजे अपनी लाठी टेकते हुए आकर खड़े हो जाते थे। आधुनिक वास्तुकला की इन ऊंची इमारतों में नैतिकता का कद अक्सर इतना बौना हो जाता है कि ऊपर पहुंचने के लिए लिफ्ट की नहीं बल्कि ज़मीर की नीलामी की ज़रूरत पड़ती है। उनके कांपते हाथों में पीतल की एक छोटी पुरानी साइकिल वाली घंटी होती थी जिस पर गहरे जंग के मोटे चकत्ते पड़े थे क्योंकि हमारे देश में पुरानी यादों और बूढ़े मां बाप पर जंग लगना एक अनिवार्य नागरिक कर्तव्य बन चुका है। इमारत का नया सुरक्षाकर्मी जब भी उन्हें सीढ़ियों के कोने में खड़े देखता तो अपनी मूंछों पर ताव देते हुए ठहाका लगाकर कहता कि बाबा जब इस फ्लैट पर बिजली का आधुनिक म्यूजिकल डोरबेल लगा हुआ है तो इस जंग लगी घंटी को रोज़ अपनी हथेली पर बजाकर यहाँ लिफ्ट के सामने क्या तमाशा खड़ा करते हो। उस बेचारे गार्ड को क्या पता कि जिस समाज में संवेदनाएं मर चुकी हों वहां म्यूजिकल डोरबेल केवल अंतिम संस्कार का संगीत बजाती है। रामगोपाल जी अपनी पुरानी धुंधली ऐनक को धोती के छोर से साफ करते और बहुत धीमी आवाज में मुस्कुराकर कहते कि बेटा यह जंग लगी घंटी केवल पीतल का टुकड़ा नहीं है बल्कि इस पूरे शहर की उस बहरी संवेदना का वो अलार्म है जिसे तुम्हारे ये सेंसर वाले बटन कभी नहीं बजा पाएंगे। सेंसर के बटन केवल बाहरी आहट पहचानते हैं जबकि इंसानियत को पहचानने के लिए जिस आंतरिक रडार की ज़रूरत होती है वह भ्रष्टाचार और भौतिकता के कोहरे में कब का गायब हो चुका है। आसपास से गुजरने वाले तमाम संभ्रांत लोग उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि लगता है इस बुढ़ापे में दादाजी की याददाश्त खो चुकी है। भारत में जिसे याददाश्त खोना कहते हैं असल में वह सत्ता और संपत्ति के नशे में चूर लोगों के लिए एक सुविधाजनक बहाना है ताकि वे अपनी जिम्मेदारियों को भूल सकें। रामगोपाल जी किसी की कड़वी बात का तनिक भी मलाल किए बिना उस पीतल की घंटी के लीवर को अपनी कांपती उंगलियों से सहलाते और चुपचाप उस बंद दरवाज़े को टकटकी लगाए देखते रहते थे।

उस पॉश रिहायशी सोसायटी के तमाम निवासी रामगोपाल जी की इस साप्ताहिक मूक उपस्थिति से पूरी तरह वाकिफ थे और उन्हें एक सनकी बुजुर्ग मानकर पूरी तरह अनदेखा कर देते थे। सभ्य समाज की परिभाषा यही है कि यहाँ दूसरों के दुख को सनक और अपनी बेईमानी को कुशलता माना जाता है। इमारत का बड़ा सेक्रेटरी जब भी हाथ में मेंटेनेंस बिलों का पुलिंदा लेकर लिफ्ट की तरफ बढ़ता तो रामगोपाल जी बहुत उम्मीद से अपनी लाठी के सहारे खड़े हो जाते और हाथ जोड़कर कहते कि बाबू जी क्या आज उस बंद कमरे की बत्ती जली। सेक्रेटरी के चेहरे पर वह विशिष्ट कुटिलता थी जो केवल उन लोगों में आती है जिन्होंने फाइलें दबाकर और चंदा खाकर धर्म का चोला ओढ़ रखा हो। वह गुस्से में अपनी चाबियों का गुच्छा खनखनाते हुए डांटकर कहता कि अरे बाबा जब तक फ्लैट का मालिक विदेश से नहीं लौटेगा और बैंक का कर्ज़ पूरा नहीं चुकाएगा तब तक यह दरवाज़ा नहीं खुलेगा। बैंक का कर्ज़ चुकाना आज के युग का सबसे बड़ा पुण्य है भले ही उसके लिए बाप की हड्डियां गिरवी रखनी पड़ें। रामगोपाल जी बिना किसी शिकायत के वापस अपनी जगह पर जाकर खड़े हो जाते और उस पीतल की घंटी को अपने कांपते अंगूठे से ट्रिन ट्रिन बजाने का निरर्थक प्रयास करने लगते थे जिसकी आवाज़ उस बंद फ्लैट के भारी लकड़ी के दरवाज़े से टकराकर वहीं दम तोड़ देती थी। जिस समाज में पैसे की खनक ही एकमात्र भाषा हो वहां पीतल की घंटी की आवाज़ वैसे ही बेअसर है जैसे किसी ईमानदार आदमी की गवाही। सुरक्षा गार्ड आपस में खुसर पुसर करते कि शायद बाबा का कोई पुराना उधारी का पैसा इस फ्लैट में अटका है क्योंकि स्वार्थ के चश्मे से देखने वालों को हर रिश्ता केवल लेन देन का हिसाब किताब ही नज़र आता है। एक दिन अचानक जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और समाज कल्याण विभाग की टीम वरिष्ठ नागरिक सुरक्षा अभियान के तहत उसी बहुमंजिला इमारत का जायज़ा लेने पहुँच गई। प्रशासन की सक्रियता अक्सर तभी दिखती है जब या तो चुनाव पास हों या फिर किसी बड़े उद्घाटन का फीता काटना हो। साहब की गाड़ी का सायरन बजते ही पूरी सोसायटी में खलबली मच गई और आनन फानन में स्वागत के लिए रेड कारपेट बिछाया जाने लगा। यह रेड कारपेट असल में उन तमाम गंदगियों को ढंकने का एक सरकारी तरीका है जिन्हें समाज देखना नहीं चाहता। निरीक्षण पूरा करके जब साहब लिफ्ट से नीचे उतरने लगे तो उनकी नज़र फ्लैट नंबर चार सौ चार के सामने दीवार से टिके खड़े रामगोपाल जी पर पड़ी जिनकी हथेली में वही जंग लगी पीतल की घंटी दबी थी। अपनी संवेदनशील छवि का प्रदर्शन करने के लिए साहब तुरंत मीडिया कर्मियों को साथ लेकर रामगोपाल जी के पास पहुँचे क्योंकि कैमरा सामने न हो तो दया का भाव जागना सरकारी नियमों के खिलाफ माना जाता है। साहब बड़े आदर से बोले कि बाबा आप इस उम्र में यह पुरानी घंटी हाथ में लिए इस बंद फ्लैट के बाहर क्यों खड़े हैं क्या आपको परिवार से कोई सहायता नहीं मिल रही है। साहब का यह सवाल वैसा ही था जैसे कोई कसाई मुर्गे से उसकी सेहत का हाल पूछे। साहब ने जब उस पीतल की घंटी को उलटकर देखा तो उस पर रामगोपाल जी के बेटे का नाम और वह तारीख खुदी थी जब उन्होंने अपनी पूरी ज़िंदगी की जमा पूंजी लगाकर अपने बेटे को विदेश में पढ़ाने के लिए यह फ्लैट खरीदकर दिया था। आज की पीढ़ी के लिए माता पिता बैंक की उस फिक्स्ड डिपॉजिट की तरह हैं जिसका मैच्योरिटी पीरियड खत्म होते ही उन्हें विड्रॉ करके वृद्धाश्रम में जमा कर दिया जाता है। रामगोपाल जी की आँखों से आंसुओं के दो मोटे कतरे ढलककर उस जंग लगे पीतल पर गिर पड़े और वे रुंधे गले से बोले कि साहब तीस साल पहले जब मेरा बेटा पहली बार स्कूल जाता था तो इसी घंटी वाली साइकिल से मैं उसे रोज़ छोड़ने जाता था। उसने बड़ा अफ़सर बनकर मुझे इस फ्लैट में रखा लेकिन चार साल पहले जब उसे विदेश की बड़ी कंपनी में नौकरी मिली तो वह इस फ्लैट पर बाहर से ताला लगाकर चला गया और कह गया कि जब घंटी बजेगी तब दरवाज़ा खुलेगा। विदेश जाना आज के दौर का ऐसा मोक्ष है जहां जाने के बाद इंसान को अपने पितरों के जीवित होने का भी अहसास नहीं रहता। वह चार साल से कभी नहीं लौटा और मैं रोज़ वृद्धाश्रम से पाँच किलोमीटर पैदल चलकर यहाँ सिर्फ यह घंटी बजाने आता हूँ ताकि शायद बंद कमरे के भीतर कैद उसके बचपन का कोई संस्कार जाग जाए। लेकिन संस्कार आजकल सॉफ्टवेयर की तरह होते हैं जिन्हें अपग्रेड करते समय पुरानी फाइलें डिलीट कर दी जाती हैं। यह सुनते ही साहब का सिर शर्म से पूरी तरह झुक गया और पूरे गलियारे में ऐसा सन्नाटा छा गया जिसने वहाँ खड़े हर इंसान के ज़मीर को झकझोर कर रख दिया। ज़मीर का झकझोरना भी अक्सर अस्थायी होता है क्योंकि थोड़ी देर बाद सबको उसी भ्रष्ट व्यवस्था की चाय पीकर फिर से ड्यूटी पर लौटना था जहां रिश्तों की नीलामी आम बात है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज धन की स्थिति किसी अचानक लाभ से नहीं, बल्कि नियम से बनाई गई योजना से बेहतर होगी। घर या परिवार की सुख-सुविधाओं पर खर्च का मन हो सकता है।

**वृषभ**
आज का दिन पुरानी बचत संभालने और धन को सुरक्षित रखने के लिए सही है। हर महीने होने वाले खर्चों, पुरानी योजनाओं और बचे हुए भुगतानों को जांचना फायदेमंद रहेगा।

**मिथुन**
नए मौके और जल्दबाजी से बचाव
आज एक साथ कमाई के कई रास्ते मन में आ सकते हैं। आपकी उत्सुकता नए मौके तलाशने में मदद करेगी, पर जल्दबाजी में कोई खरीदारी या जोखिम भरा निर्णय न लें।

**कर्क**
आज धन के मामलों पर पूरा ध्यान रहेगा। अपनी वित्तीय स्थिति सुधारने को लेकर मन में अच्छी उम्मीद रहेगी। बचत और परिवार के भविष्य की योजना बनाने का सही समय है।

**सिंह**
आज पैसों से जुड़ी अपनी प्राथमिकताओं पर दोबारा विचार करने की जरूरत है। ऐसा लग सकता है कि कुछ पुरानी चीजें अब पहले जैसी खुशी नहीं दे रहीं।

**कन्या**
आज पैसों के मामले में सटीक सोच बनी रहेगी। आप किसी पुरानी भूल, फालतू खर्च या छूटे हुए मौके को आसानी से पकड़ लेंगे। बजट बनाना और पुराने खातों को देखना फायदेमंद रहेगा।

**तुला**
आज पैसों के लेन-देन में सही संतुलन बना रहेगा। बातचीत करके आप अपनी शर्तें आसानी से मनवा सकते हैं। सुंदर चीजों पर मन ललचा सकता है, पर अपनी जेब का ध्यान रखें।

**वृश्चिक**
पैसों के मामले में आज धीरज से काम लेना होगा। कर्ज, पुरानी बकायों या परिवार के खर्चों को लेकर विचार चलेगा। किसी बात को तुरंत खत्म करने के चक्कर में जल्दबाजी न करें।

**धनु**
आज भविष्य की कमाई को आगे बढ़ाने के विचार मन में आ सकते हैं। नई योजनाओं को लेकर मन में उम्मीद बनी रहेगी, पर हिसाब हमेशा असली आंकड़ों पर रखें। यह सोचकर आज बड़ा खर्चा न करें कि आगे स्थिति सुधर जाएगी।

**मकर**
आज धन में नियम और जिम्मेदारी लाने का इशारा कर रही है। बेकार के खर्च कम करके और पेंडिंग भुगतानों को निपटाकर स्थिति सुधारेगी। आगे की चिंता में घुलने के बजाय एक सही योजना बनाकर उस पर टिके रहना ज्यादा काम आएगा।

**कुंभ**
पैसों के फैसलों में आज ज्यादा सावधानी रखनी होगी। आपकी राशि में राहु है, जो जल्दी आगे बढ़ने का मन बना सकता है। ध्यान रखें कि हर चमकती चीज सही नहीं होती।

**मीन**
आज लंबी योजनाओं को दोबारा देखने की जरूरत होगी। जिन जिम्मेदारियों को टालना मुश्किल है, उन पर ध्यान दें। अपनी योजना को एकदम आसान रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्ता अर्जुन चौधरी का निधन, अधिवक्ता संघ ने 2 मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी सिविल कोर्ट में कार्यरत अधिवक्ता अर्जुन चौधरी का निधन हो गया। वे धरारा के निवासी थे। उनके निधन की खबर से न्यायालय परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। निधन की सूचना मिलते ही मसौढ़ी अधिवक्ता संघ की ओर से शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कोर्ट में कार्यरत सभी अधिवक्ताओं ने अपने कार्यों को रोककर 2 मिनट का मौन रखा और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने कहा कि अर्जुन चौधरी एक सरल, मिलनसार और कर्मठ अधिवक्ता थे। उनके असामयिक निधन से अधिवक्ता समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। संघ ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, अरविंद कुमार सिंह पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह अशोक, महासचिव राकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### 102 स्कूलों में बच्चों को मिलेगा एनजीओ का भोजन

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा प्रखंड के स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति के दौरान गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया है। विभागीय अधिकारी एक्शन मोड में आ गए हैं। अब मोकामा प्रखंड के 102 स्कूलों में बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी एनजीओ को देने की तैयारी की जा रही है।जिला एसडीएम डीपीओ रंजन कुमार शर्मा ने बताया कि एनजीओ को मोकामा के 102 स्कूलों में बच्चों को खाना उपलब्ध कराने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इससे संबंधित अनुशंसा फाइल जिलाधिकारी कार्यालय को भेज दी गई है। डीएम की मंजूरी मिलने के बाद फाइल एसडीएम शिक्षा निदेशालय को भेजी जाएगी।विभागीय स्तर पर प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही मोकामा के स्कूलों में एनजीओ के माध्यम से तैयार भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था शुरू होने की संभावना है। एनजीओ ने भी 102 स्कूलों में भोजन पहुंचाने की पूरी व्यवस्था तैयार कर लेने की बात कही है।

### कल पटना में पंचायत रोजगार सेवकों का महाजुटान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपने अधिकार, सम्मान और सेवा-सुरक्षा की मांग को लेकर बिहार के पंचायत रोजगार सेवक 13 सितंबर को पटना में एकजुटता प्रदर्शन करेंगे। इस दिन स्थापना दिवस समारोह सह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मसौढ़ी अनुमंडल सहित राज्य के सभी जिलों से बड़ी संख्या में रोजगार सेवक शामिल होंगे।सम्मेलन पटना के विद्यापति मार्ग स्थित बिहार राज्य पंचायत परिषद भवन में सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन में रोजगार सेवकों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा होगी। इसमें मुख्य रूप से लंबित मानदेय एवं भुगतान, सेवा-सुरक्षा और भविष्य की सुरक्षा, कार्यों के दौरान आने वाली तकनीकी एवं प्रशासनिक बाधाएं, एनएमएमएस व अन्य ऑनलाइन कार्यों में कठिनाई और मैदानी स्तर पर बढ़ते कार्यभार जैसे मुद्दे शामिल हैं।सम्मेलन में संगठन की आगामी रणनीति तय की जाएगी और बिहार के पंचायत रोजगार सेवकों के हित में आंदोलन व विशेष संघर्ष कार्यक्रम की घोषणा भी की जा सकती है।

### एनटीपीसी द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी बाढ़ द्वारा सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 10 सितंबर 2026 को बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच राहत खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। धीवर ग्राम पंचायत के सहनौरा एवं धीवर गांव के बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री वितरित की गई। राहत सामग्री का वितरण सियाराम सिंह, विधायक, बाढ़ विधानसभा ने किया। कार्यक्रम में एनटीपीसी बाढ़ के प्रशांत कुमार सामल, प्रमुख (मानव संसाधन), मनोज कुमार पंजीकार, उप महाप्रबन्धक (सीएसआर एंड आर एंड आर), मोहम्मद लबीब अख्तर, कार्यकारी (सीएसआर एंड आर एंड आर) एवं विकास धर द्विवेदी, कार्यकारी (नैगम संचार) उपस्थित रहे। राहत सामग्री में दैनिक उपयोग की सूखी खाद्य सामग्री दिया गया। इस पहल का उद्देश्य बाढ़ से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों को तात्कालिक आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक ने बाढ़ प्रभावित परिवारों तक सहायता पहुंचाने के लिए एनटीपीसी की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि आपदा एवं कठिन परिस्थितियों में बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता करना सामाजिक जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें एनटीपीसी सदैव तत्पर रहता है।



### राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़ में डा. रीता सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान के निर्देशन में राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत मशरुम उत्पादन द्वारा कुपोषण उन्मुलन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य कम लागत में पोषक तत्वों से भरपुर मशरूम उत्पादन का बढ़ावा देना है। डा. सिंह, ने बतलाया कि दैनिक आहार में मशरूम को शामिल करने से आहार विविधता बढ़ेगी और आय का श्रोत भी बनेगा, साथ हीं उन्होंने संतुलित थाली, पोषण वाटिका और गर्भवती महिलाओं व बच्चों के लिए मशरूम के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उद्यान वैज्ञानिक, डा. पुष्पम पटेल ने बतलाया कि मशरूम प्रोटिन, विटामीन डी, आयरन एवं एन्टी ऑक्सीडेंट का उत्तम श्रोत है एवं ओएस्टर मशरूम को केवल 22-25 दिनों में अपने घरों में उगा सकते हैं। इस कार्यक्रम में मशरूम उत्पादन के तकनीकी पहलुओं को डा. प्रकाश चन्द्र गुप्ता (मास्टर ट्रेनर, मशरूम) ने विस्तृत रूप से बतलाया। कार्यक्रम में कुल 28 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित हुए।



### हत्या के फरार अभियुक्त ने किया आत्मसमर्पण

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना कांड संख्या 100/26 में हत्या के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त रवि यादव उर्फ रवि शंकर कुमार, पिता मिथिलेश यादव, के परैयाचक स्थित घर पर पुलिस ने कुर्की-जब्ती की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई शुरू होते ही अभियुक्त ने दीघा थाना में आत्मसमर्पण कर दिया। इस संबंध में पालीगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले अभियुक्त को दीघा थाना से पालीगंज लाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

### मसौढ़ी में ताबडतोड फायरिंग करने वाला अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार,

**एक औटोमैटीक पिस्टल और 10 कारतूस बरामद**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के जेपी रोड में बिते बुधवार को हुई ताबडतोड फायरिंग की घटना में शामिल एक अपराधी को पुलिस ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया पिस्टल, मैगजीन और 10 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। मामला 9 सितंबर 2026 का है। गिरफ्तार युवक का नाम रिशु कुमार पिता बिहारी प्रसाद उर्फ दिनेश्वर प्रसाद दीघवां का निवासी बताया जाता है, सिटी पूर्वी एसपी शैलजा ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करते हुए बताया कि मसौढ़ी थाना को सूचना मिली थी कि बुधवार की शाम 6 बजे के आसपास अज्ञात अपराधियों द्वारा ताबडतोड फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और इस संबंध में वादी नीतू कुमारी पति रवि कुमार के बयान पर मसौढ़ी थाना में कांड दर्ज कर जांच शुरू की गई।कांड की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) पटना और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मसौढ़ी-1 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित और सुनियोजित कार्रवाई करते हुए तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।



# आजादी के 78 साल बाद भी स्कूल को तरस रहा धनरुआ का लोदीपुर, शिक्षा से महरूम हैं सैकड़ों बच्चे

शशि तुलस्यान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा के अधिकार और सर्व शिक्षा अभियान के तमाम दावों के बीच मसौढ़ी अनुमंडल के धनरुआ प्रखंड का लोदीपुर गांव आज भी शिक्षा से महरूम है। आजादी के 78 साल बीत जाने के बाद भी इस गांव में आज तक एक भी सरकारी स्कूल नहीं बन सका है। धनरुआ के डेवां पंचायत अंतर्गत लोदीपुर गांव की आबादी करीब 500 है, लेकिन लोदीपुर, टरमा और बेचूबाग को मिलाकर कुल आबादी 5000 से अधिक है। इतनी बड़ी आबादी के बीच एक भी प्राथमिक या मध्य विद्यालय नहीं है। आलम यह है कि गांव के छोटे-छोटे नौनिहालों को पढ़ने के लिए 2 किलोमीटर दूर डेवां गांव जाना पड़ता है। खेत की पगडंडी और सड़क से होकर रोज स्कूल जाना बच्चों के लिए किसी जंग से कम नहीं है। बरसात में रास्ते में पानी भर जाता है, तो जाड़े और गर्मी में भी बच्चों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। नतीजा यह है कि कई बच्चे स्कूल जाना ही छोड़ चुके हैं और शिक्षा से वंचित हैं। कुछ बड़े बच्चे हिम्मत करके चले भी जाते हैं, लेकिन छोटे बच्चे नहीं जा पाते।ग्रामीणों के अनुसार बहुत पहले स्कूल के नाम पर गांव में एक भवन तो बनाया गया था, लेकिन वह भवन आज तक शिक्षा विभाग को हस्तांतरित ही नहीं हो सका और न ही वहां कभी शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति हुई। भवन बनकर बेकार पड़ा है और बच्चे आज भी खुले आसमान तले भविष्य की तलाश में भटक रहे हैं। गांव की शोभा देवी, रूपा देवी, कविता देवी, प्रियंका देवी,राकेश कुमार, पूजा देवी, कमला देवी, अशोक पासवान, टुनटुन चौधरी, राजकिशोर पासवान, सुरेंद्र पासवान, प्रकाश चौधरी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने सरकार से गांव में स्कूल खोलने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर गांव में ही विद्यालय हो जाए तो उनके बच्चे भी पढ़-लिखकर आगे बढ़ सकते हैं। वहीं लोजपा (रामविलास) के प्रखंड अध्यक्ष मोहन पासवान ने बताया कि लोदीपुर में स्कूल की स्थापना के लिए डीएम, एसडीएम, शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान तक को पत्र लिखकर मामले से अवगत कराया गया है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वही लोचा के मुकेश पासवान ने बताया कि लोदीपुर गांव में स्कूल बनाने के लिए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को दिल्ली जाकर मांग पत्र दिये है। वही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश कुमार ने बताया कि दिनांक 02. 12. 2015 को निवर्तमान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को स्थल निरीक्षण कर वहाँ के भौगिलिक स्थिति को देखते हुए और एक एकड़ 26 डिसमिल जमीन जो सरकारी की उपलब्धता बताते हुए अपना अनुमोदन भेजा गया है। बहरहाल प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के दिए गए स्वीकृति पत्र के बावजूद अभी तक शिक्षा विभाग की ओर से लोदीपुर गांव में स्कूल नहीं बनना शिक्षा के अधिकार के दावों को आइना दिखा रहा है।





# पुनपुन में बाढ़ के बाद स्कूलों में लौटी रौनक, 51 स्कूल खुले, 17 अब भी बंद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी का जलस्तर घटने के साथ ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। एक हफ्ते से जलमग्न 51 सरकारी स्कूलों में एक बार फिर बच्चों की चहल-पहल और रौनक लौट आई है। पुनपुन नदी में अचानक आई बाढ़ से पिछले एक सप्ताह से पूरे प्रखंड में तबाही मची थी। कई गांव टापू बन गए थे और एक गांव से दूसरे गांव का संपर्क पूरी तरह टूट गया था। लोग घरों में कैद होकर रह गए थे, जिसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ा। प्रखंड के लगभग 51 सरकारी स्कूलों में बाढ़ का पानी घुस गया था, जिसके कारण 3 सितंबर से सभी स्कूलों को बंद करना पड़ा था। लेकिन अब पुनपुन नदी शांत पड़ गई है और जलस्तर में काफी कमी आई है। पानी निकलने के साथ ही शिक्षा विभाग ने स्कूलों को फिर से खोलने का निर्देश दिया है। गुरुवार और शुक्रवार से 51 में से 34 स्कूलों में पठन-पाठन फिर से शुरू हो गया है। एक हफ्ते बाद बच्चे बस्ता लेकर स्कूल पहुंचे तो स्कूल परिसर में फिर से खुशी का माहौल दिखा। हालांकि अभी भी 17 ऐसे स्कूल हैं जहां परिसर और कक्षाओं में पानी भरा हुआ है। सुरक्षा को देखते हुए इन स्कूलों को फिलहाल बंद रखा गया है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुजीत कुमार ने बताया कि बाढ़ के कारण स्कूलों को बंद किया गया था। जैसे-जैसे पानी निकल रहा है, वैसे-वैसे सभी प्रधानाध्यापकों को स्कूल खोलने का निर्देश दिया जा रहा है उत्क्रमित मध्य विद्यालय पकौली में तो पूरी रौनक लौट आई है। स्कूल के प्रधानाध्यापक सतिश कुमार ने बताया कि विद्यालय में सफाई के बाद पढ़ाई शुरू करा दी गई है। बच्चे भी काफी खुश नजर आ रहे हैं।



## पदभार ग्रहण करते ही एक्शन मोड में ग्रामीण एसपी कोमल मीणा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पदभार ग्रहण करते ही ग्रामीण एसपी कोमल मीणा एक्शन मोड में नजर आईं। शुक्रवार को उन्होंने मोकामा थाना पहुंचकर थाना परिसर का निरीक्षण किया और पुलिसिंग व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली, अभिलेखों और पुलिस व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न बिंदुओं की जानकारी ली।ग्रामीण एसपी ने इसके बाद क्षेत्र के मरांची, पंचमहला और हाथीदह थाना का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की व्यवस्था, अभिलेखों के रखरखाव और पुलिस अधिकारियों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।इसके अलावा ग्रामीण एसपी ने मोकामा में निमार्णाधीन पुलिस भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।पदभार ग्रहण करने के बाद ग्रामीण एसपी द्वारा लगातार थानों का निरीक्षण किए जाने से पुलिस महकमे में सक्रियता बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। उनके लगातार निरीक्षण से क्षेत्र में पुलिसिंग व्यवस्था को और मजबूत करने की उम्मीद जताई जा रही है।मौके पर निरिक्षक पूर्णेन्दु कुमार मिश्रा ,थानाध्यक्ष कुणाल कुमार समेत सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।



## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर एएन कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के रूप में मनाया जाता है, इस अवसर पर महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर परपोस्टर प्रदर्शन, भाषण कार्यक्रम और लधु नाटिका कार्यक्रम काआयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोविज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो. विनीता नारायणने किया। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग के अन्य शिक्षक प्रो. सुजीत कुमार दूबे, डॉ प्रज्ञा कुमारी तथा डॉ संजयकुमार भी उपस्थित थे। इस अवसर पर स्नातकोत्तर मनोविज्ञानविभाग, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की विभागाध्यक्ष प्रो. मधु पाण्डेय तथा अन्य वरिष्ठ शिक्षक प्रो. रूखसाना प्रवीन तथा प्रो. विजय कुमार यादवेन्दु भी उपस्थित थे। स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र तथा छात्राओं रिया भारती, नितिन कुमार, अदिति सिन्हा, गोविन्द कुमार सिंह, कुमकुमकुमारी, अनुष्का कुमारी, करूणा कुमारी तथा विभा निशी राजने अत्यंत भावपूर्ण लधु नाटिका का प्रस्तुतिकरण किया इसअवसर पर गोविन्द कुमार सिंह तथा मोनाली दुबे ने अपने भाषणमें आत्महत्या के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. विनीता नारायण ने समाज में बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृति पर गहरी चिंता व्यक्त की तथा इसकी रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने परबल दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी मानसिक परेशानी से उबरने में समाज की सहायता आवश्यक हैं। इसके अतिरिक्त मनोवैज्ञानिकों को भी इस बढती प्रवृति पर विचार कर समाधान खोजना चाहिए।



## हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खिरीमोड़ थाना क्षेत्र के मनकुड़ा टोला केवल बीघा गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर घर में छिपाकर रखे एक देशी थ्रीनट हथियार के साथ सुड्डू कुमार, पिता गणेश यादव, को गिरफ्तार किया। नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नगर पुलिस अधीक्षक संकेत कुमार को सूचना मिली थी कि सुड्डू कुमार अपने घर में नाजायज हथियार रखकर उसके बल पर इलाके में वर्चस्व बनाए हुए है। सूचना के सत्यापन के बाद एसडीपीओ पालीगंज-1 राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में खिरीमोड़ थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सहित पुलिस पदाधिकारियों की छापेमारी टीम गठित की गई। टीम ने सुड्डू कुमार के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर में छिपाकर रखा गया एक देशी थ्रीनट बरामद हुआ। पुलिस ने हथियार जब्त कर सुड्डू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

## फोरलेन पर लूटपाट करने वाले बाइक गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**पुलिस के निशान वाली पल्सर, दो मोबाइल, सोने की चेन, खंजर, रॉड और नकदी बरामद**

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के फोरलेन पर सुनसान स्थानों में बाइक सवारों को निशाना बनाकर लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से दो मोबाइल, एक सोने की चेन, धारदार खंजर, तीन हजार रुपये नकद, एक रॉड और डंडा बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने एक पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की है, जिसके नंबर प्लेट पर पुलिस का निशान लगा हुआ था।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि इस गिरोह की तलाश पुलिस कई दिनों से कर रही थी। पुलिस टीम सादे लिबास में गिरोह की गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही थी। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मोर पश्चिमी वार्ड संख्या-7 निवासी सुनील सिंह के पुत्र सत्यम कुमार (20), मोर पूर्वी वार्ड संख्या-6 निवासी सतीश प्रसाद सिंह के पुत्र निराला कुमार (25) और मोर पूर्वी वार्ड संख्या-6 निवासी संटू कुमार के पुत्र शिवगंगा कुमार के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य मोर और शिवनार के बीच फोरलेन के सुनसान हिस्से में अकेले बाइक से गुजरने वाले लोगों को निशाना बनाते थे। कुछ दिन पूर्व एक व्यक्ति से इस गिरोह ने करीब 15 हजार रुपये की लूट की थी। इसके अलावा आरोपितों ने पूछताछ के दौरान कई अन्य घटनाओं में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।बताया गया कि लूट के शिकार एक व्यक्ति ने पुलिस को बदमाशों के हुलिये और पल्सर मोटरसाइकिल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी थी। इसी आधार पर पुलिस गिरोह तक पहुंचने में जुटी थी। गुरुवार देर रात थानाध्यक्ष कुणाल कुमार सादे लिबास में टीम के साथ इलाके में निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान तीनों संदिग्ध एक और बाइक सवार को निशाना बनाने की फिराक में थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों को पकड़ लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ में फोरलेन पर हुई लूट की कई घटनाओं के संबंध में जानकारी मिली है। पुलिस ने तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



## 14 साल पुराने धनरुआ अस्पताल के गबन कांड में पुलिस ने मांगी अभियोजन की मंजूरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ के 14 साल पुराने सरकारी राशि गबन कांड में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। पुलिस द्वारा अभियोजन की मंजूरी मांगे जाने पर स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति साफ कर दी है। सिविल सर्जन कार्यालय ने बताया है कि आरोपी लेखापाल के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी 11 साल पहले ही दी जा चुकी है।मामला 30 जून 2012 का है। धनरुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जननी बाल सुरक्षा योजना के तहत गरीब गर्भवती महिलाओं के लिए आने वाली सरकारी राशि में गड़बड़ी और गबन का आरोप लगा था। इसको लेकर धनरुआ थाना में कांड संख्या 219/12 के तहत मामला दर्ज किया गया था। अनुमंडल पदाधिकारी मसौढ़ी की जांच में आरोप सही पाया गया था। इस केस के मुख्य आरोपी प्रखंड लेखापाल (संविदा) चंदन कुमार हैं। घटना के समय वे धनरुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित थे, जबकि वर्तमान में उनका पदस्थापन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलछी में है। आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर जमानत ले रखी है। इधर धनरुआ पुलिस ने फिर से अभियोजन स्वीकृति की मांग की गई।

## शोभा की वस्तु बना वाटर बूथ, तारेगना स्टेशन पर पानी के लिए यात्रियों की बढ़ी परेशानी

**प्लेटफार्म पर लगा स्टेनलेस स्टील का राउंड बूथ, कई दिनों से एक भी नल में नहीं आ रहा पानी**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड के तारेगना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए लगाया गया वाटर बूथ इन दिनों महज शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। दरअसल प्लेटफार्म संख्या एक और दो पर एक-एक रेलवे विभाग द्वारा स्टेनलेस स्टील का राउंड वाटर बूथ स्थापित किया गया था, लेकिन पिछले कई दिनों से इसके किसी भी नल से पानी नहीं निकल रहा है।स्टेशन पर सफर करने वाले यात्रियों का कहना है कि गर्मी के मौसम में पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। रेलवे ने मल्टी-टैप सुविधा वाला वाटर बूथ तो लगा दिया, लेकिन उससे एक बूंद पानी नहीं मिल रहा। मजबूरी में यात्रियों को बाहर से बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है या इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।यात्रियों ने कहा, "नल तो लगा दिए गए हैं, लेकिन पानी ही गायब है। जब सुविधा ही नहीं मिलनी तो इसे लगाने का क्या फायदा? यह बूथ अब शोपीस बनकर रह गया है।" बुजुर्ग, महिला और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि वाटर बूथ की मरम्मत कर जल्द से जल्द पानी की आपूर्ति शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि प्लेटफार्म पर यात्रियों के लिए पीने के पानी की वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाए, ताकि लोगों को परेशानी न हो। रेलवे विभाग के आईओडब्ल्यू रंजन यादव यादव ने बताया कि जल्द ही पानी की सुविधा बहाल कर दी जाएगी, कुछ असमाजिक तत्व के द्वारा नल बराबर तोड़ देते हैं जिस वजह से कई तकनीकी त्रुटि आई थी लेकिन जल्द ही पानी की सुविधा शुरू हो जायेगी।



## महिला शिक्षिका लक्ष्मी हत्याकांड का खुलासा, मंटू सिंह गिरफ्तार

**खून से सनी शर्ट और हत्या में प्रयुक्त खंती बरामद**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कैलूचक मोहल्ले में महिला शिक्षिका लक्ष्मी कुमारी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को मुख्य आरोपी मंटू सिंह की गिरफ्तारी के बाद हत्या की वजह भी सामने आ गई है गौरतलब है कि बीते 2 सितंबर को महिला शिक्षिका लक्ष्मी कुमारी की उनके ही घर में लोहे की खंती से मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी और पुलिस पर जल्द खुलासे का दबाव था। पुलिस ने इस मामले में पहली गिरफ्तारी मंगलवार को की थी, जिसमें उसी स्कूल के प्रभारी शिक्षक ब्रजेश कुमार पिता बालदेव प्रसाद को गिरफ्तार किया गया था। वहीं दूसरी गिरफ्तारी मृतका के घर के ठीक सामने किराए के मकान में रहने वाले मंटू सिंह पिता श्याम मोहन सिंह, कादिरगंज निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने मंटू के पास से हत्या में प्रयुक्त लोहे की खंती, एक मोबाइल और खून लगा हुआ शर्ट बरामद किया है। पूछताछ में उसने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया है। सिटी एसपी शैलजा ने बताया कि मंटू मृतका के घर के सामने ही किराए पर रहता था और कईवर्षों से ही महिला शिक्षिका के घर आना-जाना करता था। मृतका के घर पर प्रभारी शिक्षक बृजेश कुमार का भी आना-जाना था, जो मंटू को

# शिक्षा विभाग के कार्यों की आयुक्त ने की समीक्षा

## विद्यालयों के नियमित निरीक्षण का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** प्रमंडलीय सभागार में शुक्रवार को आयुक्त हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। आयुक्त श्री राय ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सहित अन्य विद्यालय का भी नियमित निरीक्षण का निर्देश दिया। बैठक में दरभंगा प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, तीनों जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा सहित शिक्षा विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम भूमिहीन, भवनहीन एवं जर्जर भवन वाले विद्यालयों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने विद्यालयों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने तथा विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कस्तूरबा विद्यालयों में लगे सीसीटीवी कैमरों को सदैव सक्रिय एवं कार्यशील रखने तथा विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के नामांकन एवं उनकी नियमित उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि विद्यालय का वातावरण स्वच्छ, सुरक्षित एवं विद्यार्थियों के अनुकूल होना चाहिए, ताकि बच्चे निर्भीक होकर नियमित रूप से विद्यालय आएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें। बैठक के दौरान आयुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को आवासीय छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में रह रहे बच्चे नियमित रूप से पढ़ाई कर रहे हैं या नहीं, उन्हें भोजन, पेयजल, शौचालय, बिजली, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं या नहीं, इसकी नियमित जांच की जाए। साथ ही विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का भी आकलन करने की बात कही गई।तीनों जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों को सहयोग पोर्टल पर लंबित आवेदनों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में आयुक्त के सचिव सुशील कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, सहायक निदेशक योजना प्रीति कुमारी सहित दरभंगा प्रमंडल के तीनों जिलों के शिक्षा विभाग के वरीय एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# किताब लिखना आसान है, लेकिन लोगों को अपने बारे में सोचने पर मजबूर करना मुश्किल : अलका मिश्रा 'मिंकी'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हर लेखक के पास शब्द होते हैं, लेकिन हर लेखक के पास अपनी आवाज़ नहीं होती। कुछ लेखक वही लिखते हैं जो पाठक पढ़ना चाहता है, जबकि कुछ ऐसे होते हैं जो वह लिखने की कोशिश करते हैं जिसे पढ़ने के बाद पाठक को अपने ही विचारों पर दोबारा सोचने की जरूरत पड़े। अलका मिश्रा 'मिंकी' का लेखन इसी दूसरे रास्ते की ओर बढ़ता दिखाई देता है। उनकी पुस्तक 'कॉरपोरेट दरबार' इसी सोच का उदाहरण है। कॉरपोरेट दुनिया को सिर्फ सफलता, प्रमोशन और बड़े पदों की कहानी मानने के बजाय उन्होंने उसके भीतर मौजूद मानवीय व्यवहार, महत्वाकांक्षा, प्रभाव और सत्ता के सवालों को साहित्य के माध्यम से सामने रखने की कोशिश की है। अलका मिश्रा 'मिंकी' सिर्फ कहानी नहीं लिखतीं, सवाल छोड़ती हैं। किसी भी व्यवस्था की असली परीक्षा तब होती है जब कोई उससे असहज सवाल पूछता है। 'कॉरपोरेट दरबार' इसी असहजता को जगह देती है। क्या हर मेहनती व्यक्ति को उसका उचित सम्मान मिलता है? क्या हर प्रतिभा सही जगह पहुंचती है? क्या असहमति हमेशा स्वीकार की जाती है? और क्या सफलता के पीछे दौड़ते हुए हम कभी-कभी अपनी असली पहचान से दूर नहीं हो जाते? इन सवालों का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि आज का युवा अपने जीवन का बड़ा हिस्सा कार्यस्थल और पेशेवर प्रतिस्पर्धा में बिताता है।

**जहां 'सफलता' शब्द के पीछे छिपा है एक दूसरा सच**

सफलता को आमतौर पर मंजिल की तरह देखा जाता है। लेकिन हर मंजिल तक पहुंचने का रास्ता एक जैसा नहीं होता। किसी के लिए सफलता मेहनत का परिणाम है। किसी के लिए अवसर का। किसी के लिए सही लोगों से बने संबंधों का। और किसी के लिए लगातार समझौते करने की कीमत का। अलका मिश्रा 'मिंकी' इसी अंतर को देखने की कोशिश करती हैं। उनका लेखन यह फैसला सुनाने की बजाय पाठक को सोचने की जगह देता है कि आखिर सफलता की कीमत तय कौन करता है–व्यक्ति, समाज या व्यवस्था? बोल्ड



होने का मतलब शोर नहीं, सही सवाल पूछना है। आज के दौर में बेबाकी को अक्सर तेज भाषा या विवाद से जोड़ दिया जाता है। लेकिन साहित्य में असली बेबाकी वह है जहां लेखक बिना शोर किए ऐसा सवाल पूछ दे, जिसका जवाब देना आसान न हो। 'कॉरपोरेट दरबार' की यही दिशा अलका मिश्रा 'मिंकी' की पहचान को अलग बनाती है। उनके शब्दों में, 'हर चमकती कुर्सी के पीछे एक कहानी होती है और हर दरबार में कुछ अनकही आवाजें होती हैं। 'कॉरपोरेट दरबार' उन्हीं आवाजों को सुनने और शब्द देने की मेरी कोशिश है।' अब पहचान सिर्फ नाम की नहीं, विचार की बन रही है। किसी लेखक के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि यह नहीं कि लोग उसका नाम जानें। असली उपलब्धि तब है जब लोग उसके नाम के साथ एक विचार जोड़ने लगें। अलका मिश्रा 'मिंकी' के मामले में वह विचार है–अनकही बातों को आवाज देना और स्थापित तस्वीर के पीछे छिपे सवालों को सामने रखना। यही वजह है कि 'कॉरपोरेट दरबार' को सिर्फ एक पुस्तक के रूप में देखने के बजाय उस लेखकीय दृष्टिकोण के रूप में भी देखा जा सकता है, जिसे अलका मिश्रा 'मिंकी' अपनी अलग पहचान बनाने के लिए विकसित कर रही हैं। क्यों याद रह सकती है 'मिंकी' की आवाज़? क्योंकि लोकप्रियता हमेशा शोर से नहीं आती। कभी-कभी एक सही सवाल बहुत दूर तक जाता है। एक ऐसा सवाल जो किसी कर्मचारी को अपने ऑफिस के बारे में सोचने पर मजबूर करे। किसी युवा को अपने करियर के बारे में। किसी अधिकारी को नेतृत्व के बारे में। और किसी लेखक को यह समझने पर कि साहित्य का काम केवल मनोरंजन करना नहीं–समय के सवालों को दर्ज करना भी है।

# आठ प्रखंडों में 3.80 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले भर में डीएम रिची पांडेय के नेतृत्व में बाढ़ राहत-बचाव युद्धस्तर पर जारी है। शुक्रवार की दोपहर 2 बजे गंगा का जलस्तर 43 मीटर दर्ज हुआ, जो खतरे के निशान 41.76 मीटर से ऊपर और एचएफएल 43.52 मीटर के करीब है। सभी तटबंध सुरक्षित हैं और कड़ी निगरानी जारी है। जिले के 8 प्रखंडों की 37 पंचायत+2 नगर पंचायत के 189 गांव, 95,245 परिवार और 3,80,980 आबादी प्रभावित है। 269 नावें (23 सरकारी, 246 निजी) चल रही हैं, बछवाड़ा-तेघड़ा-मटिहानी-शाम्हो में एसडीआरएफ और बलिया में गक्टक्क तैनात। 183 सामुदायिक रसोई से अब तक 7,42,141 थाली भोजन, 31,113 पॉलीथीन शीट वितरित। स्वास्थ्य के लिए 71 मेडिकल कैंप, 4 बोट एंबुलेंस, 37,649 लोगों का इलाज। पशुओं के लिए 54 कैंप, 9,597 पशुओं का उपचार, 1,785.1 क्विंटल चारा वितरित। कृषि में 27,034 हेक्टेयर प्रभावित, जिसमें 19,504 हेक्टेयर में 33% से अधिक क्षति। घ्क्ब्क्क ने 137 अस्थायी शौचालय और 73 नए चापाकल लगाए।डीएम ने कहा प्रभावितों तक हर संभव सहायता पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए केडीएस फाउंडेशन ने किया राहत वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** मटिहानी प्रखण्ड के नयागांव में गंगा के जलस्तर बढ़ने से उत्पन्न बाढ़ में केडीएस फाउंडेशन ने राहत कार्य शुरू किया है। शुक्रवार को नयागांव में बाढ़ प्रभावित परिवारों को खाद्य सामग्री और दवाइयां बांटी गईं। अध्यक्ष डॉ पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हर साल सीमित संसाधनों से फाउंडेशन बाढ़ पीड़ितों की मदद करता है, इस साल शुरुआत नयागांव से हुई है। शनिवार को बलहपुर-महेंद्रपुर सहित अन्य क्षेत्रों में वितरण होगा। गंगा किनारे बसे लोगों को हर साल घर छोड़ना पड़ता है और भोजन-पानी-दवा के लिए जूझना पड़ता है। डॉ सिंह ने कहा हम छोटी संस्था हैं, हमारा प्रयास ऊंट के मुंह में जीरा जैसा है। बाढ़ उतरने के बाद डायरिया, त्वचा रोग और संक्रमण बढ़ते हैं, इसलिए बाद में स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाएंगे। उन्होंने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी बेगूसराय से व्यापक राहत अभियान शुरू करने की अपील की। कहा कि यह राजनीति या श्रेय का नहीं बल्कि मानवता के साथ खड़े होने का समय है।

# स्टूडेंट क्रेडिट में 33.75 करोड़ स्वीकृत, कुशल युवा में बेगूसराय चौथे स्थान पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय में डीएम रिची पांडेय की अध्यक्षता में सात निश्चय-1 व 2 की समीक्षा की।जिसमें डीडीसी आकाश चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड में इस वर्ष 1,247 आवेदन मिले, जुलाई तक 948 को स्वीकृति के साथ 33.75 करोड़ स्वीकृत। स्वयं सहायता भत्ता में 353 में 285 स्वीकृत। कुशल युवा में 3,336 आवेदन सभी स्वीकृत, प्राप्तांक 90.9% के साथ राज्य में बेगूसराय चौथा स्थान।हर खेत तक सिंचाई में जल संसाधन की 2 योजनाओं से 70 हेक्टेयर क्षमता विकसित, 100% पूर्ण। हर घर नल का जल में ग्रामीण में प्रगति संतोषजनक, शहरी में बेगूसराय निगम सहित बरौनी, बलिया, बखरी, बीहट, तेघड़ा के 196 वार्डों में अनुरक्षण व शुल्क संग्रहण की समीक्षा हुई। बीहट में बुडको से ?10.02 करोड़ का मोक्षधाम 100% पूर्ण, 4 लकड़ी व 2 इलेक्ट्रिक फर्नेस की व्यवस्था। ठोस-तरल कचरा प्रबंधन में ग्रामीण में सोलर लाइट व डोर-टू-डोर कचरा संग्रह बेहतर।डीएम ने सभी योजनाओं में समयबद्धता, गुणवत्ता, पारदर्शिता और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया।

# स्वामी विवेकानंद के विचारों को शिक्षा और आचरण में आत्मसात करें : राज्यपाल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन ने बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद पार्क, नवनिर्मित आईटी सेल भवन एवं विश्वविद्यालय के दक्षिणी छोर पर निर्मित प्रवेश द्वार का उद्घाटन किया। साथ ही स्वामी विवेकानंद की तांबे की प्रतिमा का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण अवसर है। प्रतिमा, पार्क, आईटी सेल भवन और प्रवेश द्वार का लोकार्पण केवल आधारभूत संरचनाओं का विस्तार नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की ज्ञान, संस्कृति और राष्ट्रनिर्माण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र, सेवा और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देता है। कुलाधिपति की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित यह समारोह विश्वविद्यालय परिवार को विवेकानंद के विचारों को शिक्षा, शोध और आचरण में आत्मसात करने की नई प्रेरणा देगा। राज्यपाल ने कहा कि युवा शक्ति ही समर्थ, स्वाभिमानी और विकसित भारत की आधारशिला है।

## परिजनों को मिली आपदा सहायता

**बलिया (नबिटा संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के दियारा इलाके में आई बाढ़ में तीन दिन पहले मंगलवार को परमानंदपुर पंचायत के हुसैना दियारा में बाढ़ के पानी में डूबने से दो किशोरी सपना और आकांक्षा की मौत हो गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए अजय यादव की पहल पर गुरुवार को दोनों मृतकों के परिजनों को आपदा प्रबंधन के तहत 4-4 लाख रुपये का चेक दिया गया। महज दो दिन में सहायता राशि मिलने की त्वरित कार्रवाई की

## लूटकांड का आरोपी प्रिंस उर्फ चिप्पा गिरफ्तार

**भगवानपुर (नबिटा संवाददाता)।** थाना क्षेत्र में फरवरी में हुई लूट का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। रिफाइनरी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर निवासी सुबोध महतो के पुत्र प्रिंस कुमार उर्फ चिप्पा को उसके घर से पकड़ा गया। ज्ञात हो कि 25 फरवरी की शाम 4 बजे विरपुर थाना के मैदा बभनगामा निवासी अमृत कुमार अपने बहनोई के यहां अहियापुर जा रहा था। तभी भगवानपुर के गेहुनी गांव में समसा-पीपरा पथ पर शांति चौक के पास दो अपराधियों ने हथियार दिखाकर उसकी बाइक और मोबाइल लूट ली थी। पीड़ित के बयान पर क्क्ष्ट दर्ज हुई थी।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, अन्य की तलाश में छापेमारी जारी है।

# जीडी कॉलेज में एनएसएस कार्यालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जीडी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के नए कार्यालय का उद्घाटन प्राचार्य डॉ भूपेंद्र नारायण सिंह, यूनिट-1 की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सहर अफरोज और यूनिट-2 के पदाधिकारी दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। प्राचार्य ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करता है, कार्यालय से गतिविधियां बेहतर संचालित होंगी। डॉ. सहर अफरोज ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक समस्याओं से जोड़ना है, नए कार्यालय से योजनाओं के क्रियान्वयन को स्थायी जगह मिलेगी। दिनेश कुमार ने कहा कि नियमित बैठक और जागरूकता कार्यक्रम संचालन में सुविधा होगी। स्वयंसेवक सुमित कुमार और अजित कुमार ने कहा कि कार्यालय से उत्साह बढ़ेगा और सेवा कार्यों को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। मौके पर फलक, याशमीन, अंकिता, प्रिंस, लक्की, गुलशन, विक्रम राठौड़ सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद थे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/628, दिनांक 10.09.2026;** सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं. एसडीएसटीई/सिग/टी/17/26-27/सीएपी; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** सियालदह मंडल में बैरकपुर (बीपी), नैहाटी (एनएच) तथा दक्षिणेश्वर (डीएकेई) में प्लेटफॉर्म के विस्तार के संबंध में सिग्लनिंग कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 4,40,65,731.46; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 8,81,300; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 9 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 23.09.2026; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख:** 07.10.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 07.10.2026 को 14.30 बजे। विस्तृत विवरण: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **पात्रता के तकनीकी मानदंड:** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंड:** निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलनग्क-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज:** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्य:** इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य [इनडोर या (इनडोर +आउटडोर)] तथा/अथवा पैनल इंटरलॉकिंग कार्य [इनडोर या (इनडोर +आउटडोर)] तथा/अथवा रूट रिले इंटरलॉकिंग कार्य [इनडोर या (इनडोर +आउटडोर)]। **टिप्पणी:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए। (SDAH-219/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter





# कृष्ण जन्माष्टमी पर कृष्ण सेना पौथू ने निकाली शोभायात्रा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कृष्ण सेना पौथू के द्वारा छठिहार के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण का महाप्रसाद, भव्य शोभायात्रा एवं छात्र-छात्राओं के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, अभिभावकों, युवाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमरेंद्र कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक, औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, अजय यादव तथा कृष्णा सामाजिक सेवा संघ, गोह के संरक्षक एवं पौथू पैक्स अध्यक्ष शम्भू कुमार भारती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों, सामाजिक समरसता तथा धर्म और न्याय के लिए उनके संघर्ष पर प्रकाश डाला। साथ ही प्रतियोगिता एवं विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर शम्भू कुमार भारती ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण केवल एक धार्मिक आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि मानवता, मित्रता, प्रकृति संरक्षण, गौ सेवा, न्याय और धर्म के मार्ग के महान प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जिस प्रकार समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों की रक्षा की, उसी प्रकार प्रत्येक मनुष्य को अपने आसपास के लोगों की सहायता और सुरक्षा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने सुदामा के साथ उनकी मित्रता का उदाहरण देते हुए कहा कि श्रीकृष्ण ने मित्रता को जाति, वर्ग और आर्थिक स्थिति से ऊपर रखा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गौ, प्रकृति, पशु-पक्षियों और समाज के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया। महाभारत के युद्ध में अर्जुन जब अपने कर्तव्य से विचलित हुए, तब श्रीकृष्ण ने उन्हें धर्म और कर्तव्य का मार्ग दिखाया तथा अधर्म के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा दी। श्री भारती ने कहा कि आज के दौर में समाज के प्रबुद्ध अभिभावकों और नौजवानों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं विचारों से प्रेरणा लेकर सत्य, न्याय, सद्भाव और मानव सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री नारायण कुमार ने की। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष शशि रंजन, संरक्षक मंडल के हिरालाल कुमार, सह-संयोजक एवं मीडिया प्रभारी आनंद बिहारी, चंदन, विकास, डॉ. रोहित कुमार, डॉ. जितेंद्र कुमार, कमलेश यादव (उप प्रमुख, रफीगंज), शंकर, अमोद, विनोद, विपिन रंजन, अम्बोज, रामभक्त कुमार, डॉ. विजेंद्र सहित कृष्ण सेना पौथू के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा ने बंद पड़े नाले का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** बारिश के मौसम में शहर में जलजमाव की समस्या से लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए नगर पंचायत प्रशासन ने पहल शुरू कर दी है। शुक्रवार दोपहर नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा ने रफीगंज शहर के डाक बंगला के समीप वर्षों से बंद पड़े नाले का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ने नाले की स्थिति का जायजा लिया और जल निकासी की समस्या को लेकर आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से लंबित नाले के निर्माण की दिशा में जल्द ही कार्य शुरू कराया जाएगा, ताकि बारिश के पानी की सुचारू रूप से निकासी हो सके और शहरवासियों को जलजमाव की समस्या से राहत मिल सके। नाला निर्माण होने से आसपास के लोगों के साथ-साथ राहगीरों को भी आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। नगर पंचायत प्रशासन की इस पहल से स्थानीय लोगों में भी उम्मीद जगी है कि लंबे समय से चली आ रही जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।

# विवेकानंद स्कूल की प्रभावी भूमिका



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भखरुआं स्थित विवेकानंद स्कूल आफ एजुकेशन में शुक्रवार को शिक्षक दिवस से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. महेंद्र शर्मा, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विकास कुमार, भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, संस्था के मैनेजर सुनील कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर अद्यंत वत्स, डिप्टी डायरेक्टर सह काउंसलर अद्या वत्स, प्राचार्य रेखा कुमारी, लेखक एवं पत्रकार उपेंद्र कश्यप ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि अभाव के बीच शिक्षा के क्षेत्र में विवेकानंद स्कूल आफ एजुकेशन प्रभावी भूमिका निभा रहा है। यह संस्थान संस्कार से शिक्षा को जोड़कर सफल पीढ़ी बनाने का काम कर रहा है। इन्होंने कहा कि किसी भी इंसान की प्रथम गुरु उसे जन्म देने वाली मां होती है। उसके बाद उसे संवारने का काम शिक्षक करते हैं। वह उसका भविष्य बनाते हैं। भाजपा प्रवक्ता अश्विनी तिवारी ने कहा कि शिक्षक का सम्मान तभी पूरा होगा जब उनके सपनों को विद्यार्थी साकार करें। शिक्षक से श्रेष्ठ कोई नहीं होता शिक्षक स्वयं के लिए कुछ नहीं करते। वह चाहते हैं कि उनके पढ़ाये विद्यार्थी बड़ी से बड़ी सफलता हासिल करें। संस्था की ओर से सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। भारत के राष्ट्रपति रहे सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्पांजलि की गई। दीप प्रज्वलित किया गया, जिनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। अतिथियों के साथ अभिभावक उपस्थित रहे।

## नई कमेटी के गठन पर होगा विचार, पूर्व सदस्यों और ग्रामीणों से शामिल होने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**हसपुरा/औरंगाबाद।** आगामी दशहरा पर्व को लेकर हसपुरा बाजार स्थित श्री आदिशक्ति दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना, भव्य सजावट एवं अन्य तैयारियों को लेकर शनिवार की शाम बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक शाम 7 बजे श्री दुर्गा मंदिर परिसर में होगी। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर नई पूजा समिति के गठन सहित पूजा की तैयारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष पिंटू चौधरी ने बताया कि पिछले चार वर्षों से उनके नेतृत्व में समिति द्वारा श्रद्धा और सेवा भाव के साथ दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता रहा है।

# शूटिंग प्रतियोगिता में अमेन्द्र ने महाविद्यालय का नाम किया रोशन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद।** अंतर महाविद्यालयीय शूटिंग प्रतियोगिता में राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय के छात्र अमेंद्र कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय सहित पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। अंतर महाविद्यालयीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन राजेंद्र मेमोरियल महिला महाविद्यालय, नवादा में किया गया। प्रतियोगिता में अमेन्द्र कुमार ने शानदार निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पूर्वी क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी उनका चयन किया गया है। यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. विजय रजक ने अमेंद्र कुमार सहित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को उचित मंच एवं प्रोत्साहन प्रदान करना महाविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अमेन्द्र कुमार की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। राजेंद्र मेमोरियल महिला महाविद्यालय, नवादा के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार ने भी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय के खेल प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक कुमार ने बताया कि पुरुष वर्ग में महाविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ तीन निशानेबाजों में गौतम कुमार, अमेन्द्र कुमार एवं रोहित कुमार शामिल रहे।

## उत्तर कोयल नहर को लेकर 604वें दिन भी डटे रहे किसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** उत्तर कोयल नहर को चालू कराने की मांग को लेकर किसान मजदूर मोर्चा का धरना प्रदर्शन शुक्रवार को 604वें दिन भी जारी रहा। रफीगंज प्रखंड परिसर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समीप चल रहे धरना को लेकर मोर्चा के सदस्यों ने बैठक कर आंदोलन को और मजबूती देने पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता लड्डू खान ने की, जबकि संचालन किसान नेता सतेन्द्र यादव ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि उत्तर कोयल नहर की विभिन्न शाखाओं आगरा, कोटवारा, चेई नवादा सहित कुटकुट डैम के सर्वेक्षण और नहर के संचालन की मांग को लेकर किसान लगातार आंदोलन कर रहे हैं।

# भारत सार्वभौमिक भ्रातृत्व का संदेशवाहक : डॉ. शंभू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** सात दिवसीय हिंदी महोत्सव के चौथे दिन आनंदपुरा रोड स्थित विवेकानंद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन एवं महोत्सव परिवार के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक शिकागो भाषण पर विचार संगोष्ठी एवं विद्यार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। वक्ताओं ने उनके विचारों को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए शिक्षा, संस्कार, मानवता, भारतीय संस्कृति और विश्वबंधुत्व के संदेश को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, प्रोफेसर विनोद सिंह, जनेश्वर विकास केंद्र के अध्यक्ष रामजी सिंह, वरिष्ठ कवि लवकुश प्रसाद सिंह, साहित्य संवाद के अध्यक्ष लालदेव प्रसाद, खादी ग्राम उद्योग के पूर्व अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, प्रोफेसर रामचंद्र सिंह एवं कला कौशल मंच के अध्यक्ष आदित्य श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंध समिति ने अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता शंभू शरण नाथ सिंह ने की और संचालन समाजसेवी एवं शिक्षक अविनाश कुमार ने किया। डॉ. मिश्रा ने शिकागो भाषण की ऐतिहासिक एवं वैचारिक महत्ता बताते हुए भारतीय संस्कृति, सहिष्णुता और सर्वधर्म समभाव के संदेश को रेखांकित किया। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया। अंतिम सत्र में लोक गायक राम श्लोक रामा एवं लोक गायिका सिमरन कुमारी ने पारंपरिक गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अशोक सिंह, वीरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, सुरेश ठाकुर, मिथिलेश महतो, रामचंद्र सिंह समेत शिक्षक, विद्यार्थी, साहित्यकार, समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हिंदी दिवस पखवाड़ा पर प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर महाविद्यालय में हिंदी दिवस पखवाड़ा 2026 के अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा निबंध एवं कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. एम.एस. इस्लाम के निर्देशन आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के लिए अलग-अलग विषय दिए गए थे। निबंध के लिए 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और हिंदीःअवसर, चुनौतियां और भविष्य' एवं कविता लेखन के लिए 'मेरी हिन्दी, मेरा स्वाभिमान' विषय रखा गया था। हिंदी विषय के अलावा महाविद्यालय के दुसरे विषय के इच्छुक छात्रों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया।
प्रतियोगिता का औचक निरीक्षण राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. देव प्रकाश, आईक्यूएसी के प्रभारी बॉटनी के सहायक प्राध्यापक सुमित मिश्रा एवं भौतिकी के सहायक प्राध्यापक कुमार गौरव ने किया। हिन्दी के सहायक प्राध्यापक मंजू कुमार सोरेन एवं सहायक प्राध्यापक डॉ.कुणाल किशोर ने की प्रतियोगिता की निगरानी की। सभी प्रतिभागी अपने निबंध एवं कविता का पाठ हिन्दी दिवस के दिन मंच से करेंगे। उनमें से उत्कृष्ट आने वाले प्रतिभागियों को प्राधानाचार्य द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## खादी ग्रामोद्योग समिति में मनी संत विनोबा भावे की जयंती



**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के रमेश चौक स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित संस्था ग्राम मंडल खादी ग्रामोद्योग समिति में खादी कार्यकर्ताओं द्वारा भूदान यज्ञ आंदोलन के प्रणेता संत विनोबा भावे की 131 वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने विनोबा भावे की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस मौके पर खादी भंडार के व्यवस्थापक मोहन पांडेय ने अपने कार्यकर्ताओं के बीच संत विनोबा भावे के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर अमानत हुसैन, नरेश दास, मनीष कुमार, विजय प्रताप सिंह, शिवकुमार दास, अहमद खलीफा सहित मौजूद रहे।

## तेजस्वी यादव ने जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का दिया संदेश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के सरकारी आवास पर औरंगाबाद जिला राजद के वरिष्ठ नेताओं एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें संगठन को अधिक धारदार, असरदार, मजबूत एवं संघर्षशील बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पूर्व मंत्री डॉ. कान्ति सिंह, प्रधान महासचिव रणविजय साहू, पूर्व मंत्री डॉ. सुरेश पासवान, पूर्व विधायक निहालुद्दीन, पूर्व विधायक भीम कुमार यादव, पूर्व विधायक ऋषि कुमार, नबीनगर के पूर्व राजद प्रत्याशी अमोद चंद्रवंशी, रफीगंज के राजद प्रत्याशी गुलाम शाहिद तथा निवर्तमान जिला अध्यक्ष सह गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा सहित सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। नेताओं ने संगठन को पंचायत स्तर से बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा पुराने एवं नए कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने पर सुझाव दिए।

## जन्म से मृत्यु तक चल रहीं 150 योजनाएं

**दाउदनगर (औरंगाबाद) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त अरविंद कुमार सिंह का शुक्रवार को दाउदनगर पहुंचने पर विभिन्न स्थानों पर स्वागत एवं सम्मान किया गया। गयाजी रोड स्थित डॉ. दिनेश कुमार वर्मा के क्लीनिक के पास भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी के नेतृत्व में समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे विवेकानंद मिशन स्कूल पहुंचे। यहां विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर अद्यंत वत्स, डिप्टी डायरेक्टर सह काउंसलर अद्या वत्स ने बुके एवं मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया। मोमेंटो पर उनका फोटो एवं पद अंकित था। डिप्टी डायरेक्टर अद्यंत वत्स ने उन्हें विद्यालय परिसर में स्थित प्ले एरीना, म्यूजिक एंड डांस रूम तथा स्पोर्ट्स रूम का निरीक्षण कराया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी ली और विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। मुख्य अतिथि अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देने के साथ अनुशासन, संस्कार, नैतिकता और जिम्मेदारी का पाठ भी पढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय स्वर्णिम काल की तरह है। वर्ष 2004 से पहले के बिहार की स्थिति की चर्चा करते हुए कहा कि आज सरकार की ओर से करीब 150 योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

# मेगा टिकट जांच अभियान में 3012 यात्री पकड़े, 26.46 लाख वसूले



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**पटना।** मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर विनोद कुमार के मार्गदर्शन में दानापुर मंडल में 11 सितंबर को सुबह 6 बजे से रात 24 बजे तक मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। प्रमुख स्टेशनों और विभिन्न ट्रेनों में सघन जांच कर बिना टिकट एवं अनियमित टिकट यात्रियों पर कार्रवाई की गई। दानापुर स्टेशन पर अभियान का जायजा अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी) वीरेंद्र कुमार एवं वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ ने लिया। सहायक वाणिज्य प्रबंधक एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त ने भी अभियान में योगदान दिया। दानापुर स्टेशन पर शाम 7 बजे तक 812 बिना टिकट/अनियमित टिकट यात्रियों से 7,14,560 का राजस्व वसूला गया। वहीं, मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेनों में कुल 3012 यात्रियों से 26,46,000 की वसूली हुई। आरक्षित कोचों, विशेषकर एसी कोचों की सघन जांच की गई। अभियान के तहत ट्रेन संख्या 53211, 13250, 12303, 63213, 20801, 13201 एवं 13238 में अतिरिक्त ठहराव लेकर जांच की गई। वाणिज्य निरीक्षक/पर्यवेक्षक तथा आरपीएफ/आरपीएसएफ के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी भाग लिया। यात्रियों को उचित टिकट लेकर यात्रा करने और रेलवे नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।


बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

पशुपालकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

पशुओं की बेहतर सेहत—पशुपालकों की खुशहाली

बिहार के समस्त पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना की आधुनिक प्रयोगशालाओं में आपके पशुओं के स्वास्थ्य की जाँच हेतु निम्नलिखित सुविधाएँ नियमित रूप से नि :शुल्क उपलब्ध हैं–

उपलब्ध नि :शुल्क जाँच सुविधाएँ :

| जाँच का प्रकार | प्रमुख परीक्षण |
| --- | --- |
| खून की जाँच | ब्लड प्रोटोजोआ, T.C., D.C., ESR, हीमोग्लोबिन |
| संक्रामक रोग | जोन्स डिजीज, T.B., ब्रुसेलोसिस, ग्लैंडर्स टेस्ट |
| दूध एवं मूत्र | मिल्क कल्चर सेंसिटिविटी, यूरिन रूटीन एवं यूरिन कल्चर |
| पोल्ट्री (मुर्गी पालन) | P.M., पैरासिटोलॉजिकल, पैथोलॉजिकल बैक्टीरियोलॉजिकल एवं जल जाँच |
| अन्य महत्वपूर्ण जाँच | गोबर (Fecal) जाँच, स्किन स्क्रेपिंग, लिम्फ नोड बायोप्सी |

पशु आहार टेस्ट की सशुल्क सुविधा उपलब्ध

अपने बीमार पशुओं के सटीक उपचार और बेहतर उत्पादन के लिए आज ही संस्थान की सेवाओं का लाभ उठाएं। निःशुल्क जाँच हेतु सैंपल के साथ पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना से संपर्क करें।




स्थान : पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के समीप, पटना।

PR No.- 011488 (Animal)D. 2026-27

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार

@BiharDFARD

# महादेव ट्रेडर्स गुड़ कारखाने का एसडीओ ने किया औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा शुक्रवार को डिहरी रोड स्थित वीआईपी कॉलोनी में संचालित महादेव ट्रेडर्स के गुड़ कारखाने का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारखाना परिसर की साफ-सफाई, उत्पादन कार्य के संचालन, श्रमिकों की कार्यस्थिति, कच्चे माल के भंडारण तथा तैयार गुड़ की गुणवत्ता से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान परिसर में स्वच्छता की कमी, अपशिष्ट प्रबंधन में लापरवाही और निर्धारित मानकों के पूर्ण अनुपालन में खामियां पाई गईं जिसे प्रशासन ने गंभीरता से लिया। मौके पर मौजूद कारखाना संचालक को अनुमंडल पदाधिकारी ने तत्काल आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया और स्पष्ट कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता से जुड़े नियमों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कारखाना परिसर में नियमित साफ-सफाई, पीने के पानी की समुचित व्यवस्था, नालियों की सफाई, कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण तथा कार्यस्थल पर श्रमिकों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही निर्देश दिया गया कि निरीक्षण में चिन्हित सभी कमियों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण कर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया जाए। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में संचालित सभी प्रतिष्ठानों और कारखानों को सरकार द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का शत-प्रतिशत पालन करना होगा और समय-समय पर इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण से स्थानीय व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है, वहीं आम लोगों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में सुधार होगा और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

## हत्या के प्रयास के दो दोषियों को तीन-तीन साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर थाना कांड संख्या 788/17 में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-3, सासाराम की अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। न्यायालय ने हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं 307/341/323/34 भा.द.वि. के अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। दोषियों की पहचान डीजे कुमार, पिता जगदीश रजक और पूर्णवासी रजवार, पिता जुगनू रजवार के रूप में हुई है। दोनों रजबारवा बिगहा, डालमियानगर के रहने वाले हैं। अदालत ने दोनों अभियुक्तों को धारा 308/34 भा.द.वि. के तहत 3-3 वर्ष के कठोर कारावास और 5000-5000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं भरने पर 2 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## 40 पुलिस अधिकारियों का ट्रांसफर, कई थाना प्रभारियों की बदली कमान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास पुलिस महकमे में गुरुवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज के निर्देश पर जिले के 40 पुलिस अधिकारियों का पदस्थापन बदल दिया गया है। नई तैनाती के तहत कई अधिकारियों को थानों से हटाकर अनुसंधान इकाइयों में भेजा गया है जबकि अनुसंधान से जुड़े पदाधिकारियों को विभिन्न थाना क्षेत्रों में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी जिला आदेश के अनुसार सासाराम, डिहरी, बिक्रमगंज, रोहतास, तिलौथू, शिवसागर, करगहर, करबंदिया, बड्डी, दिनारा, राजपुर, काराकाट, नासरीगंज और सूर्यपुरा समेत कई क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों की तैनाती बदली गई है। इसके अलावा चेनारी, अकोढ़ीगोला, अगरेर, इंद्रपुरी, परसधुआ, डिहरी मुफस्सिल, यातायात थाना और कछवां सहित विभिन्न थाना एवं पुलिस इकाइयों में भी अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है। फेरबदल के तहत थाना स्तर पर कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों के साथ अनुसंधान कार्य से जुड़े पदाधिकारियों का भी स्थानांतरण किया गया है। माना जा रहा है कि इस बदलाव का उद्देश्य जिले में पुलिसिंग को और प्रभावी बनाना तथा लंबित मामलों के अनुसंधान में तेजी लाना है।

**तत्काल योगदान का आदेश**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी आदेश में सभी संबंधित पदाधिकारियों को नई पदस्थापना स्थल पर तत्काल योगदान करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही वर्तमान पदस्थापना स्थल का प्रभार नियमानुसार सौंपने और योगदान प्रतिवेदन संबंधित शाखा को उपलब्ध कराने को कहा गया है। पुलिस महकमे में हुए इस व्यापक फेरबदल के बाद अब नई जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों के प्रदर्शन पर नजर रहेगी। नई तैनाती से संबंधित थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था और अनुसंधान व्यवस्था को और गति मिलने की उम्मीद है। पुलिस उप महानिरीक्षक (विशेष शाखा) हरप्रीत कौर ने शुक्रवार को कैमूर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय कक्ष का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक ने कैमूर जिले में लंबित कांडों, सीसीटीएनएस, आनलाइन एफआईआर, पुलिस गस्ती की व्यवस्था, बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा एवं अन्य बिंदुओं की गहन समीक्षा की।

## जनता दरबार में 109 शिकायतों की सुनवाई, मामलों का मौके पर समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा शुक्रवार 11 सितंबर 2026 को अपने कार्यालय कक्ष में सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित कुल 109 परिवाद प्रस्तुत किए जिनमें भूमि विवाद से जुड़े 78 मामले, आपूर्ति विभाग से संबंधित 12 मामले तथा अन्य विभिन्न विषयों से जुड़े 19 मामले शामिल थे। जनता दरबार के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और उनमें से 36 परिवादियों के आवेदनों पर ऑन द स्पॉट सुनवाई करते हुए निष्पादन कर दिया जबकि शेष मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अंचल अधिकारियों, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने परिवादियों को आश्वस्त किया कि प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और आम नागरिक अपनी शिकायतों को जनता दरबार के माध्यम से सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। इस पहल से आम लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है और बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने इसे जनहित में सकारात्मक कदम बताया।

## विद्युत चोरी के आरोप में चार लोगों पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजपुर।** विद्युत चोरी के आरोप में विद्युत विभाग की ओर से चार लोगों के खिलाफ बघेला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष करण कुमार ने इसकी पुष्टि करते बताया कि विद्युत विभाग के जेई ने आवेदन देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराते हुए जुर्माना लगया है। आरोपितों की पहचान क्रमशः अहमद मियां, पिता घुटी मियां, अलीबाज अहमद, पिता रसूल मियां, हैदर अंसारी, पिता रमजान अंसारी तथा ताईबुन्निसा बीबी, पति सुलेमान अंसारी, सभी ग्राम क्रमकिला, थाना बघेला, जिला रोहतास के रूप में हुई है।

## स्वास्थ्य विभाग के धावा दल ने की निजी अस्पताल, अल्ट्रासाउंड केन्द्र की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी (रोहतास)।** जिला द्वारा गठित स्वास्थ्य विभाग के धावा दल चिकित्सकीय टीम शुक्रवार को चेनारी बाजार व आसपास की इलाकों में टीम द्वारा अवैध रूप से चल रहे निजी अस्पताल, जांच घर, अल्ट्रासाउंड केंद्र की जांच की गई। इस दौरान पूरे दिन निजी अस्पतालों और अल्ट्रासाउंड में अफरा-तफरी का माहौल रहा। कई लोग जांच शुरू होते ही अपना शटर गिरा कर फरार हो गए। कई अस्पताल संचालक अपना बोर्ड उतार कर ताला बंद कर गायब हो गए। विभाग के टीम में बीडीओ प्रियंका कुमारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजीत कुमार, इओ अभिषेक भारती, थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार द्वारा विभिन्न अल्ट्रासाउंड केंद्र, जांच घर, निजी अस्पताल की जांच की गई, तथा वीडियो भी बनाया गया। जांच टीम के अधिकारी ने कहा कि वरीय अधिकारी के निर्देश पर लगभग डेढ़ दर्जन जगह की जांच की गई और संबंधित अस्पताल के व्यवस्थापक चिकित्सा से बात कर अस्पताल व केंद्र की वस्तु स्थिति की जानकारी ली गई। बता दें कि चेनारी प्रखंड में डेढ़ सौ से अधिक निजी अस्पताल, जांच घर, अल्ट्रासाउंड केंद्र अवैध रूप से चल रहे हैं जहां प्रत्येक दिन मरीज को अप्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा जो नॉन मेटिक भी है, वह अभी चेनारी बाजार व आसपास इलाके में एक रूम लेकर क्लीनिक चला रहे हैं। कई क्लीनिक का यही काम है कि आसपास के गरीब, मजदूर, किसान जो गंभीर रूप से बीमार चल रहे हैं। उन्हें भर्ती लेकर बनारस, चंदौली, सासाराम, मोहनिया के बड़े अस्पताल में रेफर करते हैं और उक्त अस्पताल से लाखों रुपए वसूल रहे हैं। यह अस्पताल में कोई प्रशिक्षित चिकित्सक नहीं रहते हैं, फिर भी बड़े-बड़े नामी डॉक्टर का अस्पताल के आगे बोर्ड लगा हुआ है जिसे देख लोग वहां पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि काफी दिनों से चेनारी में इन अस्पतालों पर कार्रवाई नहीं हुई जिसके कारण कई जगह से लोग आकर ग्रामीण व शहरी इलाके में अस्पताल संचालक का कार्य कर रहे हैं। कई ग्रामीणों ने कहा कि इनकी शिकायत प्रखंड स्तर के अधिकारी से करने पर कोई कार्रवाई नहीं होता है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजीव कुमार ने कहा कि विभिन्न अस्पतालों की जांच की जा रही है।

## गड्ढों में तब्दील नासरीगंज-दाउदनगर रोड

### आक्रोशित युवाओं ने किया चक्का जाम, सीओ ने दिया ईंट से भरने का आश्वासन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** जिले के नासरीगंज से दाउदनगर जाने वाली मुख्य सड़क पर बने गड्ढों को भरने की मांग को लेकर युवाओं ने सड़क जाम कर दिया। लगातार सड़क हादसे होने से ग्रामीणों और युवाओं में आक्रोश है। साथ ही दाउदनगर मोड़ पर सड़क के दोनों ओर थाने की जब्त की गई गाड़ियां लगी होने से जाम और हादसे का खतरा बना रहता है जिसे हटाने की मांग हो रही है। इस जाम से घंटों यातायात बाधित रहा। मामले की सूचना दूरभाष पर रोहतास एसपी मिस्टर राज और डीएम दीपक मिश्रा को दी गई जिसके बाद कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। नासरीगंज अंचल अधिकारी अर्चना कुमारी मौके पर पहुंचकर आश्वासन दिया कि फिलहाल गड्ढों को ईंट से भर दिया जाएगा और स्थायी समाधान के लिए संबंधित विभाग को पत्र लिखा गया है।

## शिवगंज राधा-कृष्ण मंदिर में धूमधाम से मना जन्माष्टमी के बाद छठिहार

### भजन-कीर्तन में झूम उठे श्रद्धालु, भंडारे में सैकड़ों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** शिवगंज स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने राधा-कृष्ण मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर जन्माष्टमी महोत्सव के बाद गुरुवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। मंदिर के महंत मनोहर बाबा ने बताया कि शिवगंज स्थित यह सैकड़ों वर्ष प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर डोल रखने की पुरानी परंपरा चली आ रही है। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष भी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर विशेष पूजा-अर्चना के साथ भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। छठिहार के अवसर पर मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा। भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के बाद देर तक भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चलता रहा। स्थानीय श्रद्धालुओं एवं भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत विभिन्न भजनों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। 'ऐ ललना' सहित कई सोहर एवं भक्ति गीतों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। महंत मनोहर बाबा ने बताया कि मंदिर में केवल जन्माष्टमी ही नहीं, बल्कि इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण की छठिहार भी परंपरागत रूप से बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। छठिहार के अवसर पर भी विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस प्राचीन परंपरा को आज भी श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ निभा रहे हैं। महंत ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। मंदिर की वर्षों पुरानी परंपराओं को आगे भी इसी प्रकार श्रद्धा और उत्साह के साथ जारी रखा जाएगा।

## डेढ़गांव में टूटे पोल पर टंगा ट्रांसफॉर्मर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** प्रदेश सरकार की इन दिनों चल रही अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम सहयोग शिविर दावथ प्रखंड में बेमानी साबित हो रहा है। बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र के डेढ़गांव पैक्स के राइस मिल के लिए विशेष तौर पर लगे 64 केवीए का ट्रांसफार्मर का पोल पुरी तरह से टूट गया है और प्रतिदिन दुर्घटना का आमंत्रण दे रहा है। डेढ़गांव पैक्स अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि यहां के पैक्स के लिए लगाए गए विद्युत ट्रांसफार्मर का पोल जिस पर वह टंगा हुआ है, छह माह पहले की पुराना जर्जर होकर नीचे से ही टूट गया है। इस संबंध में मैंने विभाग के दावथ जेई से कई बार सूचना दी, लिखित और मौखिक परंतु इस तरफ से वे लापरवाह दिखे उसके बाद बीते जून माह में दावथ प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित सहयोग शिविर में आवेदन दिया था, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नही हुआ। यहां के लोगों को टूटे पोल के गिरने से विद्युत ट्रांसफार्मर की क्षति तो होगा ही जानमाल का भी खतरा बना हुआ है। प्रदेश सरकार द्वारा पदाधिकारियों के माध्यम से सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदन का निष्पादन एक माह में कर देने की बात कही जाती है, परंतु इस समस्या की शिकायत पत्र दिए तीन माह होने के हैं परंतु अभी निष्पादन नहीं हुआ, ऐसे में लगाता है कि स्थानीय प्रशासन कि निष्क्रियता सरकार की सहयोग शिविर का आयोजन बेमानी साबित हो रहा है।

## चंदनपुरा में आज भगवान बलभद्र जन्मोत्सव एवं पूजन समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू/चंदनपुरा।** राष्ट्रीय कलवार सेवा समिति चंदनपुरा, रोहतास के तत्वावधान में भगवान बलभद्र जन्मोत्सव एवं पूजन समारोह का आयोजन 12 सितंबर, शनिवार को चंदनपुरा स्थित व्याहुत वैश्य बंधु उच्च विद्यालय परिसर में किया जाएगा। समारोह को लेकर आयोजन समिति की तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में ब्याहुत, जायसवाल, सूड़ी, कलवार सहित समाज की विभिन्न उपजातियों के लोगों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे भगवान बलभद्र की पूजा-अर्चना से होगी। इसके बाद सुबह 10 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा। सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि द्वारा समारोह का उद्घाटन होगा जबकि 11:10 बजे अतिथियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। 11:30 बजे सम्मानित अतिथियों का उद्बोधन होगा। विधायक, सांसद, एमएलसी, मंत्री सहित दर्जनों मुख्य स्थिति का आगमन तिलौथू में।
समारोह के दौरान दोपहर 2 बजे भव्य प्रीतिभोज जबकि 3 बजे मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। शाम 4 बजे पुनः प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम के संयोजक ओमजी ने बताया कि समारोह का उद्देश्य समाज के लोगों को एकजुट करना, आपसी भाईचारे को मजबूत करना तथा नई पीढ़ी को शिक्षा और संस्कार के प्रति प्रेरित करना है। समारोह में समाज के वरिष्ठ जनों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों की उपस्थिति रहेगी। समारोह को लेकर चंदनपुरा सहित आसपास के क्षेत्रों में समाज के लोगों में खासा उत्साह है। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से समारोह में पहुंचकर भगवान बलभद्र का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## जन सुराज की बैठक में विकास व सामाजिक एकता पर चर्चा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** 11 सितंबर को कर्बला के पास मो. नियाज की अध्यक्षता में जन सुराज के बैनर तले सामाजिक बैठक आयोजित हुई। समाजसेवी मो. मोईनुद्दीन अंसारी के सहयोग से आयोजित बैठक में प्रशांत किशोर के विचारों, आगामी विधानसभा चुनाव तथा क्षेत्रीय विकास के मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सड़क, स्वच्छता और युवाओं के भविष्य के साथ सामाजिक सौहार्द एवं जनहित को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। मौके पर सनाउल्लाह, इरफान अहमद, इजहार अंसारी, अफजल आलम, राजा हाशमी, सैफुन निशा, मो. इरशाद, अहमद अंसारी, मुश्ताक, गौहर आलम व मो. आजाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एकादशी पर बक्सर गंगा स्नान हेतु निःशुल्क बस सेवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** गोड़ारी नगर पंचायत क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए एकादशी व्रत के पावन अवसर पर गंगा स्नान हेतु बक्सर जाने के लिए निःशुल्क बस सेवा की व्यवस्था की गई है जिसके तहत 22 सितंबर 2026, दिन मंगलवार को सुबह 6 बजे बस रवाना होगी और इच्छुक श्रद्धालु इस धार्मिक यात्रा का लाभ उठा सकेंगे। आयोजकों ने बताया कि एकादशी व्रत जो करे हमेशा, ताके तन नहीं रहे कलेशा की भावना के साथ यह आयोजन किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक नगर पंचायतवासी पुण्य लाभ अर्जित कर सके। इस पावन अवसर पर गोड़ारी नगर पंचायत के सभी वार्डों के नागरिकों से अपील की गई है कि वे समय पर निर्धारित स्थान पर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं और हमें अनुगृहित करें। कार्यक्रम का सौजन्य अभिभावक मुख्य पार्षद मुन्ना भारती द्वारा किया गया है जबकि व्यवस्थापक के रूप में राहुल जी की जिम्मेदारी रहेगी और निवेदक मुख्य पार्षद राधिका कुमारी हैं। आयोजकों के अनुसार श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम यात्रा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। बस सेवा पूरी तरह निःशुल्क रहेगी जिससे आर्थिक रूप से कमजोर श्रद्धालु भी बिना किसी बाधा के गंगा स्नान कर पुण्य के भागी बन सकेंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार एकादशी व्रत और गंगा स्नान का विशेष महत्व है और इस आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा। नगर पंचायत प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अनुशासन बनाए रखने और समय का पालन करने का आग्रह किया है ताकि यात्रा सफल और सुखद हो सके।


कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि. ESIC

क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार/Regional Office, Bihar
पंचदीप भवन,जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पटना-800001
Panchdeep Bhawan, Nehru Marg, Patna - 01
rd-bihar@esic.gov.in EsicPatna 0612-2521928
www.esic.gov.in/robihar.esic.gov.in Esicpatna

पत्रांक 42-D/45/11/2022 दिनांक: 11.09.2026

**ई-निविदा सूचना (GeM के माध्यम से)**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC), क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में क0रा0बी0नि0 शाखा कार्यालय खोलने हेतु लगभग **1000 वर्ग फुट** (carpet area) का भवन **03 वर्षों** के लिए किराए पर लेने हेतु **गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस** (GeM) पोर्टल के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**निविदा का विवरण:**

| क्र. सं. | जिलों के नाम | निविदा प्रारंभ तिथि | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | तकनीकी बोली खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अररिया, सुपौल, पश्चिमी चंपारण, मधेपुरा, किशनगंज एवं बांका | 08.09.2026 | 29.09.2026 | 29.09.2026 |

**महत्वपूर्ण निर्देश एवं शर्तें:**

**निविदा प्रक्रिया:** इच्छुक मकान मालिक/भवन स्वामी GeM पोर्टल (gem.gov.in) पर अपनी यूजर आईडी एवं पासवर्ड से लॉगिन कर ऑनलाइन भाग ले सकते हैं।

**प्री-बिड बैठक** (Pre-Bid Meeting): निविदा से संबंधित किसी भी प्रश्न या सहायता हेतु दिनांक 15.09.2026 को क.रा.बी.नि. क्षेत्रीय कार्यालय (सामान्य शाखा, प्रथम तल, पटना) में प्री-बिड बैठक आयोजित की गई है।

**विस्तृत जानकारी:** निविदा दस्तावेज एवं विस्तृत शर्तों के लिए निगम की आधिकारिक वेबसाइट www.esic.gov.in देखें।

**संपर्क सूत्र:** किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता हेतु श्री रुपेश कुमार, अधीक्षक से मोबाइल नंबर 9968573129 पर संपर्क किया जा सकता है।

हस्ताक्षर/-
क्षेत्रीय निदेशक
क.रा.बी. निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना (बिहार)



**जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू।**

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा पलामू जिला के जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति/सदस्यों एवं मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश सं0 25(रा0)(वि0)/दिनांक 11/08/2026 के द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में मत्स्य प्रसार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजनान्तर्गत निम्नांकित योजनाओं का लाभ लेने हेतु उनसे विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। **जिसके लिए 30/09/2026 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है।**

| क्र0 | योजना का नाम | शीर्ष | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (लाख में) | अनुदान की राशि प्रति इकाई रू0 में। | लाभुक का अंशदान प्रति इकाई रू0 में। | अनुदान एवं लाभुक अंशदान का विवरण। | अहर्त्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | 101 | 30 | 0.5445 (2420/– रू0 प्रति इकाई) | 1815/– रू0 प्रति इकाई | 605/– रू0 प्रति इकाई | स्वीकृत कार्य में प्रति इकाई सरकार का अनुदान 75 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 25 प्रतिशत निहित होगा। | 1. आवेदनकर्त्ता जलाशय केज कल्चर के लाभुक हो। 2. लाभुक द्वारा केजों में वर्तमान में मछली पालन किया जा रहा है तथा लाभुक द्वारा अपना अंशदान लगाने की लिखित सहमति एवं विगत वर्षो का केज में मछली उत्पादन का आकड़ा लिखित रूप में देना अनिवार्य होगा। |
| 2 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन | 101 | 02 | 2.56 (प्रति यूनिट 1. 60 लाख) | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक को अनुदान की राशि 1.28 लाख प्रति एकड़ एवं अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अनुदान की राशि 1.12 लाख प्रति एकड़ देय होगा। | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक को अंशदान की राशि 0.32 लाख प्रति एकड़ एवं अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अंशदान की राशि 0.48 लाख प्रति एकड़ देय होगा। | स्वीकृत कार्य में अनु0ज0ा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 80 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 20 प्रतिशत निहित होगा। एवं अन्य/सामान्य वर्ग लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 70 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 30 प्रतिशत निहित होगा। | 1. तालाब 0.50–1.00एकड़ होना आवश्यक है। 2. तालाब से घर की दूरी 1कि0मी0 के आस–पास हो। 3. तालाब संबंधी स्वच्छता प्रमाण पत्र उपलब्ध हो। 4. अनु0जा0/अनु0ज0जा0 के लाभुको को जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा। 5. तीन दिवसीय या पाँच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त हो। 6. स्थानीय ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा प्रमाणित निजी तालाब धारक होने का प्रमाण एवं तालाब का जीयो–टैग फोटोग्राफ लाभुक के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। |
|  |  | 789 | 01 | 1.28 (प्रति यूनिट 1. 60 लाख) |  |  |  |  |
| 3 | पुरस्कार | 101 | 03 | 0.90 (प्रति यूनिट 0. 30 लाख) | सभी वर्ग के लाभुक को अनुदान की राशि 30000/– रू0 देय होगा। | शेष लाभुक अंशदान होगा। | – | 1. प्रगतिशील मत्स्य मित्रों/मत्स्य बीज उत्पादकों/मत्स्य उत्पादकों/उत्कृष्ट हैचरी संचालक आवेदन कर सकते है। 2. तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त हो। 3. मछली उत्पादन संबंधित विवरणी पूर्ण हो। 4. वित्तीय वर्ष 2026–27 में विभाग से मत्स्य स्पॉन प्राप्त किया हो। 5. आवेदक मत्स्यजीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। 6. आवेदक आवेदन के साथ मत्स्य कार्य का फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा। **नोट :– (चयनोपरान्त पुरस्कार के रूप में 12Paddle Wheel Areator (विभाग द्वारा अनुमोदित अथवा मत्स्य बीज पैकेजिंग हेतु ऑक्सीजन सिलिंडर) (Accessories सहित) का क्रय किया जायेगा। )** |
| 4 | सभी जलक्षेत्र (निजी/बंदोबस्त) के तालाबों/केज/Cemented Tank में मोती पालन एवं प्रत्यक्षण | 101 | 05 | 0.80 (प्रति यूनिट 0. 20 लाख) | अनु0जाति, अनु0ज0जा0 एवं महिला कोटि के लिए अनुदान की राशि 80प्रतिशत प्रतिशत राशि (0.16 लाख) तथा अन्य कोटि के लिए 70 प्रतिशत राशि (0.14लाख) प्रति यूनिट देय होगा। | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक को अंशदान की राशि 0.04 लाख प्रति यूनिट एवं अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अंशदान की राशि 0.06 लाख प्रति यूनिट देय होगा। | स्वीकृत कार्य में अनु0ज0ा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 80 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 20 प्रतिशत निहित होगा एवं अन्य/सामान्य वर्ग लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 70 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 30 प्रतिशत निहित होगा। | 1. लाभुक कम से कम 0.50एकड़ होना आवश्यक है। 2. तालाब से घर की नजदीकी दूरी को प्राथमिकता दी जायेगी। 3. तालाब संबंधी स्वामित्व प्रमाण पत्र उपलब्ध हो। 4. अनु0जा0/अनु0ज0जा0 के लाभुको को जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा। 5. तीन दिवसीय या पाँच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त हो। 6. स्थानीय ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा प्रमाणित निजी तालाब धारक होने का प्रमाण एवं तालाब का जीयो–टैग फोटोग्राफ लाभुक के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। 7. जलाशय केज कल्चर के लाभुक भी आवेदन कर सकते है। |

PR 389594 (District) 26-27 (D)

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

# रेलवे लाइन बांध का 15 मीटर हिस्सा टूटा, कई गांवों में घुसा बाढ़ का पानी

## भागलपुर में कोसी नदी का कहर, ग्रामीणों के बीच अफरा-तफरी का माहौल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** भागलपुर जिले के नवगछिया से एक बेहद चिंताजनक खबर सामने आ रही है, जहां रंगरा चौक प्रखंड के बनिया में कोसी नदी के बढ़ते जलस्तर और तेज बहाव के दबाव से रेलवे लाइन बांध का लगभग 15 मीटर हिस्सा टूट गया है। बीती रात आई तेज आंधी और झमाझम बारिश के बाद जलस्तर में अचानक उछाल आ गया, जिससे बांध पर दबाव बढ़ गया और यह हादसा हो गया। बांध टूटते ही कोसी नदी का पानी अत्यंत तेज रफ्तार से आसपास के इलाकों में फैलने लगा, जिससे स्थानीय ग्रामीणों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पानी का तेज प्रवाह अब साधोपुर, मसूदनपुर, बैसी, भवानीपुर और नवगछिया-बनिया जैसे निचले इलाकों और रिहायशी गांवों की तरफ तेजी से बढ़ रहा है. पानी के इस प्रचंड बहाव ने साधोपुर से बनिया को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के आधे हिस्से को भी पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। रंगरा प्रखंड के मदरौनी और चापर जैसे गांव पहले ही जलमग्न थे, ऐसे में इस बांध के टूटने से पूरे इलाके पर एक बड़ा संकट मंडराने लगा है और ग्रामीणों की चिंताएं चरम पर पहुंच गई हैं. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भागलपुर की जिलाधिकारी अलंकृता पांडे खुद पूरे हालात पर नजर बनाए हुए हैं। जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को तुरंत हरकत में लाते हुए मौके पर तैनात कर दिया गया है। जल संसाधन और रेलवे विभाग के कर्मचारी उफान मारती नदी के बीच ही टूटे हुए हिस्से की मरम्मत और रिस्टोरेशन के काम में जुट गए हैं। हालांकि, पानी का बहाव इतना तेज है कि कर्मियों को कटाव रोधी कार्य करने और रिस्टोरेशन में भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है. फिलहाल प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए गए हैं। स्थानीय बीडीओ प्रियंका कुमारी और प्रशासनिक टीम मौके पर मुस्तैद हैं। स्थानीय निवासी पीयूष राज और मोहम्मद इफ्तेखार ने बताया कि पानी की रफ्तार इतनी तेज है कि कुछ ही घंटों में स्थिति काफी विकराल हो गई है। प्रशासन की सबसे प्राथमिक चुनौती पानी के इस प्रचंड वेग को नियंत्रित कर बांध की जल्द से जल्द मरम्मत करना है, ताकि अन्य आबादी वाले इलाकों को डूबने से बचाया जा सके।

## 13 और 14 सितंबर को अधिकांश जिलों में बारिश की संभावना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 13 और 14 सितंबर को मानसून की सक्रियता में थोड़ा इजाफा देखने को मिलेगा। इस दौरान उत्तर बिहार के समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी और आसपास के जिलों में गरज-चमक के साथ बादल विकसित होंगे। इन दोनों दिनों में रुक-रुक कर हल्की बूंदाबांदी अथवा मध्यम स्तर की बारिश होने का अनुमान है, जिससे उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिलेगी।

**अधिकतम तापमान 35 डिग्री तक रहने का अनुमान**

आगामी दिनों में तापमान में बहुत बड़े बदलाव के संकेत नहीं हैं. वैज्ञानिकों के अनुसार पूर्वानुमानित अवधि में अधिकतम तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जाएगा, जबकि न्यूनतम तापमान 22 से 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहेगा। सुबह के वक्त वातावरण में आर्द्रता का स्तर 80 से 95 प्रतिशत तक रहेगा, जो दोपहर बाद कम होकर 55 से 65 प्रतिशत पर आ जाएगा।

**हवा की रफ्तार 8 से 10 किमी प्रति घंटा**

मौसम विभाग ने बताया है कि इस दौरान क्षेत्र में मुख्य रूप से पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी दिशा से हवाएं चलेंगी. हवा की औसत गति 8 से 10 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है. नमी युक्त पुरवैया हवा चलने से सुबह और शाम के समय मौसम सुहाना रहेगा, लेकिन दोपहर में उमस का अहसास बना रह सकता है।

## मुंगेर से भागलपुर के बीच दुर्गापूजा के बाद वाहनों की आवाजाही शुरू होने की उम्मीद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुंगेर।** मुंगेर-मिर्ज़ा चौकी के बीच बन रहे करीब 124 किलोमीटर लंबे फोरलेन को लेकर अच्छी खबर सामने आई है। परियोजना के पहले चरण में मुंगेर से भागलपुर के बीच सड़क पर दुर्गापूजा के बाद वाहनों की आवाजाही शुरू होने की उम्मीद है। निर्माण एजेंसियां बचे हुए काम को तेजी से पूरा करने में जुटी हैं। मुंगेर के पाटम क्षेत्र में रास्ते में आ रहे हाईटेंशन बिजली के तीन टावरों को शिफ्ट करने का काम शुरू किया गया है। वहीं मुंगेर, बरियारपुर और पाटम के कुछ हिस्सों में सड़क का काम अभी बाकी है। तेलिया तालाब के पास बन रहा ओवरब्रिज भी निर्माण के अंतिम चरण में बताया जा रहा है। बाकी काम को अक्टूबर के तीसरे सप्ताह तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**विक्रमशिला सेतु पर भी कम होगा दबाव**

फोरलेन शुरू होने से मुंगेर और भागलपुर के बीच आवागमन आसान होने के साथ आसपास के प्रमुख मार्गों पर वाहनों का दबाव घटने की उम्मीद है। फिलहाल विक्रमशिला सेतु पर बड़े वाहनों की आवाजाही बंद होने के कारण बड़ी संख्या में वाहन श्रीकृष्ण सेतु की ओर जा रहे हैं। नया फोरलेन चालू होने के बाद इन वाहनों को एक वैकल्पिक और बेहतर मार्ग मिल सकेगा। इससे मुंगेर, भागलपुर और आसपास के इलाकों में जाम की समस्या कम होने की उम्मीद है। निर्माण की मौजूदा स्थिति को देखते हुए पहले चरण में मुंगेर-भागलपुर फोरलेन पर दुर्गापूजा के बाद परिचालन शुरू करने की तैयारी है। हालांकि, अंतिम समयसीमा बचे हुए निर्माण कार्य की प्रगति पर निर्भर करेगी।

## राकेश यादव बनाये गये राष्ट्रीय कार्यकारिणी के विशेष सदस्य

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव को पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विशेष आमंत्रित सदस्य बनाये जाने पर जिले के पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया है। पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव चीकू सिंह रघुवंशी ने श्री यादव को आमंत्रित सदस्य बनाये जाने का स्वागत करते हुए कहा कि यह सम्मान बिहार में पार्टी के प्रति उनके (प्रदेश अध्यक्ष) समर्पण, संघर्ष एवं नेतृत्व का प्रमाण है। इसके लिए प्रदेश कमिटी की ओर से पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और समस्त शीर्ष नेताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के विशेष सदस्य के रुप में प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव के बेहतर नेतृत्व में बिहार में आम आदमी पार्टी का संगठन और अधिक मजबूत एवं सशक्त होगा। इधर ई. सत्येंद्र कुमार,आप के जिलाध्यक्ष गुलाम रब्बानी, अनुसूचित एवं जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिवाकर पासवान, कहलगांव प्रखंड अध्यक्ष ब्रजेश कुमार, गौतम सरकार, विश्वजीत कुमार, पीरपैंती प्रखंड अध्यक्ष चंदन पटेल, पंकज ठाकुर, डब्लू कुमार, ऋषभ कुमार, सागर कुमार, दीपक कुमार,शिवम भारद्वाज, आलोक, रोहित कुमार, राहुल कुमार आदि नेताओं ने खुशी जताई है।

## फरक्का जल संधि पर जदयू का नीतीश संवाद कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मधुबनी।** फरक्का जल संधि पर जन-जागरुकता के लिए आयोजित कार्यक्रम में जदयू द्वारा चलाये जा रहे फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद कार्यक्रम और इसके उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी दी गयी। वक्ताओं ने कहा कि जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा इस कार्यक्रम के तहत गंगा किनारे बसे बिहार के 12 जिलों में संवाद कर रहे हैं. पार्टी के अनुसार, ये जिले बक्सर, भोजपुर, सारण, पटना, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार हैं और फरक्का जल संधि से सबसे अधिक प्रभावित हैं।

**बक्सर से शुरू हुआ अभियान, कटिहार में होगा समापन**

विधायक सुधांशु शेखर ने कहा कि पार्टी के इस जन-जागरुकता अभियान का शुभारंभ 5 सितंबर को बक्सर से हुआ. इसका समापन कटिहार में होगा. उन्होंने कहा कि बिहार में गंगा बक्सर से प्रवेश करती है और कटिहार से निकलती है। उन्होंने कहा कि जदयू का स्पष्ट कहना है कि वर्ष 1996 में भारत और बांग्लादेश के बीच हुई फरक्का जल संधि भारत के, खासकर बिहार के हित में नहीं है. हाल में संसद के मानसून सत्र के दौरान राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने राज्यसभा में इस विषय को उठाया और कहा कि इसका नवीनीकरण नहीं होना चाहिए. अगर कोई संधि होती भी है तो बिहार की वर्ष 2050 तक की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। जिलाध्यक्ष फूले भंडारी ने कहा कि इस जल संधि के कारण बिहार का जल-प्रबंधन बुरी तरह बिगड़ा है और राज्य गंभीर जल-संकट का सामना कर रहा है. उन्होंने कहा कि जब बक्सर के पास गंगा का प्रवाह महज 400 क्यूमेक से 1400 क्यूसेक तक रह जाता है, तब भी फरक्का से बांग्लादेश के लिए 1500 क्यूमेक, लगभग 53 हजार क्यूसेक पानी छोड़ना पड़ता है। उन्होंने दावा किया कि इसका मतलब है कि सिर्फ गंगा ही नहीं, बल्कि बिहार की आंतरिक नदियों से भी पानी खींचकर बांग्लादेश को दिया जा रहा है. जदयू का कहना है कि यह सीधे तौर पर बिहार की हकमारी है। जदयू नेताओं ने कहा कि बिहार और केंद्र की तत्कालीन सरकार में बैठे लोगों ने बिहार के हितों की बलि चढ़ा दी. उनके अनुसार, ऐसा करते समय यह नहीं सोचा गया कि इससे बिहार के किसानों की सिंचाई, लोगों का पेयजल, उद्योगों की पानी की जरूरत, लाखों लोगों की आजीविका और राज्य के युवाओं का भविष्य प्रभावित हो सकता है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुरू से कहते रहे हैं कि फरक्का बराज और फरक्का जल संधि से बिहार को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जन-जागरुकता अभियान के तहत जदयू की ओर से कहा गया कि एक ओर फरक्का बराज के कारण गंगा में भारी गाद जमा होने से नदी का तल ऊंचा हो गया है, जिसके कारण उत्तर बिहार को हर साल बाढ़ का सामना करना पड़ता है. वहीं दूसरी ओर फरक्का जल संधि के कारण शुष्क मौसम में बिहार के हिस्से का पानी बांग्लादेश को देना पड़ता है और बिहार के कई जिलों में सूखे तक की स्थिति हो जाती है।

## बाढ़ पीड़ितों से मिले पप्पू यादव, दी आर्थिक सहायता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पूर्णिया।** पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने शुक्रवार को खरीक प्रखंड के राघोपुर गांव के वार्ड संख्या 8 और 9 में पहुंचकर बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बाढ़ से घिरे ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और 100 से अधिक महिलाओं को अपनी ओर से नगद आर्थिक सहायता दी। राघोपुर में पूरा गांव बाढ़ के पानी से घिरा हुआ है। वहीं खैरपुर और अतगामा के समीप बांध पर भी बाढ़ का दबाव बना हुआ है। पप्पू यादव ने लोदीपुर निवासी बादल मंडल और सिकंदर मंडल के परिजनों से मुलाकात की और दोनों परिवारों को 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। इसके बाद वे गोराडीह प्रखंड के कोयली खुटाहा गांव के वार्ड संख्या 3 पहुंचे. यहां पानी में डूबने से पांच लोगों की मौत के बाद उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। मृतकों में मुकेश साह की पत्नी मंथो देवी, 13 वर्षीय पुत्री सोनाक्षी कुमारी, 10 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार, 8 वर्षीय पुत्र अक्षय कुमार और कपिलदेव साह की 17 वर्षीय पुत्री अंशु कुमारी शामिल हैं. सांसद ने पीड़ित परिवार को अपनी ओर से 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। साथ ही मृतकों के परिजनों को कम से कम पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की। सांसद ने सिकंदर मंडल की नाव डूबने का मामला भी उठाया. उन्होंने कहा कि सिकंदर मंडल ने करीब 70 लाख रुपये खर्च कर, यहां तक कि जमीन बेचकर नाव बनवाई थी। बाढ़ में नाव डूब जाने के बाद उन्हें संबंधित संवेदक की ओर से अब तक कोई सहायता नहीं मिली है। उन्होंने नाव बर्बाद होने वाले लोगों को भी उचित आर्थिक सहायता देने की मांग की। पप्पू यादव ने करीब 15 दिनों से लापता बादल मंडल के परिजनों से मुलाकात का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि गंगा में डूबने के बाद अब तक बादल मंडल का शव बरामद नहीं हुआ है। सांसद ने परिजनों को तत्काल 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। पप्पू यादव ने कहा कि इंजीनियर कुमार शैलेंद्र, जो बिहपुर विधायक और पथ निर्माण मंत्री हैं, तथा शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल, जो गोपालपुर विधायक और ऊर्जा मंत्री हैं, दोनों का घर-परिवार इसी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भी इसी क्षेत्र से आते हैं, इसके बावजूद बाढ़ पीड़ित परिवारों को पर्याप्त सरकारी सहायता नहीं मिल रही है। सांसद ने सवाल उठाया कि यदि सरकार के पास पैसा है तो पीड़ित परिवारों को तत्काल 50 हजार रुपये की सहायता क्यों नहीं दी जा रही है. उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत और आर्थिक मदद देने में तेजी लाने की मांग की। पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि एंटी-इरोजन और फ्लड फाइटिंग के नाम पर वर्षों से सरकारी राशि खर्च की जा रही है, लेकिन इसका वास्तविक लाभ गरीबों तक नहीं पहुंच रहा है. उन्होंने कहा कि ठेकेदार, पदाधिकारी और नेता मिलकर जनता के पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं।

## भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र में आज कुछ हथियार बंद अपराधियों ने दिनदहाड़े भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के श्रीनारायण नगर मंडल अध्यक्ष उमा भूषण तांती की गोली मारकर हत्या कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र के कुतुबगंज बाजार निवासी भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमा भूषण तांती (52 वर्ष) आज अपने घर के पास सड़क पर कुछ लोगों से बातचीत कर रहे थे, तभी मोटरसाइकिल सवार आये दो-तीन अपराधियों ने उसे गोली मारी और भाग गये।

जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों के सहयोग से भाजपा नेता को गंभीर हालत में भागलपुर के जवाहरलाल नेहरु चिकित्सा महाविद्यालय-अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या के कारणों का तत्काल पता नहीं चल पाया है। इस घटना में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष के भांजे का हाथ बताया जा रहा है।

वैसे पुलिस की जांच में इस घटना के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो पायेगी। इस बीच मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के वरीय अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर कई बिन्दुओं पर मामले की छानबीन की और अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को दिया। पुलिस ने इस सिलसिले में अज्ञात लोगों के विरुद्ध एक प्राथमिकी दर्ज कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न हिस्सों में छापेमारी शुरु कर दी है।

इधर भागलपुर के भाजपा विधायक रोहित पांडेय, जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार सहित पार्टी के कई नेताओं ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद मृत भाजपा नेता के परिजनों से मिले। भाजपा नेताओं ने इस घटना की कड़ी निन्दा करते हुए इसमें शामिल सभी अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग पुलिस के वरीय अधिकारियों से की है।

## डीडीसी ने की उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उप विकास आयुक्त, भागलपुर राकेश रवि ने आज यहां उद्योग विभाग द्वारा जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में शुक्रवार को श्री रवि ने जिला उद्योग केन्द्र द्वारा जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं, यथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं मुख्यमंत्री उद्यमी योजना आदि के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के क्रम में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया और भागलपुर जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक को निर्देशित किया कि संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित कर ऋण स्वीकृति एवं ऋण वितरण की संख्या में अपेक्षित वृद्धि लाना सुनिश्चित करें। मौके पर जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक के अलावे जिले के सभी उधोग विस्तार अधिकारी भी उपस्थित थे।

## दिव्यांगों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला बुनियाद केंद्र सहित बलिया, तेघड़ा और बखरी अनुमंडल केंद्रों पर दिव्यांगजनों के लिए आपदा बचाव पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ।जिसमें 150 दिव्यांगों ने भाग लिया।प्रशिक्षण में वज्रपात, आगजनी, बाढ़, डूबने, सर्पदंश जैसी आपदाओं से बचाव, सुरक्षित निकासी, परिवार की सुरक्षा, सीपीआर का डेमो और प्राथमिक उपचार की व्यावहारिक जानकारी दी गई। बताया गया कि आपदा में घबराने के बजाय धैर्य से सुरक्षित स्थान पर पहुंचना और संसाधनों का सही उपयोग जरूरी है। प्रतिभागियों ने कहा कि प्रशिक्षण से आत्मविश्वास बढ़ा, वे खुद की सुरक्षा के साथ दूसरों की मदद भी कर सकेंगे।

## सुकांत मंडल ने जनसंपर्क अधिकारी का पदभार संभाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**भागलपुर।** सुकांत मंडल ने आज पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) के रूप में पदभार ग्रहण किया है। श्री मंडल मालदा रेलमंडल और मीडिया जगत के बीच प्रभावी समन्वय एवं संचार सुनिश्चित करने के साथ-साथ इस मंडल की विभिन्न यात्री सुविधाओं, विकासात्मक पहलों, उपलब्धियों एवं अन्य गतिविधियों से संबंधित सूचनाओं के प्रभावी प्रसार का कार्य करेंगे। अपने अनुभव एवं पेशेवर दृष्टिकोण के साथ नये जनसंपर्क अधिकारी से मालदा रेल मंडल की संचार व्यवस्था एवं जनसंपर्क गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने की अपेक्षा है। इधर बिहार एवं झारखंड के मीडिया प्रतिनिधियों ने नये जनसंपर्क अधिकारी का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि मंडल रेल प्रशासन और मीडिया के बीच के संबंध और प्रगाढ़ होंगे।

## लंबित ट्रैफिक चालानों के निपटारे के लिए लगेगा विशेष शिविर

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी 12 सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर लंबित ट्रैफिक चालानों के निपटारे हेतु प्रेक्षागृह में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में आम नागरिकों की सुविधा के लिए कई काउंटर बनाए गए हैं, जहाँ लंबित ट्रैफिक चालानों से संबंधित मामलों का ससमय निष्पादन किया जाएगा। इसको लेकर जिलाधिकारी कौशल कुमार ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम नागरिकों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शिविर में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लंबित मामलों का त्वरित, सरल एवं सुविधाजनक तरीके से निपटारा संभव है, जिससे आम लोगों को राहत मिलेगी।


**मालदा मंडल में एम-यूटीएस सहायक की नियुक्ति**

**सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों, सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों के जीवनसाथी/वयस्क बच्चों और आम जनता के लिए**

**सूचना संख्या : सीओएम/एम-यूटीएस/सहायक-2026/एमएलडीटी तारीख: 10.09.2026**

**यह रेलवे की नौकरी नहीं है, यह एक एजेंट जैसा है।**
**बोनस की रकम अपने आप ही अग्रिम टिकट जमा खाते में जुड़ जाएगी।**

एम-यूटीएस डिवाइस के ज़रिए दिनांक 30.06.2027 तक अनारक्षित काग़ज़ टिकट जारी करने के लिए एम-यूटीएस सहायक के तौर पर काम करने के लिए **सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों, सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों के जीवनसाथी/वयस्क बच्चों और आम जनता** से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। **क्र.सं.; स्टेशन** और **आवश्यक एम-यूटीएस** सहायकों की संख्या निम्नानुसार हैं: 1; मालदा टाउन (एमएलडीटी): 12 (बारह)। 2; भागलपुर (बीजीपी): 12 (बारह)। 3; जमालपुर (जेएमपी): 09 (नौ)। 4; न्यू फरक्का (एनएफके) : 06 (छह)। ऊपर बताई गई जगहों पर एम-यूटीएस सहायक के रूप में काम करने को इच्छुक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी और/या उनके जीवनसाथी/वयस्क बच्चे और 18 साल से ज़्यादा आयु के आम लोग नियुक्ति के लिए सामान्य शर्तें, आवेदन प्रपत्र, पात्रता मानदंड, कार्यकाल, चयन प्रक्रिया और कामकाज आदि की जानकारी वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं और उसे **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा डीआरएम बिल्डिंग, झलझलिया, मालदा-732102 के कार्यालय** में जमा कर सकते हैं।

रेलवे प्रशासन बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों को स्थगित करने/बदलने या रद्द करने या किसी भी आवेदन को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मालदा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



Skill India

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजन कार्यालय, पलामू**

**PM Apprenticeship Mela सूचना दिनांक 15.09.2026**

"Apprenticeship Act 1961" के तहत Regular and Contractual सहित 30 एवं 30 से अधिक कामगारों वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा 2.5–15 प्रतिशत बैण्ड में अप्रैन्टिस रखना अनिवार्य है। एक्ट का अनुपालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों के लिए दण्ड का भी प्रावधान है।

MSDE भारत सरकार एवं श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, अन्तर्गत जिला नियोजनालय, पलामू द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज में **दिनांक–15.09.2026 (दिन–सोमवार)** को **PM Apprenticeship Mela** का आयोजन 10:00 बजे पूर्वाह्न में आयोजित किया जा रहा है।

उपर्युक्त PMNAM में एक्ट के अन्तर्गत आने वाले राज्य के निबंधित MSME/Manufacturing Sector/Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान/उपक्रम यथा–होटल/ रेस्टोरेंट/शॉपिंग मॉल/ हॉस्पिटल/कोचिंग सेंटर/ऑथोराईज्ड सर्विस सेंटर/बैंक इत्यादि भाग लेकर अपना पंजीकरन करा सकते हैं एवं Apprentices का चयन कर सकते हैं।

उपर्युक्त मेले में एक्ट के अन्तर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठानों एवं तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0/डिप्लोमा/इंजीनियरिंग/Short Term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नातक आदि) का **अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov. in** पर पंजीयन कराया जायेगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसों का चयन किया जायेगा।

अतः एक्ट के अन्तर्गत आने वाले पलामू जिलान्तर्गत सभी प्रतिष्ठान अप्रेन्टिसशिप Vacancy के साथ मेले में भाग लेना सुनिश्चित करें, एंव छात्रों/प्रशिक्षणार्थियों से अपील किया जाता है कि मेले में भाग लेकर योजना का सम्पूर्ण लाभ उठायें।

नोटः– PM Apprenticeship Mela की विस्तृत जानकारी हेतु **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज** एवं **जिला नियोजन कार्यालय, पलामू** से प्राप्त की जा सकती है।

**जिला नियोजन पदाधिकारी–सह–**
**सहायक शिक्षु सलाहकार (AAA),पलामू**

PR 389584 (District)26-27*D



**झारखण्ड सरकार**
**अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची**

**कार्यालय, उप निदेशक, कल्याण, पलामू प्रमण्डल मेदिनीनगर।**
**(वित्तीय वर्ष 2026–27)**

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा उप निदेशक, कल्याण, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर अन्तर्गत संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्रों में वित्तीय वर्ष 2026–27 में शास्त्रीय एवं पेटेंट औषधियों/अन्य सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदा निम्न शर्त्तों एवं सरकारी नियमों के तहत आमंत्रित किया जाता है। आपूर्तिकर्त्ता, जो औषधि आपूर्ति करने में रूचि रखते हों एवं बनाये गये नियमों के अधीन निर्धारित शर्त्तों का पालन करते हों, वैसे आपूर्तिकर्त्ता दिनांक 29.09.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक उप निदेशक, कल्याण, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर के कार्यालय में स्वयं या डाक के माध्यम से निविदा भेज सकते हैं। निविदा दिनांक 30.09.2026 को 01:00 बजे अपराह्न में खोली जायेगी। निविदा खोलते समय निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगें। निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। औषध की सूची अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्य दिवस के दिनों में प्राप्त की जा सकती है।

निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**उप निदेशक, कल्याण,**
**पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

PR 389609 District(26-27).D


CMYK

# बैंककर्मियों की हड़ताल से दो हजार करोड़ का कारोबार प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर शुक्रवार को जिले में बैंक कर्मचारियों की एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। हड़ताल के कारण विभिन्न बैंकों की शाखाओं में सामान्य कामकाज प्रभावित रहा। अपनी मांगों के समर्थन में बैंककर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। शहर में बैंक कर्मचारी एसबीआई पीबीबी के समीप एकत्र हुए। यहां से कर्मचारियों ने मार्च करते हुए पीएनबी सर्किल कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके बाद एसबीआई और पीएनबी समेत विभिन्न बैंकों के कर्मचारी एकजुट होकर रमेश चौक तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान बैंककर्मियों ने पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि उनकी मांगों को लगातार लंबित रखा जा रहा है। सरकार और बैंक प्रबंधन को कर्मचारियों की जायज मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन





के मंडल सचिव रवि कुमार ने कहा कि पांच दिवसीय बैंकिंग बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रमुख मांग है। जब भारतीय रिजर्व बैंक और नाबार्ड में पांच दिवसीय कार्य प्रणाली लागू है तो वाणिज्यिक बैंकों में इसे लागू करने में देरी क्यों की जा रही है। मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार, कर्मचारी यूनियन के राज कुमार, अभिषेक चंद्र सिंह, केनरा बैंक के प्रिंस कुमार और भारतीय स्टेट बैंक के पिंटू कुमार ने भी संबोधित किया। प्रदर्शन में शामिल प्रदर्शन में क्षेत्रीय सचिव प्रिंस गौरव, सर्किल डेलीगेट सुमित सिंह, लेखाकार देव भूषण, पीबीबी शाखा प्रबंधक दीपक कुमार, पीबीबी शाखा प्रबंधक अमित कुमार, सिमरा के सेवा प्रबंधक राजीव कुमार ने कहा कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उन्होंने 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी है। इस दौरान पीएनबी शाखा प्रबंधक मनीष कुमार, राज कुमार, आशुतोष कुमार, संत कुमार, प्रियंका कुमारी, पूनम कुमारी, शक्तिमा, एसबीआई से प्रिंस कुमार, मनोज कुमार, केनरा बैंक से प्रिंस कुमार, बैंक ऑफ़ इंडिया से राजू कुमार सहित अन्य मौजूद रहे। इधर, पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने, पीएलआई में भेदभाव समाप्त करने समेत अन्य मांगों को लेकर शुक्रवार को ज्वाइंट फोरम के बैनर तले इंटक के नेतृत्व में बैंककर्मियों ने औरंगाबाद बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्र सरकार एवं वित्त मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बैंककर्मियों ने अपनी मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की। हड़ताल के कारण औरंगाबाद एवं अरवल जिले के ग्रामीण बैंकों के साथ-साथ विभिन्न बैंकों की शाखाओं में भी कामकाज प्रभावित रहा। प्रदर्शनकारियों के अनुसार जिले में बैंक शाखाओं के बंद रहने से करीब दो हजार करोड़ रुपये का कारोबार प्रभावित हुआ है। प्रदर्शन में अभिमन्यु कुमार, आशीर्वाद पांडेय, अभिषेक साहू, प्रवीण कुमार, हेमंत कुमार, सुनील कुमार, शशिकांत कुमार, अभिषेक कुमार, बिट्टू कुमार, किरण कुमारी, ऋषभ, मुन्ना जी सहित बड़ी संख्या में बैंककर्मी एवं संगठन के नेता मौजूद रहे।

# औरंगाबाद में 33 पंचायतों को बाल श्रम मुक्त करने का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार राज्य बाल श्रम आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में बाल श्रम उन्मूलन से संबंधित बैठक जिला अतिथि गृह के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले को बाल श्रम से मुक्त कराने हेतु विभागवार कार्रवाई एवं कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास को प्रभावित करता है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य, संरक्षण एवं सुरक्षित बचपन का अधिकार है। अतः बाल श्रम के



उन्मूलन हेतु सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को जिले में बाल श्रमिकों के लिए विशेष अभियान संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान विभिन्न स्थलों पर होल्डिंग एवं बैनर के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजनों को बाल श्रम के दुष्परिणामों एवं इससे संबंधित विधिक प्रावधानों के प्रति जागरूक किया जाए। साथ ही 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से श्रम कराए जाने की स्थिति में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए ऐसे बच्चों का विमोचन सुनिश्चित किया जाए। आयोग के उपाध्यक्ष ने बताया कि औरंगाबाद जिले की 33 पंचायतों को बाल श्रम मुक्त पंचायत के रूप में विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए संबंधित पंचायतों में विशेष अभियान चलाते हुए बाल श्रम की स्थिति का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित प्रक्रिया के तहत संबंधित पंचायतों को बाल श्रम मुक्त घोषित किए जाने की कार्रवाई पंचायत के मुखिया एवं सरपंच की सहमति के उपरांत की जाएगी। इसी उद्देश्य से एक माह तक विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन का उद्देश्य केवल बच्चों को श्रम से मुक्त कराना नहीं बल्कि उनके सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य का निर्माण सुनिश्चित करना है। बैठक में सहायक श्रमायुक्त प्रियंका, श्रम अधीक्षक अंजू कुमारी, सभी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विभिन्न मामलों में आरोपित 22 अभियुक्त गये जेल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गयी कार्रवाई के क्रम में 54 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 22 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में 11, मद्य निषेध अधिनियम के तहत तीन तथा अन्य मामलों में 40 लोगों की गिरफ्तारी की गई। वहीं 15 लीटर देसी शराब, एक ट्रक एवं 120 टन कोयला बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1046 वाहनों की जांच की गई जिसमें 22500 रुपये शमन की राशि वसूल की गई। वहीं 26 वारंटों एवं 2 कुर्की का निष्पादन किया गया है।

## सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' की समीक्षा हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे। औरंगाबाद से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी एवं निदेशक, डीआरडीए द्वारा बैठक में भाग लिया गया। बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक परिसंपत्तियों के सुदृढ़ीकरण, अनुरक्षण तथा जनसुविधाओं के उन्नयन के उद्देश्य से 17 सितंबर



2026 से 31 मार्च 2027 तक 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत पूर्व से अवस्थित परिसंपत्तियों की मरम्मति, सुदृढ़ीकरण एवं आवश्यक जनसुविधाओं को क्रियाशील करने के साथ-साथ आवश्यकता के अनुसार नई आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा कल्याण, ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, पंचायती राज तथा नगर विकास एवं आवास विभाग के बीच समन्वय एवं अभिसरण के माध्यम से कार्य किया जाएगा। बैठक में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला एवं राज्य स्तरीय अनुश्रवण समितियों की नियमित बैठक आयोजित करने तथा ग्रामीण एवं नगरीय-दोनों क्षेत्रों में योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

## हथियारों के बल पर सीएसपी संचालक से डेढ़ लाख की लूट, पिस्तौल के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के तमसी गेट के पास शुक्रवार को दोपहर घात लगाये बदमाशों ने हथियार के बल पर सीएसपी संचालक से 1.50 लाख रूपये लूट लिया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल दो बदमाशों को पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही लूट का रुपये और एक लैपटॉप बरामद किया है। जानकारी के अनुसार एक कार और बाइक सवार बदमाश पहले से तमसी गेट के समीप घात लगाये बैठे थे। इसी क्रम में कासिमपुर गांव के सीएसपी संचालक अनोखी कुमार उस जगह पर पहुंचे तभी बदमाशों ने हथियार के बल पर 1.50 लाख रुपये और लैपटॉप लूट लिया। घटना को अंजाम देने के बाद हथियार लहराते हुए तीन बाइक और कार सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन की और त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य की तलाश जारी है। इस संबंध में सीएसपी संचालक अनोखी कुमार ने अभियुक्तों के खिलाफ थाना में आवेदन दिया है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। इनके पास से लूट का 1.50 लाख रुपये और एक लैपटॉप तथा पिस्तौल बरामद किया गया है। फिलहाल मामले में अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है।

# अवैध कोयला लदे चार ट्रक जब्त, 48 लाख का जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अवैध खनन और खनन सामग्रियों के गैर कानूनी परिवहन पर नकेल कसने के लिए खनन विभाग ने चौतरफा कार्रवाई शुरू की है। इस क्रम में खनन विभाग ने जिले के दो अलग-अलग स्थानों से अवैध कोयला लदे चार ट्रकों को जब्त किया है। साथ ही चार चालकों को गिरफ्तार किया है। मामले में संबंधित वाहन मालिकों के खिलाफ करीब 48 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई खान एवं भूतत्व विभाग के सहायक निदेशक विकास कुमार के निर्देश पर प्रशिक्षु जिला खनन पदाधिकारी अंकित कुमार के नेतृत्व में की गई है। शुक्रवार को खान निरीक्षक कुमार प्रत्युष के नेतृत्व में बारून थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 से अवैध कोयला लदा दो ट्रकों को जब्त कर, दो चालकों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए चालकों की पहचान झारखंड के लातेहार जिला अंतर्गत नगड़ा बालूमाथ निवासी अनिल कुमार यादव एवं हेमपुर गांव निवासी उपेंद्र कुमार यादव के रूप में की गई है। वहीं इसके अलावा खान निरीक्षक मिथुन कुमार के नेतृत्व में रिसियप थाना अंतर्गत कार्रवाई के फलस्वरूप दो अवैध कोयला लदा ट्रकों को जब्त किया गया है और दो चालकों को गिरफ्तार किया गया है जिनकी पहचान आजान (मदनपुर) थाना क्षेत्र के झुकटीयां गांव निवासी अवधेश लाल एवं कैमूर जिले के बंगढ़ी गांव निवासी उपेंद्र कुमार के रूप में की गई है। खान एवं भूतत्व विभाग के सहायक निदेशक विकास कुमार ने बताया कि अवैध कोयला लदा सभी ट्रकों को रुकवाकर कागजातों की मांग की, तो संबंधित चालकों ने कोई भी वैध दस्तावेज दिखाने में असमर्थ रहे। इस दौरान सभी ट्रकों पर अवैध कोयला पाया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह कोयला झारखंड की खदानों से अवैध तरीके से खनन कर लाया गया था और इसे बिहार के विभिन्न बाजारों में ऊंचे दामों पर बेचने की योजना थी। वहीं मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। जरूरी दस्तावेजी प्रक्रिया के बाद संबंधित थानों को सभी वाहनों तथा चालकों को सौंप दिया गया है।

## डीएम-एसपी ने इवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा द्वारा प्रखण्ड परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की पूरी प्रक्रिया विभिन्न मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की भौतिक उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई। इस दौरान वेयरहाउस के सील, लॉगबुक और सुरक्षा इंतजामों का गहन सत्यापन किया गया। विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का नियमित निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है ताकि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, विश्वसनीयता एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## अपर समाहर्ता ने जनता दरबार में सुनीं लोगों की शिकायतें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभा कक्ष में सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता जयप्रकाश नारायण द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर समाहर्ता द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

# गांव-गांव तक पहुंचेगा जनभागीदारी का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक देश भर में सेवा संकल्प अभियान चलाएगी। शुक्रवार को भाजपा विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर की शाम सात बजे मंदिरों, संस्थानों और कार्यालयों में 'आशीर्वाद का दीया' जलाया जाएगा। देशभर में करीब 1.25 करोड़ लाभार्थियों से दीप जलाकर प्रधानमंत्री को आशीर्वाद देने की अपील की गई है। केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले लोगों



को कार्यक्रम से जोड़ने की जिम्मेदारी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को दी जाएगी। प्रत्येक जिले में करीब दस सामूहिक स्थलों पर दीप प्रज्ज्वलन कराया जाएगा। श्री सिंह ने बताया कि पूरे अभियान के दौरान 13 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य परीक्षण और स्वच्छता अभियान के अलावा स्कूलों में चित्रांकन प्रतियोगिता, आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन सेवा और कहानी बदलाव के तहत 25 प्रेरक कहानियों का संग्रह शामिल है। सात अक्टूबर को 'सेवा ज्योति यात्रा' निकाली जाएगी। महिलाओं की ओर से रंगोली कार्यक्रम, सेवा सेतु अभियान, सेवा इनोवेशन और जनसेवक महाकुंभ भी आयोजित होंगे। भाजपा ने अभियान के दौरान देश के करीब 25 करोड़ परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य तय किया है।

## टिकट जांच अभियान में तीन लाख से अधिक की वसूली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में यात्रियों द्वारा उचित टिकट के साथ यात्रा सुनिश्चित करने तथा टिकट संबंधी नियमों के अनुपालन को लेकर आज सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। रफीगंज और जपला स्टेशनों पर किलेबंदी कर टिकट जांच की गई जबकि गया जंक्शन पर मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। रफीगंज स्टेशन पर किलेबंदी कर की गई टिकट जांच के दौरान कुल 197 मामले पकड़े गए। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 1,19,885 राजस्व के रूप में अर्जित किया गया। इसी क्रम में जपला स्टेशन पर चलाए गए टिकट जांच अभियान में कुल 135 मामले पकड़े गए तथा 98,495 राजस्व के रूप में अर्जित किया गया। वहीं गया जंक्शन पर आयोजित मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग के दौरान कुल 137 मामले पकड़े गए। इन मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 93,795 राजस्व के रूप में अर्जित किया गया। इस प्रकार 11 सितंबर को रफीगंज, जपला एवं गया में चलाए गए टिकट जांच अभियानों में कुल 469 मामले पकड़े गए तथा 3,12,175 राजस्व के रूप में अर्जित किया गया। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की कि वे बिना टिकट या बिना उचित प्राधिकार के यात्रा न करें।

## धावा नदी में डूबने से युवक की मौत

**रफीगंज(नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड के मोहनपुर गांव में धावा नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहनपुर गांव निवासी स्वर्गीय रामदेव भुईया के 38 वर्षीय बेटे जुगेश रिकियासन के रूप में हुई है। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रमेश चौहान ने बताया कि जुगेश शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे मजदूरी करने के लिए गुलाब बिगहा गए थे। शाम को नदी पार करते समय वह तेज बहाव की चपेट में आ गए और डूब गए। ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें नदी से बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि राजेश पासवान, पंचायत समिति सदस्य हस्सान सिद्दीकी, जिला बीस सूत्री सदस्य ख्वाजा अतीक रज्जा और बबलू सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों के लिए उचित मुआवजा राशि की मांग की।




# फरक्का जल संधि पर पुनर्विचार करे केन्द्र सरकार : जदयू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** फरक्का जल संधि बिहार के हित में नहीं है और इस मुद्दे पर व्यापक जनजागरूकता जरूरी है। इसको लेकर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के नेतृत्व में गंगा किनार बसे 12 जिलों में संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पार्टी के अनुसार ये जिले फरक्का जल संधि के प्रभाव से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं। अभियान की शुरुआत 5 सितंबर को बक्सर से हुई है जबकि इसका समापन कटिहार में होगा। यह बातें जदयू जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने कही। वे शुक्रवार को रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिहार में गंगा बक्सर से प्रवेश करती है और कटिहार से निकलती है। वर्ष 1996 में भारत-बांग्लादेश के बीच हुई फरक्का



जल संधि को लेकर जदयू का स्पष्ट मत है कि इसका बिहार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में संसद के मानसून सत्र के दौरान राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने राज्यसभा में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और संधि के नवीनीकरण का विरोध किया। उन्होंने मांग की कि यदि भविष्य में कोई समझौता होता है तो उसमें वर्ष 2050 तक बिहार की जल संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लंबे समय से फरक्का बराज और जल संधि के कारण बिहार को होने वाले नुकसान का मुद्दा उठाते रहे हैं। पार्टी के अनुसार फरक्का बराज के कारण गंगा में गाद जमा होने से नदी का तल ऊंचा हुआ है जिससे उत्तर बिहार में हर वर्ष बाढ़ की समस्या गंभीर होती है। वहीं शुष्क मौसम में पानी की कमी के कारण बिहार के कई क्षेत्रों में सूखे जैसी स्थिति भी उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि यह अभियान किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि बिहार के जनहित और राज्य के अधिकारों से जुड़ा मुद्दा है। पार्टी बिहार की आवाज को केंद्र तक पहुंचाना चाहती है ताकि गंगा और जल प्रबंधन से जुड़े सवाल राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनें और फरक्का जल संधि पर गंभीरता से पुनर्विचार हो। प्रेस वार्ता में रामानुज सिंह, जितेंद्र चंद्रवंशी, रवि सिंह राजपूत एवं मुकेश पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269